आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹121171/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹147990/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹161545/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, शनिवार 28 फरवरी 2026




# दिल्ली शराब घोटाले पर बड़ा फैसला, केजरीवाल समेत 23 बरी, कोर्ट ने कहा- कोई साक्ष्य नहीं

*दिल्ली की एक अदालत ने आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित 21 अन्य लोगों को शराब नीति मामले में बरी कर दिया। विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने सीबीआई की कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए कहा आरोपों को तभी माना जाएगा जब उनके साथ ठोस और पर्याप्त सबूत मौजूद हों, जो इस मामले में जांच एजेंसी द्वारा प्रस्तुत नहीं किए जा सके इसलिए प्रथम दृष्टया आरोपियों के खिलाफ कोई मामला नहीं बनता। कोर्ट से बरी होने के बाद आम आदमी पार्टी ने जहां इसे ईमानदारी की जीत बताया, वहीं भाजपा ने कहा अभी कानूनी प्रक्रिया समाप्त नहीं हुई है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सीबीआई ने दिल्ली की अदालत द्वारा दिए गए निर्णय के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में अपील दायर की है। अपना फैसला सुनाते हुए अदालत ने कहा कि उसे यह मानने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि रिकॉर्ड में रखी गई जानकारी से किसी भी आरोपी के खिलाफ प्रथम दृष्टया भी कोई मामला नहीं बनता, और न ही कोई गंभीर शक है। अदालत ने सीबीआई से नाराजगी जताते हुए कहा कि उसका मामला न्यायिक समीक्षा में खरा उतरने में पूरी तरह विफल रहा। इसलिए, आरोपी संख्या 1 से 23 को इस मामले में उनके खिलाफ लगाए गए सभी ▶▶| शेष पेज 8 पर

## आप ने कहा- ईमानदारी की जीत, फैसले के बाद रो पड़े अरविंद

### कोर्ट ने कहा- मामला न्यायिक जांच में खरा नहीं उतरा

*कोर्ट ने शराब नीति मामले में सिसोदिया और केजरीवाल समेत अन्य आरोपियों को बरी करते हुए कहा कि सीबीआई द्वारा प्रस्तुत मामला न्यायिक जांच में खरा नहीं उतरा है। इसी तरह केजरीवाल और सिसोदिया की ओर से किसी भी आपराधिक इरादे का संकेत देने वाला कोई सबूत नहीं मिला है। कोर्ट ने कहा कि जब दस्तावेजों को रिकॉर्ड पर मौजूद बयानों के साथ पढ़ा गया, तो वे किसी भी गलत काम के बजाय प्रशासनिक विचार-विमर्श को दर्शाते हैं।*



### सत्य की हमेशा जीत होती है: केजरीवाल

केजरीवाल ने अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सत्य की हमेशा जीत होती है और अगर भाजपा सचमुच सत्ता चाहती थी, तो उसे इस मामले में उन्हें जेल भेजने के बजाय लोगों का विश्वास जीतने के लिए काम करना चाहिए था। न्याय दिलाने वाले न्यायाधीश का मैं बहुत आभारी हूं। हमें न्याय प्रणाली पर भरोसा है। भगवान हमारे साथ हैं। सत्य की जीत हुई।



### मोदी और शाह पर लगाया आरोप

केजरीवाल ने भावुक स्वर में आरोप लगाया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने मेरे खिलाफ साजिश रची है। उन्होंने मुझे मुख्यमंत्री रहते हुए 6 महीने ▶▶| शेष पेज 8 पर

### सीबीआई की जांच पर उठाए सवाल

कोर्ट ने शराब नीति मामले में सीबीआई की जांच पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने कहा कि कुछ बयान और राय जांच रिकॉर्ड में क्यों ▶▶| शेष पेज 8 पर

## सियासी गलियारे से आ रहीं प्रतिक्रियाएं

### 'कानूनी प्रक्रिया अभी खत्म नहीं

*भाजपा सांसद और प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कानूनी प्रक्रिया अभी खत्म नहीं हुई है। अदालत ने सबूतों के अभाव में उन्हें बरी कर दिया है। यह एक तकनीकी मुद्दा है। पार्टी फैसले का विस्तार से अध्ययन करने के बाद एक सुनियोजित जवाब देगी।*

### 'वाशिंग मशीन से निकाला : कांग्रेस

*कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने दावा किया कि भाजपा गुजरात और पंजाब के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर आप के प्रमुख को 'नहला-धुलाकर और वाशिंग मशीन से निकालकर' पेश कर रही है। भाजपा कांग्रेस को हराने के लिए अपना रूप बदलती रहती है।*

### राजद नेता ने भाजपा को घेरा

*राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा संस्थाओं का केंद्र सरकार दुरुपयोग कर रही है। सिर्फ केजरीवाल ही नहीं, चाहे राहुल गांधी हों, लालू यादव हों या हमारा पूरा परिवार शुरू से ही भाजपा के राजनीतिक प्रतिरोध का शिकार होता रहा है। हमें न्यायालय पर विश्वास है।*

सरगवां द पैलेस रिसॉर्ट में होगा आयोजन

# हरिभूमि -आईएनएच का जिला संवाद आज



**प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी करेंगे जिले के विकास कार्यों, और समस्याओं पर चर्चा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर जिले के विकास में कारगर योजनाओं, विकास कार्यों और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा एवं मंथन के लिए हरिभूमि आईएनएच द्वारा जिला संवाद का आयोजन 28 फरवरी को किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी प्रदेश ▶▶| शेष पेज 8 पर

खास खबर

### समाजसेवियों का सम्मान

*इस कार्यक्रम में समाज के लिए बेहतर कार्य करने वाले सामजसेवियों, कवियों व अन्य विशिष्ट जन को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में एमआरएम हॉस्पिटल के संचालक नरेंद्र सिंह टुटेजा, महावीर हॉस्पिटल के संचालक डॉ. सुधांशु किरण, एसआरएस हॉस्पिटल के संचालक हर्षप्रीत सिंह टुटेजा, समाज सेवक अभय साहू, श्योर स्माइल डेंटल हॉस्पिटल के संचालक अनुज दुबे,* ▶▶| शेष पेज 8 पर

# रांग साइड से आ रहे ट्रेलर ने स्कार्पियो को उछाला, चार की मौत, छाया मातम

**संकरी के आगे संबलपुरी के पास हुआ हादसा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

पेंड्रीडीह से सकरी के बीच सम्बलपुरी के पास गुरुवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसे ने चार लोगों की मौत हो गई । शादी की सालगिरह मनाने निकले परिवार की खुशियां मातम में बदल गई। हादसा उस समय हुआ जब स्कार्पियो सवार परिवार वापस लौट रहा था और रांग साइड से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने उनकी स्कॉर्पियो को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है, ▶▶| शेष पेज 8पर





### मृतकों की हो चुकी है पहचान

बताया जा रहा है कि हादसे में भिलाई निवासी प्रकाश रात्रे पिता मनसाराम रात्रे बुरी तरह से घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं ट्रेलर की चपेट में आने के बाद गांव कुआं जरौंधा तखतपुर निवासी छत्रपाल रात्रे 37 पिता बालाराम रात्रे, बिरगहनी ▶▶| शेष पेज 8 पर

### हिरासत में चालक

ट्रेलर चालक हिरासत में सूचना पर पुलिस पहुंची थी, इस दौरान स्कार्पियो में फंसे लोगों को निकाला गया है और अस्पतला ले जाया गया है। पुलिस ने ट्रेलर के चालक को हिरासत में ले लिया है।
**विजय चौधरी**, टीआई, सकरी थाना

### हाईवे में लगा जाम

*हादसे में एक बार फिर नेशनल हाइवे पर तेज रफ्तार और रांग साइड से भारी वाहन की गंभीर लापरवाही सामने आ चुकी है। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई थी। बताया जा रहा है कि ट्रेलर रांग साइड से आ रहा था और चालक भी नशे में था। जिसके चलते तेज टक्कर से स्कार्पियो के परखचे उड़ गए हैं। गाड़ी चला रहा विशाल पुरी तरह से दब चुका था। पुलिस और बचाव टीम ने 2 घंटे की मशक्कत के बाद लोगों को बाहर निकाला। वहीं ट्रेलर के चालक हादसे के बाद भागने के फिराक में था, जिसे आसपास के लोगों ने धर दबोचा है।*




अपने परिवार के लिए सुनिश्चित कीजिए

एलआईसी का जीवन लक्ष्य
Plan No.:733 UIN No: 512N297V03

आपके परिवार के लिए एक सुनिश्चित भविष्य की योजना.

मुख्य विशेषताएं :
- न्यूनतम बीमा राशि: ₹2,00,000
- अधिकतम बीमा राशि: कोई सीमा नहीं
- उम्र संबंधी पात्रता: 18 से 50 वर्ष
- परिपक्वता की अधिकतम उम्र: 65 वर्ष
- पॉलिसी अवधि: 13 से 25 वर्ष
- प्रीमियम भुगतान अवधि: पॉलिसी की अवधि से 3 वर्ष कम
- परिपक्वता हितलाभ: बीमा राशि + बोनस
- मृत्यू पर मिलने वाली राशि: वार्षिक आय हितलाभ तथा परिपक्वता पर बीमा राशि का अंतिम भुगतान + बोनस
- वैकल्पिक राइडर्स: 1) एलआईसी का एक्सिडेंटल डेथ और डिसेबिलिटी बेनिफिट राइडर 2) एलआईसी का एक्सिडेंट बेनिफिट राइडर 3) एलआईसी का न्यू टर्म एश्योरेन्स राइडर

एक असहभागी, असंबद्ध, जीवन, व्यक्तिगत, बचत प्लान

हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'
अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें /www.licindia.in पर विज़िट करें
डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827
हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
LIC/P1/2025 – 2026/33/Hin

धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. **बिक्री समापन से पूर्व अधिक जानकारी या जोखिम घटकों, नियम और शर्तों के लिए बिक्री पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़े.**




# शिक्षक व व्याख्याता के 5000 पदों पर व्यापम अक्टूबर नवंबर में लेगा परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में शिक्षक, सहायक शिक्षक व व्याख्याता के पांच हजार पदों के लिए होने वाली भर्ती परीक्षा के लिए व्यापम द्वारा संभावित तिथि की घोषणा कर दी गई है। जारी की गई तिथियों के अनुसार, सहायक शिक्षक की परीक्षा 11 अक्टूबर, शिक्षक की परीक्षा 25 अक्टूबर तथा व्याख्याता की परीक्षा 29 नवंबर 2026 को संभावित है। ये परीक्षाएं व्यापम की आरक्षित तिथियों में आयोजित की जाएंगी। व्यापम द्वारा 2025 से वार्षिक कैलेंडर जारी किया जा रहा है। इसमें वर्षभर होने वाली भर्ती परीक्षाओं व प्रवेश परीक्षाओं की आवेदन तिथि, त्रुटि सुधार तिथि, परीक्षा तिथि सहित अन्य विस्तृत ब्यौरे रहते हैं। व्यापम ने कुछ तिथियां उन परीक्षाओं के लिए आरक्षित की थी, जिनके लिए विभाग ▶▶| शेष पेज 8 पर

खास खबर

### सुदृढ़ होगी शिक्षा व्यवस्था

सीएम विष्णु देव साय ने कहा, 5000 शिक्षकों की भर्ती से युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इसके साथ-साथ शिक्षा व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिश्रम, लगन और आत्मविश्वास के साथ किया गया प्रयास निश्चित रूप से सफलता दिलाता है। युवा प्रदेश के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और शिक्षा के माध्यम से नई पीढ़ी को सशक्त बनाने में योगदान देंगे। गौरतलब है, शिक्षकों के पांच हजार पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना पूर्व में ही जारी कर दी गई थी, लेकिन परीक्षा तिथि की घोषणा नहीं हुई थी। परीक्षा तिथि के लगभग दो माह पूर्व आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ किए जाने संभावना है।

छत्तीसगढ़ शासन

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25 वर्षों का उत्सव वर्षों का संकल्प



# किसान हितैषी विष्णु सरकार

## वृहद किसान सम्मेलन

दो साल में विभिन्न योजनाओं के तहत किसानों के खाते में **₹1.50 लाख करोड़** से अधिक की राशि अंतरित

- **33,431 करोड़ रूपए** समर्थन मूल्य का भुगतान
- **3100 रूपए** प्रति क्विंटल की दर से राज्य के किसानों से प्रति एकड़ **21 क्विंटल धान खरीदी**
- वर्ष 2025-26 में **141.04 लाख मीट्रिक टन** की धान खरीदी
- **11,000 रूपए** प्रति एकड़ की दर से दलहन, तिलहन,मक्का,कपास, कोदो-कुटकी-रागी पर भी इनपुट सब्सिडी

जीएसटी 2.0 लागू होने से **कृषि उपकरण** हुए सस्ते

**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि** दो साल में 26 लाख किसानों को **₹10,784 करोड़** वितरित

रबी सीज़न 2023-24 से 2025-26 के बीच

| खाद की खपत | खाद सब्सिडी |
|---|---|
| 41,84,850 मीट्रिक टन | ₹7593.22 करोड़ |

## कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि वितरण समारोह

सभी 146 विकासखण्डों में आयोजन

25.28 लाख किसानों के खातों में

# ₹10,324 करोड़

की आदान सहायता राशि होगी वितरित

### बजट 2026-27 में कृषि क्षेत्र के लिए विशेष प्रावधान

- **₹600 करोड़** दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना
- **₹5,500 करोड़** विद्युत पम्पों हेतु बिजली सब्सिडी
- **₹820 करोड़** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
- **₹250 करोड़** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय को अनुदान
- **₹170 करोड़** उद्यानिकी विश्वविद्यालय
- **₹170 करोड़** एकीकृत वाटर शेड प्रबंधन कार्यक्रम
- **₹150 करोड़** एकीकृत बागवानी विकास मिशन

**28 फरवरी 2026**

खेल मैदान रहंगी, बिल्हा, जिला-बिलासपुर



**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

बिलासपुर
शनिवार 28 फरवरी 2026
फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वादशी
वर्ष : 25, अंक : 337
पृष्ठ : 12+8 =20, मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 34.3
न्यून. 19.3

haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

# गरियाबंद में 26 साल पहले पांव पसारने वाले नक्सलियों का आतंक खत्म, पर घोषणा बाकी

गोरेलाल सिन्हा ▸▸| गरियाबंद

नक्सल प्रभावित जिलों की कहानी 7


करीब दो दशकों तक माओवादी हिंसा, मुठभेड़ और एंबुश की घटनाओं से जूझने वाला गरियाबंद जिला अब नक्सल मुक्त हो चुका है, लेकिन इसकी घोषणा होना बाकी है। जिला पुलिस का दावा है कि यहां सक्रिय सभी नक्सली या तो मारे जा चुके हैं या आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौट आए हैं। हालांकि शासन के आधिकारिक रिकॉर्ड में जिला अब भी नक्सल-प्रभावित के रूप में दर्ज है और अंतिम घोषणा शासन स्तर पर होना शेष है। हालांकि सीमावर्ती ओडिशा में सक्रिय नक्सली संगठन पर पुलिस की नजर है क्योंकि गरियाबंद जिले का एक बड़ा एरिया ओडिशा से सटा हुआ है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार जिले में सक्रिय सेंट्रल कमेटी मेंबर बालकृष्ण और चलपति सहित कई हार्डकोर नक्सली मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं, जबकि एरिया कमेटी के सदस्य आत्मसमर्पण कर चुके हैं। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों की निशानदेही पर जंगलों में छिपाकर रखे गए हथियारों का बड़ा जखीरा भी बरामद किया गया है। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि इससे जिले में नक्सली नेटवर्क पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। हाल ही में 45 लाख रुपए के इनामी 9 हार्डकोर माओवादियों ने, जिसमें 6 पुरुष और 3 महिला शामिल हैं, उन्होंने हथियारों ▸▸| शेष पेज 8 पर

## अब ओडिशा से लगे इलाकों पर नजर

### नक्सल संगठन का सफाया हो गया है

गरियाबंद जिले में सक्रिय नक्सली संगठन का पूरी तरह से सफाया हो चुका है। सक्रिय नक्सली संगठन के सभी नक्सली या तो मारे जा चुके हैं या आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौट आए हैं। सीमावर्ती ओडिशा राज्य के बॉर्डर एरिया में नक्सलियों पर पुलिस की नजर रहेगी।

\- वेदव्रत सिरमौर
पुलिस अधीक्षक, गरियाबंद



### 2006 से शुरू हुआ था लाल आतंक

साल 2006 में माओवादियों की आमद के साथ गरियाबंद लाल आतंक की चपेट में आ गया था। उदंती-सीतानदी, नगरी, उदंती, एसडीके और सीनापाली जैसी पांच क्षेत्रीय समितियां यहां सक्रिय थीं। वर्ष 2011 में एंबुश विस्फोट में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश पवार सहित 9 जवानों की शहादत जिले की सबसे बड़ी घटना रही, जिसने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया था। वर्ष 2025 में भालूडीगी मुठभेड़ के बाद नक्सली समितियों का विलय और आत्मसमर्पण की प्रक्रिया तेज हुई। नवंबर 2025 में उदंती समिति के आत्मसमर्पण के साथ ही शेष सक्रिय माओवादी भी सामने आ गए। अब तक जिले में 28 माओवादी मुठभेड़ों में मारे गए, जबकि पीछा अभियानों में 3 अन्य ढेर किए गए। इस प्रकार कुल 33 माओवादियों का अंत हुआ है।

### संयुक्त अभियानों ने तोड़ी कमर

जिला पुलिस, ई-30 टीम, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, विशेष कार्य बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और कोबरा बटालियन के संयुक्त अभियानों ने माओवादी ढांचे को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत इनाम राशि, आवास, इलाज और रोजगार जैसी सुविधाओं ने भी माओवादियों को हिंसा का रास्ता छोड़ने के लिए प्रेरित किया।

### ओडिशा डिविजन पर रहेगी नजर

हालांकि गरियाबंद में सक्रिय नक्सली संगठन खत्म हो चुके हैं, लेकिन पुलिस की नजर अब ओडिशा डिविजन कमेटी पर टिकी है। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि ओडिशा में सक्रिय अधिकांश नक्सली बस्तर क्षेत्र से जुड़े रहे हैं और पूर्व में इस रूट का उपयोग आवाजाही के लिए किया जा चुका है। इसी कारण बॉर्डर एरिया में पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स की सतत निगरानी जारी है। करीब 20 वर्षों तक लाल आतंक झेलने के बाद अब गरियाबंद अमन, सुरक्षा और विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। जिले के जंगलों में शांति लौट आई है, लेकिन आधिकारिक रूप से नक्सल-मुक्त घोषित होने का इंतजार अभी बाकी है।

## पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से अनिश्चितता की स्थिति

# भारतीय शेयर बाजार में हाहाकार! एक झटके में निवेशकों को हुआ पांच लाख करोड़ का नुकसान

एजेंसी ▸▸| मुंबई

शेयर बाजार में शुक्रवार को भारी गिरावट के कारण निवेशकों की संपत्ति में 4.98 लाख करोड़ रुपये की कमी आई। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और वैश्विक स्तर पर बढ़ते जोखिमों के बीच वैश्विक बाजारों में कमजोरी के कारण सेंसेक्स में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स 961.42 अंक यानी 1.17 प्रतिशत गिरकर 81,287.19 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसमें 1,089.46 अंक तक की गिरावट आई थी। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण एक ही दिन में 4,98,603.42 करोड़ रुपये घटकर 4,63,50,671.27 करोड़ रुपये (5.10 हजार अरब डॉलर) पर आ गया।

### बाजार पूंजीकरण घटकर 4,63,50,671.27 करोड़ रुपये हुआ

**खास बातें**

- डॉलर के मुकाबले रुपया 8 पैसे कमजोर होकर 90 .99 पर बंद हुआ
- बीएसई के सिर्फ छह स्टॉक्स बढ़े, 24 में आई गिरावट
- एयरटेल, इंडिगो और मारुति में सबसे ज़्यादा गिरावट
- आईटी, मीडिया और ऑयल एंड गैस सेक्टर्स रहे पॉजिटिव



### लगभग 2,475 शेयर नीचे हैं

शेयर बाजार में 4,144 स्टॉक्स में से 1,483 बढ़ रहे हैं और 2,475 गिर रहे हैं। 186 शेयर्स में कोई बदलाव नहीं हुआ है। 83 शेयर्स 52-हफ़्ते के हाई पर ट्रेड कर रहे हैं, जबकि 256 52-हफ़्ते के लो पर हैं। 140 शेयर अपर सर्किट में और 132 लोअर सर्किट में हैं।

**इन स्टॉक्स में सबसे ज़्यादा गिरावट देखी गई**

रेनेसां ग्लोबल 11 परसेंट गिरकर रुपए 130 से नीचे आ गया। क्रेडिटएक्सेस ग्रामीण और विशाल मेगा मार्ट में भी 7 परसेंट की गिरावट देखी गई। करूर वैश्य बैंक के शेयर 5% गिरे। टाटा कम्युनिकेशंस के शेयर 4% से ज़्यादा गिरे। ग्लोबल स्टॉक मार्केट में तेज गिरावट देखी गई है। यूएस, एस एंड पी 500 और यूरोपियन मार्केट में कमजोरी देखी गई है। टेक-हैवी एशियाई मार्केट भी एनएएसडीएक्यू की कमजोरी को फॉलो करते हुए भारतीय मार्केट पर दबाव डाल रहे हैं।

### विदेशी इन्वेस्टर्स कर रहे लगातार बिकवाली

*विदेशी इन्वेस्टर्स लगातार बिकवाली कर रहे हैं। गुरुवार को, विदेशी इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स ने लगभग 3,465.99 करोड़ बेचे, जिससे स्टॉक मार्केट और कमजोर हो गया। इंडिया वीआईएक्स, या फियर इंडेक्स, लगभग 3% बढ़कर 13.44 पर पहुँच गया, जिससे मार्केट का डर और बढ़ गया। हैवीवेट स्टॉक्स में भी गिरावट देखी गई। बीएसई पर एयरटेल और इंडिगो जैसे स्टॉक्स में तेज गिरावट ने मार्केट का दबाव और बढ़ा दिया।*

### पश्चिम एशिया में जियोपॉलिटिकल तनाव और तेल की कीमतें

*इस समय बाजारों के लिए दूसरी बड़ी चिंता किसी भी डिप्लोमैटिक ब्रेकडाउन का जोखिम है जो मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ा सकता है। सभी की नजरें ईरान-यूएस बातचीत पर हैं। बड़ी चिंता यह है कि बातचीत टूटने का सीधा असर कच्चे तेल की कीमत पर पड़ सकता है। ब्रेंट क्रूड की कीमतें फिलहाल 71 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर स्थिर हैं, जबकि न्यूयॉर्क मेक्सिको इंडेक्स (न्यू मेक्सिको इंडेक्स) क्रूड 65 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर कारोबार कर रहा है।*

### आईटी सेक्टर में एआई की रुकावट का डर

*टेक सेक्टर में पिछले दो सेशन में थोड़ी स्थिरता देखी गई है। हालांकि, दुनिया भर में एआई की वजह से रुकावट का डर मार्केट के लिए एक बड़ी चिंता बनी हुई है। एनविडिया के तेजी के अनुमानों के बावजूद, भारी एआई खर्च के मुनाफे पर शक ने निवेशकों को सावधान रखा और मार्केट में रिस्क लेने की क्षमता पर असर डाला।*

### पाकिस्तान-अफगानिस्तान टकराव

*पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बढ़ता तनाव निश्चित रूप से बाजारों के लिए एक बड़ा सेंटिमेंट खराब करने वाला काम कर रहा है क्योंकि इससे अनिश्चितता की भावना पैदा हो रही है। तालिबान के पाकिस्तानी ठिकानों पर जवाबी हमले करने के बाद पाकिस्तानी और अफगान सेनाओं के बीच टकराव हुआ। चीन ने भी पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर तनाव बढ़ने पर चिंता जताई है।*

# शर्मा बने बलौदाबाजार भाटापारा कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



■ 11 आईएएस के तबादले का आदेश जारी

राज्य शासन ने आईएएस अधिकारियों के तबादले की सूची जारी की है। जारी आदेश में जीएडी ने राज्य प्रशासनिक सेवा और अलायड सर्विस के पदोन्नत आईएएस अधिकारियों को नई पदस्थापना दी गई है। वहीं बलौदाबाजार में कलेक्टर के पद पर कुलदीप शर्मा को पदस्थ किया गया है। जारी आदेश में जिन अधिकारियों को नई पदस्थापना दी गई है उनमें डॉ. सीआर प्रसन्ना सचिव सहकारिता तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव राज्यपाल को ▸▸| शेष पेज 8 पर




**सरकार ने जारी किए आंकड़े**

# भारत की अर्थव्यवस्था का नया रिकॉर्ड! तीसरी तिमाही में जीडीपी बढ़कर 7.8% पहुंची

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

नई सीरीज़ के लेटेस्ट डेटा के मुताबिक, फाइनेंशियल ईयर 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में भारत की इकॉनमी 7.8 परसेंट बढ़ी। यह रेट पिछले साल इसी तिमाही में दर्ज 7.4 परसेंट से ज़्यादा है, जो इकॉनमिक एक्टिविटी में बढ़ोतरी दिखाता है। मिनिस्ट्री ऑफ़ स्टैटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन ने शुक्रवार को 2022-23 को बेस ईयर मानकर नेशनल अकाउंट्स की नई सीरीज़ जारी की। यह फॉर्मली 2011-12 पर आधारित पुरानी सीरीज़ की जगह लेगी।

### बढ़ी हुई डिमांड और इन्वेस्टमेंट एक्टिविटी से सपोर्ट मिला

त्योहारों के मौसम में बढ़ी डिमांड और बेहतर इन्वेस्टमेंट एक्टिविटी से इकॉनमी को बढ़ावा मिला। सरकारी कैपिटल खर्च और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का भी अच्छा असर पड़ा। सरकार ने कहा कि नई सीरीज़ से इकॉनमी की असली हालत का ज़्यादा सही अंदाज़ा लगाया जा सकेगा।

# अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर रोक

एजेंसी ▸▸| प्रयागराज/वाराणसी

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बटुकों के कथित यौन शोषण मामले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की गिरफ्तारी पर शुक्रवार को रोक लगा दी और कहा कि निर्णय आने तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार सिन्हा ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की ओर से दायर अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। अदालत ने राज्य सरकार एवं मुकदमा के वादी आशुतोष पांडेय को इस मामले में अपने जवाब ▸▸| शेष पेज 8 पर



### बच्चे हमारे यहां नहीं रहे : अविमुक्तेश्वरानंद

वाराणसी में अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा, ''न्यायालय में हमारे अधिवक्ताओं ने कहा कि यह बच्चे हमारे यहां रहे ही नहीं। बच्चे भी कह रहे कि वे हमारे यहां नहीं बल्कि जोशी मठ में रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''यह मुकदमा झूठा बनाया गया है।

### याचिका सीधे हाईकोर्ट में दायर की गई : राज्य सरकार

वहीं, दूसरी ओर राज्य सरकार की ओर से अग्रिम जमानत की याचिका की पोषणीयता पर यह कहते हुए सवाल किया गया कि अग्रिम जमानत याचिका सत्र अदालत में दायर करने के बजाय सीधे उच्च न्यायालय में दायर की गई है।

### फंसाया गया : वकील

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के अधिवक्ता दिलीप गुप्ता ने कहा कि शिकायतकर्ता आशुतोष पांडेय काई आपराधिक मामलो में लिप्त रहे हैं और याचिकाकर्ता को राज्य सरकार के इशारे पर इस मामले में झूठा फंसाया गया है।




## भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता का निधन

**अलीगढ़/नोएडा।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का शुक्रवार तड़के लंबी बीमारी के बाद ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में निधन हो गया। सिंह 58 वर्ष के थे और कैंसर से पीड़ित थे। अलीगढ़ में गैस सिलेंडर आपूर्ति का काम करने वाले सिंह ने तमाम अभावों के बावजूद रिंकू के क्रिकेटर बनने के सपने को पूरा करने में हरसंभव मदद की। पिता की गंभीर हालत होने के कारण रिंकू को टी20 विश्वकप को बीच में छोड़कर यहां लौटना पड़ा था।

## सजा सुनाने वाले जज को दोषियों ने दी धमकी

**बिजनौर।** बिजनौर जिले की एक अदालत के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (चतुर्थ) निजेन्द्र कुमार ने जयदीप और पिंटू चौहान को 19 मई 2024 को धामपुर क्षेत्र के मटौरा दुर्ग गांव में पुखराज को कार से कुचलकर उसकी हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सजा सुनाए जाने के तुरंत बाद दोषियों ने न्यायाधीश को धमकी देते हुए कहा कि वे जानते हैं कि वह कहां रहते हैं और उन्हें नहीं छोड़ेंगे।



## चिंतन

# हाई-प्रोफाइल मामलों में सीबीआई जांच पर सवाल

हाई-प्रोफाइल मामलों में केंद्रीय जांच एजेंसियों की भूमिका हमेशा से जनचर्चा और राजनीतिक बहस का केंद्र रही है। जब जांच किसी मौजूदा या पूर्व मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर रहे व्यक्तियों के खिलाफ हो, तब जांच एजेंसी की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। ऐसे मामलों में हर कदम कानून की कसौटी पर परखा जाता है और जरा सी चूक एजेंसी की साख पर गहरा असर डाल सकती है। हालिया फैसलों ने एक बार फिर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई केस में बरी किया जाना एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। स्पेशल जज जितेंद्र सिंह ने यह कहते हुए आरोप तय करने से इनकार कर दिया कि अभियोजन पक्ष पर्याप्त और ठोस सबूत पेश करने में विफल रहा। अदालत की टिप्पणी कि साजिश का सिद्धांत अनुमान पर आधारित था, जांच एजेंसी की तैयारी और तथ्यों के संकलन पर सीधा प्रश्नचिह्न लगाती है। सीबीआई ने इस फैसले के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया है, किंतु निचली अदालत में मिली इस असफलता ने उसकी पेशेवर विश्वसनीयता को चुनौती दी है। इसी तरह, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पूर्व हरियाणा मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को पंचकूला प्लॉट पुनः आवंटन मामले में बड़ी राहत देते हुए सीबीआई के आरोपों को खारिज कर दिया। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि रिकॉर्ड पर उपलब्ध सामग्री से प्रथम दृष्टया अपराध का मामला नहीं बनता और आगे की कार्रवाई अदालत की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगी। यह टिप्पणी न केवल मामले की कानूनी स्थिति को स्पष्ट करती है, बल्कि जांच एजेंसी की विवेचना पद्धति पर भी सवाल खड़े करती है। इन दोनों मामलों की पृष्ठभूमि और राजनीतिक संदर्भ भिन्न हो सकते हैं, लेकिन एक समान तत्व उभरकर सामने आता है हाई-प्रोफाइल मामलों में जांच की गुणवत्ता और निष्पक्षता को लेकर संदेह। जब किसी मामले में 20 से अधिक आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की जाती है और अदालत आरोप तय करने से ही इनकार कर देती है तो यह केवल तकनीकी चूक नहीं मानी जा सकती। यह संकेत है कि या तो सबूतों का पर्याप्त परीक्षण नहीं हुआ या फिर जांच की दिशा ही कमजोर आधार पर खड़ी थी। किसी भी मुख्यमंत्री चाहे वह सत्तारूढ़ दल से हो या विपक्ष से, गिरफ्तारी अत्यंत गंभीर कदम है। यह कदम तभी उठाया जाना चाहिए, जब जांच एजेंसी के पास पुख्ता और अदालत में टिक सकने वाले प्रमाण हों। अन्यथा, गिरफ्तारी स्वयं में राजनीतिक विवाद का कारण बन जाती है और एजेंसी की निष्पक्षता पर प्रश्न उठते हैं। हाई-प्रोफाइल मामलों में विफलता का एक और आयाम है राजनीतिक ध्रुवीकरण। जब अदालतें आरोपों को खारिज करती हैं, तो विपक्ष को यह कहने का अवसर मिल जाता है कि जांच राजनीतिक प्रेरणा से की गई थी। दूसरी ओर, सत्तारूढ़ पक्ष एजेंसी की कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ कदम बताता है। इस खींचतान में सबसे अधिक क्षति न्याय व्यवस्था और जांच एजेंसी की साख को होती है। सीबीआई देश की प्रमुख जांच एजेंसी है और उससे अपेक्षा की जाती है कि वह पेशेवर दक्षता, पारदर्शिता और कानूनी मजबूती के साथ काम करे। जांच अधिकारियों के प्रशिक्षण, साक्ष्य संकलन की वैज्ञानिक पद्धति और अभियोजन पक्ष के साथ बेहतर समन्वय जैसे पहलुओं पर गंभीरता से ध्यान देना होगा।



## विवादित पाठ
प्रमोद भार्गव

# न्यायपालिका के साथ विधायिका व कार्यपालिका भी जवाबदेह बनें

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद् (एनसीईआरटी) की पाठ्य पुस्तकों में धर्म, इतिहास और प्राचीन भारतीय विज्ञान व ज्ञान परंपरा से संबंधित यदि कोई पाठ जोड़ा जाता है, तो वह अक्सर विवाद का कारण बनता है। यहां तक कि लोकसभा में हंगामा होता है और बदली गई पाठों वाली पुस्तकें जलाई जाती हैं। अब एनसीईआरटी ने कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पाठ्य पुस्तक में एक नया पाठ जोड़कर 'आ बैल मुझे मार' वाली कहावत को चरितार्थ कर किया है। इस पाठ के जरिए अब विद्यालयों में विद्यार्थियों को कम उम्र से ही न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार और लंबित मामलों के साथ-साथ वास्तविक चुनौतियों से भी परिचित कराया जाएगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश की अदालतों में खूब भ्रष्टाचार है। कुछ समय पहले ही एक न्यायाधीश के निवास पर करोड़ों रुपये मिलने के बाद उन पर महाभियोग चलाने की बात भी उठी थी, लेकिन मामला ठंडे बस्ते में है। शायद इसीलिए इस पाठ में जवाबदेही के साथ महाभियोग प्रक्रिया का भी ज्ञान दिया गया है। क्या इससे भी बदतर स्थिति कार्यपालिका और विधायिका में नहीं है? यदि इस पाठ में संविधान के इन स्तंभों को भी जोड़ दिया जाता तो शायद यह पहल निर्विवादित रहती? लेकिन ऐसा न करके एनसीईआरटी में बेवजह एक नए विवाद को आमंत्रित कर दिया है। हालांकि, वकीलों द्वारा आपत्ति जताई जाने और सर्वोच्च न्यायालय के संज्ञान में ले लिए जाने के बाद इस पुस्तक पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। न्यायपालिका ने इसे न्यायपालिका को सुनियोजित ढंग से बदनाम करने की साजिश माना है। न्यायालयों में पर्यापत भ्रष्टाचार है, लेकिन बिना किसी साक्ष्य के उस पर बात करना उचित नहीं है। जहां तक न्यायालयों में लंबित मुकदमों और न्यायाधीशों की कमी की बात है तो अदालतें स्वयं ही आंकड़े प्रस्तुत करती रहती हैं। इन कमियों को सामने लाना न्यायपालिका की पारदर्शिता को जताता है। विधायिका में तो कई सांसद और विधायक सदन में सवाल पूछने की रिश्वत लेते समाचार चैनलों द्वारा रंगे हाथ पकड़े गए हैं। ऐसे में यदि कार्यपालिका और विधायिका को भी इस पाठ में सम्मिलित कर दिया जाता तो विद्यार्थियों को यह पता चलता कि लोकतंत्र के तीनों स्तंभ भ्रष्टाचार से किस हद तक प्रभावित हो रहे हैं। इसी तरह पंचायत पदाधिकारियों और राजस्व मामलों का निराकरण राजस्व न्यायालयों में न होने के कारण न्यायालयों में प्रकरणों की संख्या बढ़ रही है। जीवन बीमा, दुर्घटना बीमा और बिजली बिलों का विभाग स्तर पर नहीं निपटना भी अदालतों पर बोझ बढ़ा रहे हैं। कई प्रांतों के भू-राजस्व कानून विसंगतिपूर्ण हैं। इनमें नाजायज कब्जे को वैध ठहराने के उपाय हैं। जबकि जिस व्यक्ति के पास दस्तावेजी साक्ष्य हैं, वह भटकता रहता है। इन विसंगतिपूर्ण धाराओं का विलोपीकरण करके अवैध कब्जों से संबंधित मामलों से निजात पाई जा सकती है, लेकिन नौकरशाही ऐसे कानूनों का वजूद बने रहना चाहती है, क्योंकि इनके बने रहने पर ही इनके रौब-रुतबा और पौ-बारह सुनिश्चित हैं। अलबत्ता आज भी ब्रिटिश परंपरा के अनुसार अनेक न्यायाधीष ग्रीष्म ऋतु में छुट्टियों पर चले जाते हैं। सरकारी नौकरियों में जब से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान हुआ है, तब से हरेक विभाग में महिलाकर्मियों की संख्या बढ़ी है। इन महिलाओं को 26 माह के प्रसूति अवकाश के साथ दो बच्चों की 18 साल की उम्र तक के लिए दो वर्ष का 'बाल सुरक्षा अवकाश' भी दिया जाता है। अदालत से लेकर अन्य सरकारी विभागों में मामलों के लंबित होने में ये अवकाश एक बड़ा कारण बन रहे हैं। इधर, कुछ समय से लोगों के मन में यह भ्रम भी पैठ कर गया है कि न्यायपालिका से डंडा चलवाकर विधायिका और कार्यपालिका से छोटे से छोटा काम भी कराया जा सकता है। इस कारण न्यायालयों में जनहित याचिकाएं बढ़ रही हैं, जो न्यायालय के बुनियादी कामों को प्रभावित कर रही हैं। सरकारी नौकरी में आर्थिक सुरक्षा और प्रतिष्ठा निर्मित हो जाने से बौद्धिक योग्यता और पद प्रतिष्ठा की एक नई संस्कृति पनपी है। यदि कोई युवक या युवती सिविल जज बन जाता है, तो वे सिविज जज से ही शादी करने लग गए हैं। शादी के बाद दपंत्ति की अलग-अलग जगह पद्स्थापना इन्हें मिलने में रोड़ा बनती है, अतएव ये लोग किसी न किसी बहाने छुट्टी लेकर एक-दूसरे से मिलने चले जाते हैं। ये नई संस्कृति अदालतों में काम का बोझ बढ़ाने का नया कारण बन गई है। अतएव, इस तरह के बिंदु नए पाठ में शामिल कर दिए जाते तो विद्यार्थियों को अदालतों में व्याप्त भ्रष्टाचार और मुकदमों की बढ़ती संख्या की व्यापक जानकारी मिलती।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## कूटनीति
अरविंद जयतिलक

# भारत-इजराइल संबंधों का सुनहरा अध्याय

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल यात्रा न सिर्फ दोनों देशों के ऐतिहासिक एवं सभ्यतागत संबंधों में मिठास घोलने वाली है बल्कि इस यात्रा के ढेर सारे कूटनीतिक, रणनीतिक और सामरिक मायने भी हैं। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने मजबूत रिश्ते की पैरोकारी करते हुए आपसी कारोबार व सामरिक लक्ष्य को हासिल करने के निमित्त तकनीक एआई, स्टार्ट अप, क्रिटिकल और इमरजिंग टेक्नोलॉजी, डिफेंस, इकोनॉमी, कृषि और अनुसंधान समेत कुल 16 करारों और सहमति पत्रों पर मुहर लगाई है। अब दोनों देशों के प्रतिरक्षा और आर्थिक संबंधों को मजबूती मिलेगी तथा दोनों देश आतंकवाद और दहशतगर्दी के खिलाफ हर चुनौती से निपटने को तैयार हैं।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल यात्रा न सिर्फ दोनों देशों के ऐतिहासिक एवं सभ्यतागत संबंधों में मिठास घोलने वाली है बल्कि इस यात्रा के ढेर सारे कूटनीतिक, रणनीतिक और सामरिक मायने भी हैं। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने मजबूत रिश्ते की पैरोकारी करते हुए आपसी कारोबार व सामरिक लक्ष्य को हासिल करने के निमित्त तकनीक एआई, स्टार्ट अप, क्रिटिकल और इमरजिंग टेक्नोलॉजी, डिफेंस, इकोनॉमी, कृषि और अनुसंधान समेत कुल 16 करारों और सहमति पत्रों पर मुहर लगाई है।

दोनों देशों ने विज्ञान और तकनीक पर मौजूद जॉइंट कमिशन को मंत्रीस्तरीय दर्जे तक ले जाने के निर्णय के साथ ही भारत में इजराइल की मदद से चल रहे 43 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को विस्तार देकर 100 करने पर भी हामी भरी है। इजराइल की मदद से भारत में एग्रीकल्चर इनोवेशन सेंटर फॉर एग्रीकल्चर की स्थापना का भी निर्णय लिया है। दोनों देश एफटीए यानि (मुक्त व्यापार समझौता) पर आगे बढ़ते हुए दूसरे दौर की बातचीत मई माह में करने जा रहे हैं। इस यात्रा में पहले दौर की बातचीत का चरण पूरा हो चुका है। उल्लेखनीय है कि दोनों देशों ने एफटीए के टर्म्स और रेफरेंस को लेकर गत वर्ष नवंबर माह में हस्ताक्षर कर चुके हैं। गौर करें तो दोनों देशों का आपसी कारोबार वित्त वर्ष 2024-25 में तकरीबन 3.62 बिलियन डॉलर का था और अब अगर एफटीए मूर्त रूप लेता है तो दोनों देशों के कारोबार में कई गुना वृद्धि होगी। अच्छी बात है कि अब भारत का यूपीआइ पेमेंट सिस्टम इजराइल में भी चलेगा। दोनों देशों के बीच भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमइसी) और आईटूयूटू (भारत-इजराइल-यूएई-अमेरिका समूह) के तहत सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति बनी है। साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री मोदी ने दो टूक कहा है कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति और स्थिरता भारत के हित जुड़े हैं इसलिए हम आतंकवाद और इसके समर्थकों का विरोध करते रहेंगे।

दोनों देशों ने बढ़ते कट्टरपंथ और आतंकवाद से निपटने के लिए आपसी कंधा जोड़ने की जरूरत पर बल दिया है। गौर करें तो 2018 और उससे पहले 2002 में दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ द्विपक्षीय समझौते को आकार देते हुए आतंकवाद-रोधी संयुक्त कार्यदल का गठन किया था। आज वह कार्यबल, सूचनाओं के आदान-प्रदान से लेकर आतंकवाद की भयावहता से निपटने की तकनीक को सीखने में भरपूर मददगार साबित हो रहा है। बहरहाल आतंकवाद से जूझ रहे इन दोनों देशों की परिस्थितियां भिन्न-भिन्न हैं, लेकिन समस्या एक जैसी है। जहां भारत पड़ोसी देश पाकिस्तान के प्रायोजित आतंकवाद से पीड़ित है, वहीं इजराइल सीमा पार से फिलिस्तीन में डेरा जमाए आतंकी संगठन फतह और हमास से जूझ रहा है। अब दोनों देश मिलकर आतंक के खिलाफ लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने की कोशिश में एक मंच पर हैं। यहां ध्यान देना होगा कि अभी तक इजराइल से भारत की अति निकटता को दोधारी तलवार सरीखा माना जाता था।

यह कारण गिनाया जाता था कि चूंकि इजराइल और ईरान एक-दूसरे को फूटी आंख नहीं सुहाते, लिहाजा भारत को इजराइल से संबंध जोड़ने के मामले में फूंककर कदम रखना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल



यात्रा और बेंजामिन नेतान्याहू की भारत यात्रा ने इस मिथक को तोड़ दिया है। दोनों देश तेजी से एक-दूसरे के निकट आ रहे हैं। हालांकि भारत की घरेलू राजनीति में कुछ राजनीतिक दल मुस्लिम वोटयुक्ति के लिए नेतान्याहू और मोदी की युगलबंदी पर लगातार तंज कसते रहे हैं ,लेकिन आम जनमानस दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ होते रिश्ते से खुश है। किसी से छिपा नहीं है कि भारत के अधिकांश राजनीतिक दल फिलिस्तीन के मुद्दे पर इजराइल के निकट जाकर मुसलमानों की नाराजगी मोल लेने से बचते हैं। गौर करें तो प्रधानमंत्री मोदी से पहले किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री ने इजराइल जाने की जहमत नहीं उठायी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेतान्याहू ने पूर्वाग्रह के खोल से बाहर निकलकर भारत-इजराइल संबंधों को परवान चढ़ाया है। यहां ध्यान देना होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ईरान की भी यात्रा कर उसे भरोसा दे चुके हैं कि इजराइल से उसकी दोस्ती उसकी कीमत पर नहीं होगी। बदलते कूटनीतिक परिदृश्य में ईरान भी भारत की रणनीतिक सोच से अच्छी तरह अवगत है। उसका भारत पर विश्वास का ही नतीजा है कि वह चाबहार समझौते के लिए तैयार हुआ, जिसके जरिए भारत को चीन व पाकिस्तान पर नकेल कसने में मदद मिल रही है। गौर करें तो भारत-इजराइल दोनों देश उपनिवेशवाद के परवर्ती युग की उपज हैं और आज की तारीख में दोनों ही अपने शत्रुभाव रखने वाले पड़ोसी देशों से पीड़ित हैं। ऐसे में अगर दोनों देश प्रतिरक्षा और आर्थिक संबंधों को गति देते हैं तो निःसंदेह यह दोनों देशों के हित में होगा। गौर करें तो भारत और इजराइल के बीच प्रतिरक्षा के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।

भारत इजराइली हथियारों का सबसे बड़ा खरीदार देश है। भारत रक्षा हार्डवेयर के आयात में विश्व के सबसे बड़े आयातकों में से एक है, जबकि इजराइल इसका एक प्रमुख निर्यातक है। आज इजराइल ने उच्च तकनीक वाले रक्षा उपकरणों के आपूर्तिकर्ता के रूप में स्वयं को एक बड़े विकल्प के रूप में उभार लिया है। यहां ध्यान देना होगा कि इजराइल जिसकी अर्थव्यवस्था फिलिस्तीन युद्ध के कारण डांवाडोल होती रही है, को भी भारत के रूप में रक्षा उपकरणों के लिए एक बड़ा बाजार चाहिए। यही वजह है कि भारत के प्रति इजराइल की दिलचस्पी बनी हुई है। प्रतिरक्षा के अलावा व्यापार-कारोबार के क्षेत्र में भी दोनों देश नए कीर्तिमान गढ़ रहे हैं। इजराइल भारत में निवेश करने वाले शीर्ष देशों में शुमार है। एक आंकड़े के मुताबिक भारत में अप्रैल 2000 से सितंबर 2025 के बीच इजराइल से 334.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर का एफडीआई प्राप्त हुआ। इजराइल को कृषि विकास के क्षेत्र में महारत हासिल है।

दोनों देशों द्वारा औद्योगिक व प्रौद्योगिकी नवोन्मेश कोश के लिए आधी-आधी राशि का भुगतान, गंगा की सफाई, जल संरक्षण, परमाणु घड़ी के लिए सहयोग, जीईओ-एलईओ ऑप्टिकल लिंक, नैनो सेटलाइट को ऊर्जा इत्यादि पर भी तेजी से काम चल रहा है। भारत में निजी क्षेत्र ने भी इजराइली तकनीक में दिलचस्पी दिखायी है तथा बागवानी एवं सिंचाई के क्षेत्र में ड्रिप सिंचाई प्रणाली के उत्पादन के लिए टीवीएस का गठन किया गया है। फिलहाल दोनों देश आयात-निर्यात संतुलन को लेकर भी संजीदा हैं ताकि दोनों को कारोबार का समान लाभ मिले। भारत इजराइल को जेवरात, दवाइयां, औषधीय सामग्रियां, सूती धागे, वस्त्र, प्लास्टिक तथा लाइनोलियम इत्यादि निर्यात करता है। वहीं, इजराइल से मोती, कीमती पत्थर इत्यादि आयात करता है। प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदा यात्रा से अब दोनों देशों के प्रतिरक्षा और आर्थिक संबंधों को मजबूती मिलेगी तथा दोनों देश आतंकवाद और दहशतगर्दी के खिलाफ हर चुनौती से निपटने को तैयार हैं।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# निंदा का परित्याग



संकलित
## दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में निर्वहन के लिए व्यक्ति के सामाजिक गुणों का अत्यंत महत्व है। गुणी व्यक्ति को प्रत्येक जगह सम्मान की प्राप्ति होती है। संसार के प्रत्येक प्राणी में कुछ गुण तो कुछ अवगुण पाए जाते हैं, परंतु कुछ लोग हैं जो दूसरे के अवगुणों को ही देखते हैं। वे किसी भी सकारात्मक पक्ष में नकारात्मकता देखने के अभ्यस्त हो जाते हैं। प्रायः ऐसे लोगों में निंदा की प्रवृत्ति पाई जाती है। वे ऐसा करके खुद को समाज में श्रेष्ठ एवं दूसरे को नीचा साबित करना चाहते हैं। निंदा एक नशे की भांति है, जो एक बार इसका आदी हो गया, वह दिन-प्रतिदिन इसके पाश में जकड़ता चला जाता है। मनीषियों ने निंदा को दुर्व्यसन के समान माना है, जो निंदा करने वाले व्यक्ति को अंदर ही अंदर नैतिक रूप से समाप्त करती रहती है। एक बार एक आचार्य अपने शिष्यों को शिक्षा प्रदान कर रहे थे। शिक्षा प्राप्ति के दौरान एक शिष्य अन्य शिष्यों की ओर संकेत करते हुए आचार्य से कहने लगा कि 'वे अपना कार्य सही से नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है इन लोगों को कार्य करना ही नहीं आता।' आचार्य बोले, 'तुमको छोड़ अन्य सारे शिष्य सही से कार्य कर रहे हैं।' इस पर शिष्य असहज हो गया। उसने आचार्य से पूछा, 'वह कैसे?' आचार्य बोले, 'क्योंकि वे लोग अपने कार्य में संलग्न हैं, किंतु तुम अपने कार्य पर ध्यान न देकर, दूसरों के कार्य की निंदा करने में अपने समय की बर्बादी कर रहे हो।'

# जरूरतमंदों की मदद ही सबसे बड़ी सेवा



संकलित
## प्रेरणा

एक वैद्य गुरु गोविंद सिंह के दर्शन के लिए आनन्दपुर गया। वहां गुरुजी से मिलने पर उन्होंने कहा कि जाओ और जरूरतमंदों को सेवा करो। वापस आकर वह रोगियों की सेवा में जुट गया। शीघ्र ही वह पूरे शहर में प्रसिद्ध हो गया। एक बार गुरु गोविंद सिंह स्वयं उसके घर पर आए। वह बहुत प्रसन्न हुआ, लेकिन गुरुजी ने कहा कि वे कुछ देर ही ठहरेंगे। तभी एक व्यक्ति भागता हुआ आया और बोला- वैद्य जी, मेरी पत्नी की तबियत बहुत खराब है। जल्दी चलिए अन्यथा बहुत देर हो जाएगी। वैद्य जी असमंजस में पड़ गए। एक ओर गुरु थे, जो पहली बार उनके घर आए थे। दूसरी ओर एक जरूरतमंद रोगी था। अंततः वैद्यजी ने कर्म को प्रधानता दी और इलाज के लिए चले गए। लगभग दो घण्टे के इलाज और देखभाल के बाद रोगी की हालत में सुधार हुआ। तब वे वहाँ से चले, उदास मन से उन्होंने सोचा कि गुरुजी के पास समय नहीं था। अबतक तो वे चले गए होंगे फिरभी वैद्यजी भागते हुए वापस घर पहुँचे। घर पहुँचकर उन्हें घोर आश्चर्य हुआ। गुरुजी बैठे उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। वैद्यजी उनके चरणों पर गिर पड़े। गुरु गोविंद सिंह जी ने उन्हें गले से लगा लिया और कहा- तुम मेरे सच्चे शिष्य हो। सबसे बड़ी सेवा जरूरतमंदों की मदद करना है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बदलता मौसम और अनिश्चित भविष्य

फरवरी का महीना कभी सर्द हवाओं, हल्की धूप और पहाड़ों पर जमी बर्फ के लिए जाना जाता था, लेकिन इस बार तस्वीर बिल्कुल अलग है। उत्तर भारत से लेकर मध्य भारत तक तापमान सामान्य से कई डिग्री ऊपर चल रहा है। कश्मीर घाटी, जिसे बर्फ और ठंड की धरती माना जाता है, वहां अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यह फरवरी के इतिहास में असामान्य माना जा रहा है। 24 फरवरी 2016 को 20.6 डिग्री तापमान दर्ज हुआ था, लेकिन इस वर्ष उससे भी अधिक गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। श्रीनगर के मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डा. मुख्तार अहमद के अनुसार इस बार कोई मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं हुआ, जिससे सामान्य शीतकालीन वर्षा और बर्फबारी नहीं हो सकी। यह केवल एक मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि वायुमंडलीय असंतुलन का संकेत है।

*-परेश कौशिक, रायपुर*

## करंट अफेयर

# चीन में विधायिका के 19 सदस्य बर्खास्त किए गए

चीन की विधायिका ने अपनी वार्षिक बैठक शुरू होने से एक सप्ताह पहले 19 सदस्यों को बर्खास्त कर दिया है, जिनमें नौ सैन्य अधिकारी शामिल हैं। देर बृहस्पतिवार की गई इस घोषणा में यह नहीं बताया गया कि इस सदस्यों को क्यों हटाया गया है, लेकिन आमतौर पर इस तरह की कार्रवाई को भ्रष्टाचार संबंधी जांच से जोड़कर देखा जाता है। चीन के नेता शी चिनफिंग द्वारा शुरू किया गया भ्रष्टाचार रोधी अभियान एक दशक से अधिक समय बीतने के बाद भी थमता नजर नहीं आ रहा है। हाल के वर्षों में इस अभियान के दायरे में सेना भी आयी है। ऐसे में पिछले महीने सेना के शीर्ष जनरल को हटाए जाने की कार्रवाई भी इसी क्रम का हिस्सा मानी जा रही है, जब शी सशस्त्र बलों में सुधार और आधुनिकीकरण की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। शी चिनफिंग 14 साल से सत्ता में हैं और विश्लेषकों का कहना है कि यह अभियान संभावित प्रतिद्वंद्वियों को हटाने और अपने अधीनस्थों के बीच निष्ठासुनिश्चित करने का एक तरीका भी है। इन बर्खास्तियों का नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की बैठक पर कोई बड़ा प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है, जो अगले बृहस्पतिर को शुरू होगी और इसके एक सप्ताह तक चलने की उम्मीद है।



## ऑफ बीट

# रेन कोट की पानी से बचाव की क्षमता घटने के कारण

तेज बारिश में बाहर निकलने के कुछ ही समय बाद यदि रेन कोट के अंदर कपड़े भीगने लगें, तो अक्सर लगता है कि 'वाटरप्रूफ' कोट ने काम करना बंद कर दिया। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि आमतौर पर रेन कोट अचानक खराब नहीं होता, बल्कि उसकी बाहरी परत, गंदगी और लंबे उपयोग का असर धीरे-धीरे उसकी क्षमता कम करता है। अधिकतर गुणवत्तापूर्ण रेन कोट के भीतर एक विशेष वाटरप्रूफ मेम्ब्रेन लगी होती है। गोर-टेक्स जैसी तकनीक में पीटीएफई या ईपीटीएफई की अत्यंत पतली परत होती है, जिसमें सूक्ष्म छिद्र बने होते हैं। ये छिद्र पानी की बूंदों को भीतर आने से रोकते हैं, लेकिन शरीर से निकलने वाली जलवाष्प को बाहर जाने देते हैं। कुछ अन्य कोट ठोस, गैर-छिद्रयुक्त मेम्ब्रेन का उपयोग करते हैं, जो नमी को अवशोषित कर अणु-दर-अणु बाहर निकालती हैं। रेन कोट के बाहरी कपड़े पर 'ड्यूरेबल वाटर रिपेलेंट' (डीडब्ल्यूआर) नामक रासायनिक परत लगाई जाती है, जिससे पानी बूंदों के रूप में फिसल जाता है। पहले इन परतों में पीएफएएस जैसे 'फॉरएवर केमिकल्स' का इस्तेमाल होता था, लेकिन पर्यावरणीय चिंताओं के कारण अब सिलिकॉन या हाइड्रोकार्बन आधारित विकल्प अपनाए जा रहे हैं।



## ट्रेंड

### पुण्यतिथि पर नमन



संघ से लेकर भाजपा तक, राष्ट्रसेवा व समाज-कल्याण के लिए समर्पित 'भारत रत्न' नानाजी देशमुख ने ग्रामोदय को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया और भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा के आजीवन पथप्रदर्शक रहे। नानाजी देशमुख को उनकी पुण्यतिथि पर नमन करता हूं।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### शांतिपूर्ण विरोध 'अपराध'



आज भारत में कंप्रोमाइज्ड पीएम के राज में शांतिपूर्ण विरोध करना सबसे बड़ा "अपराध" बना दिया गया है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को धीरे-धीरे ऐसी दिशा में धकेला जा रहा है, जहां असहमति को देशद्रोह और सवाल पूछने को साजिश बताया जाता है।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### जनविश्वास का प्रतिबिंब



हमारी सरकार का रिपोर्ट कार्ड पिछले एक साल में दिल्ली के लिए किए गए कार्यों का लेखा-जोखा है और विकसित दिल्ली का रोडमैप भी है। यह उत्तर-पश्चिमी दिल्ली लोकसभा में हुए ठोस कार्यों, बुनियादी सुविधाओं, बढ़ते जनविश्वास का प्रतिबिंब है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### कट्टर ईमानदार



एक बार फिर डा. आम्बेडकर की दूरदर्शी सोच और उनके बनाए संविधान पर फख्र महसूस हो रहा है। बीजेपी व सारी एजेंसियों की हमें बेईमान साबित करने की तमाम कोशिशों के बावजूद आज साबित हो गया कि केजरीवाल-सिसोदिया कट्टर ईमानदार है।

**- मनीष सिसोदिया, पूर्व मंत्री, आप**

**हमारा पता**

हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com




**नई दिल्ली।** मथुरा-वृंदावन, काशी-अयोध्या सहित देशभर में शुक्रवार को रंगभरनी एकादशी पर आस्था का सैलाब उमड़ा। उत्तर प्रदेश के मथुरा-वृंदावन ठाकुर श्री बांके बिहारी ने भक्तों के साथ पहले 'फूलों वाली होली' खेली। इसके बाद मंदिर परिसर में गुलाल उड़े। देशभर में भी रंगभरनी एकादशी पर आस्था और मस्ती का माहौल था। काशी, अयोध्या, इलाहाबाद, नागपुर, कोलकाता सहित कई शहरों में लोगों ने रंग-गुलाल खेली। वृंदावन और मथुरा में तो गलियों से लेकर मंदिरों तक अबीर-गुलाल उड़ता दिखाई दिया। वृंदावन के परिक्रमा मार्ग में भक्त हजारों की संख्या में वृंदावन की परिक्रमा करते हुए सप्त देवालयों के दर्शन कर रहे हैं । रंगभरनी एकादशी पर वृंदावन के ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में बांके बिहारी महाराज गर्भगृह से बाहर आकर होली खेली।

**देशभर में रंगभरनी एकादशी पर उमड़ा आस्था का सैलाब**

**मथुरा-वृंदावन, काशी-अयोध्या में भक्तों ने जमकर खेले रंग-गुलाल**

# बांके बिहारी मंदिर में जमकर उड़ा गुलाल

### अबीर-गुलाल और फूलों की बारिश


बांके बिहारी, वृंदावन

वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर के पट शुक्रवार को जैसे ही खुले, पूरा परिसर बांके बिहारी लाल के जयकारों से गूंज उठा। मंदिर के सेवायत गोस्वामी समाज की ओर से ठाकुर जी के भक्तों पर जमकर अबीर-गुलाल और फूलों की बारिश की गई। भक्त अपने आराध्य के रंग में सराबोर होने के लिए बेताब दिखाई दिए। क्या बच्चे क्या बूढ़े और क्या विदेशी मेहमान, हर कोई बस बांके बिहारी की एक झलक पाने और उनके हाथों से बरसाने वाले रंग को अपने माथे पर लगाने के लिए ललायित दिखाई दे रहा था।


वाराणसी


अयोध्या


नागपुर

### मिलिट्री कैंप, नौशेरा कैंट, जमरूद मिलिट्री कॉलोनी और एबटाबाद को बनाया निशाना

# अफगानिस्तान का पलटवार, पाक के 4 मिलिट्री बेस पर ड्रोन अटैक, इस्लामाबाद तक एयरस्ट्राइक

*पाकिस्तान के 55 सैनिकों को मारने के बाद अफगानिस्तान ने अब उसके शहरों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि आज सुबह करीब 11 बजे इस्लामाबाद में अफगान एयरफोर्स ने एयर स्ट्राइक की है। अफ़ग़ानिस्तान के रक्षा मंत्रालय का कहना है कि नेशनल मिनिस्ट्री ऑफ़ डिफेंस से जुड़ी एयर फ़ोर्स ने दिन के उजाले में इस हमले को अंजाम दिया है।*

एजेंसी ▶▶| काबुल

रिपोर्ट के अनुसार अफगानी एयरफोर्स ने पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में फ़ैज़ाबाद शहर के पास एक मिलिट्री कैंप पर हमला किया है। साथ ही साथ ही खैबर पख्तूनख्वा के नौशेरा में एक आर्मी बैरक और जमरूद में एक मिलिट्री साइट को निशाना बनाया है। इसके अलावा एबटाबाद में भी अफगानिस्तान की वायुसेना ने हमले किए हैं। ये स्ट्राइक सुबह 11:00 बजे इस्लामाबाद में फैजाबाद के पास एक मिलिट्री कैंप, नौशेरा कैंट, जमरूद मिलिट्री कॉलोनी और एबटाबाद को टारगेट करके किए गए। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ऑपरेशन में खास मिलिट्री बेस, कमांड सेंटर और स्ट्रेटेजिक जगहों पर हमला किया गया, और इसे पिछली रात काबुल, कंधार और पक्तिया में कथित पाकिस्तानी हवाई घुसपैठ का सफल जवाब बताया।






### पाकिस्तान ने आधीरात किया था काबुल पर हमला

*इससे पहले पाकिस्तानी सेना ने बृहस्पतिवार को आधीरात काबुल में तालिबान के कई सैन्य ठिकानों पर हमला किया था। इसमें कई शीर्ष तालिबानी कमांडरों और 130 लड़ाकों को मारने का दावा किया था। जवाब में अफगानिस्तान की टीम ने 55 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराने का दावा किया और 15 से ज्यादा को बंधक बनाया। इसके साथ ही 23 पाकिस्तानी चौकियों पर कब्जे का भी दावा किया। अब तालिबान ने कहा है कि उसने पाकिस्तान में कई सैन्य ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की है। इसमें शहबाज शरीफ के दफ्तर यानी फैजाबाद शहर का इलाका भी शामिल है।*

### खास मिलिट्री साइट्स को बनाया गया निशाना

मिनिस्ट्री के मुताबिक, ऑपरेशन में खास मिलिट्री साइट्स, सेंटर्स और फैसिलिटीज को कामयाबी से निशाना बनाया गया। ये स्ट्राइक कल रात काबुल, कंधार और पक्तिया में किए गए पाकिस्तानी मिलिट्री एयर रेड्स के जवाब में किए गए। इस हमले में ड्रोन का इस्तेमाल भी किया गया है। हालांकि पाकिस्तान सरकार की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### हथियार बांटते दिखे अफगानी सैनिक

*आरटीए अफगानिस्तान के एक दूसरे वीडियो में अफगानी मुजाहिद्दीनों को जंग में कब्जा किए गए हथियारों को बांटते देखा जा सकता है। माना जा रहा है कि अफगानियों ने डूरंड लाइन पर पाकिस्तानियों की कई चौकियों पर कब्जा कर लिया है। इस दौरान उन्होंने बड़ी संख्या में हथियार जब्त कर लिए हैं। इस वीडियो में अफगानी लड़ाके इन हथियारों को बांटते दिख रहे हैं। अफ़गान सेना ने कुछ लाशें और सैकड़ों हल्के और भारी हथियार भी जब्त किए, और कई सैनिकों को ज़िंदा पकड़ लिया।*

### ड्रोन से अफगानिस्तान ने पाक पर किए हमले

एक अन्य हमले की जानकारी देते हुए अफगानिस्तान बॉर्डर फ़ोर्स के प्रवक्ता ने कहा है कि अफगान सेना ने पाकिस्तानी मिलिट्री सेंटर्स पर ड्रोन से हमले किए हैं। अफ़गान डिफ़ेंस मिनिस्ट्री का दावा है कि पाकिस्तानी मिलिट्री सेंटर्स पर ड्रोन से हमले हुए। नेशनल डिफ़ेंस मिनिस्ट्री ने कहा है कि अफ़गान डिफ़ेंस फ़ोर्स ने कल देर रात देश में बने ड्रोन का इस्तेमाल करके पाकिस्तानी मिलिट्री शासन से जुड़े खास सेंटर्स को टारगेट किया। मिनिस्ट्री ने दावा किया कि टारगेट किए गए सेंटर्स में 'आग लग गई' और ऑपरेशन सफल रहा। मंत्रालय ने कहा कि यह कार्रवाई देश की रक्षा के लिए की गई थी।

### तमिलनाडु की सियासत में बड़ा उलटफेर, एनडीए को बड़ा झटका

# डीएमके में शामिल हुए 3 बार के मुख्यमंत्री रहे पन्नीरसेल्वम



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

एआईएडीएमके से निष्कासित नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ओ. पन्नीरसेल्वम (ओपीएस) शुक्रवार को द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) में शामिल हो गए। इस दौरान चेन्नई में डीएमके पार्टी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी मौजूद रहे। ओपीएस के साथ उनके बेटे पी. रविंद्रनाथ कुमार ने भी आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनावों से पहले डीएमके की सदस्यता ग्रहण की। पन्नीरसेल्वम को 2022 में एडप्पादी के. पलानीस्वामी के साथ नेतृत्व संघर्ष के बाद एआईएडीएमके से निष्कासित कर दिया गया था। ओपीएस का यह कदम आने वाले चुनाव से पहले भाजपा और एआईडीएमके के एनडीए गठबंधन के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। बता दें, हाल के दिनों में पन्नीरसेल्वम और उनके खेमे की ओर से मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और डीएमके सरकार की खुलकर सराहना की गई है। इसे लेकर पार्टी में विवाद खड़ा हुआ था और उन्हें निष्कासित कर दिया गया था।

### ईपीएस पर जमकर बरसे ओपीएस

ओपीएस ने डीएमके में शामिल होने के बाद कहा, 'यह फैसला मैंने खुद लिया है, ताकि मेरे लिए कड़वे अनुभव पर पूर्ण विराम लग सके। एआईएडीएमक के प्रमुख एडप्पादी के पलानीस्वामी (ईपीएस) एक तानाशाह की तरह व्यवहार कर रहे हैं और उन्होंने ऐसी स्थिति बना दी है कि एआईएडीएमके आगे जीत हासिल नहीं कर सकती।' डीएमके अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पन्नीरसेल्वम को 'प्रिय भाई' बताया और कहा द्रविड़ आंदोलन के महान नेता के नाम को धारण करने वाले पन्नीरसेल्वम हमारे महान आंदोलन की विचारधारा की रक्षा के लिए इस आंदोलन में शामिल हुए हैं।'

### इसी साल होना है तमिलनाडु में विधान सभा चुनाव

*234 सदस्यीय तमिलनाडु विधानसभा के चुनाव इसी साल की पहली छमाही में होने हैं। इन चुनावों में एम. के. स्टालिन के नेतृत्व वाला गठबंधन 'द्रविड़ियन मॉडल 2.0' के एजेंडे के साथ भारतीय जनता पार्टी एआईएडीएमके के एनडीए गठबंधन के खिलाफ मैदान में उतरेगा।*

## राजस्थान : 'दो-बच्चे' की शर्त खत्म, लड़ सकेंगे पंचायत चुनाव

एजेंसी ▶▶| जयपुर

राजस्थान में स्थानीय निकाय चुनावों से पहले राज्य मंत्रिमंडल ने लगभग तीन दशक पुराने नियमों को पलटते हुए दो से अधिक बच्चों वाले लोगों को पंचायत और शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में चुनाव लड़ने की अनुमति दी। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए, कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा और उद्योग मंत्री राजवर्धन राठौड़ के साथ कहा कि मंत्रिमंडल ने राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 और राजस्थान नगर पालिका अधिनियम, 2009 में संशोधन करने के निर्णय को मंजूरी दे दी है। ऐसा इसलिए किया गया ताकि दो से अधिक बच्चों वाले व्यक्ति पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों के चुनावों में भाग ले सकें।'इन बदलावों को क्रांतिकारी कदम बताते हुए जोगाराम पटेल ने कहा कि इन प्रावधानों के तहत दो से अधिक बच्चों वाले व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ सकते। उन्होंने कहा कि उस समय की परिस्थितियों, जनसंख्या विस्फोट और आर्थिक विशेषज्ञों की राय को देखते हुए देश के लिए जनसंख्या नियंत्रण आवश्यक था। इसलिए, सरकारी कर्मचारियों के लिए भी ऐसा प्रावधान था कि दो से अधिक बच्चे होने पर उन्हें पदोन्नति नहीं दी जाएगी।' सरकार ने पहले सरकारी कर्मचारियों के प्रमोशन के लिए दो बच्चों की शर्त को हटा दिया था।

- **राज्य मंत्रिमंडल ने लगभग तीन दशक पुराने नियमों को बदला**

### दिल्ली हाईकोर्ट का सैनिकों के हक में फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि सशस्त्र बलों के कर्मियों की दिव्यांगता पेंशन को सिर्फ यह कहकर नहीं रोका जा सकता कि बीमारी 'लाइफस्टाइल डिसऑर्डर' है या वह पीस एरिया में तैनाती के दौरान हुई। हाई कोर्ट ने कहा कि गैर-ऑपरेशनल क्षेत्रों में भी सैन्य सेवा तनावपूर्ण होती है और इससे गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। सेना में 'पीस पोस्टिंग' का मतलब है कि सैनिक या अधिकारी की पोस्टिंग बॉर्डर पर नहीं बल्कि शांत और सुरक्षित शहरों या छावनियों में होती है। जस्टिस वी. कामेश्वर राव और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की डिवीजन बेंच ने आर्म्ड फोर्सेज ट्रिब्यूनल (एएफटी) के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें भारतीय वायुसेना के रिटायर्ड अधिकारी की दिव्यांग पेंशन याचिका खारिज कर दी गई थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने हैरानी जताते हुए जबरन वसूली की एफआईआर की रद्द

# राजस्थान पुलिस को फटकार क्या आप जेम्स बॉन्ड हैं ?

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान से जुड़े एक मामले में राज्य पुलिस को फटकार लगाई। शीर्ष अदालत ने पूछा कि क्या आप जेम्स बॉन्ड' की तरह काम करेंगे। अदालत ने 'पहले गोली मारो, बाद में सवाल पूछो' वाले तरीके की आलोचना की। राजस्थान सरकार की तरफ से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसडी संजय की मौजूदगी के दौरान यह सख्त टिप्पणी आई। इसके साथ ही, अदालत ने जबरन वसूली और धोखाधड़ी के केस को खारिज कर दिया। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए एफआईआर को 'सबसे अधिक फर्जी' बताया। बेंच ने कहा कि इससे एक परेशान करने वाला मैसेज गया है कि 'आम आदमी के पास एफआईआर दर्ज कराने का कोई तरीका नहीं है, जबकि कुछ खास लोग हैं जो बिना सोचे-समझे एफआईआर दर्ज करा सकते हैं।



### यह है मामला

सीनियर वकील सिद्धार्थ अग्रवाल, पिटीशनर आशीष दवे की तरफ से पेश हुए, जो राजस्थान में एक चैनल के पूर्व रीजनल हेड हैं। यह मामला पिछले साल सितंबर में जयपुर के अशोक नगर पुलिस स्टेशन में एक टीवी चैनल की शिकायत पर दर्ज एफआईआर से जुड़ा है, जो उसके प्रतिनिधि संजू राजू ने की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि दवे ने वेंडर्स और बाहरी पार्टियों से पैसे मांगने के लिए अपने पद का गलत इस्तेमाल किया, और ऐसा न करने पर नेगेटिव मीडिया कवरेज की धमकी दी।

### 4 दिन का है दौरा, 2 मार्च को मिलेंगे पीएम मोदी से

# भारत पहुंचे कनाडाई पीएम निवेश ट्रेड डील पर फोकस

**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी आज 4 दिन के दौरे पर भारत पर पहुंच गए हैं। इस दौरे का मकसद भारत और कनाडा के बीच व्यापार, ऊर्जा, तकनीक और रक्षा जैसे क्षेत्रों में नए साझेदारी को मजबूत करने पर फोकस करना है। प्रधानमंत्री के तौर पर मार्क कार्नी का यह पहला भारत दौरा है। कनाडा में निवेश को बढ़ावा देने के लिए कार्नी मुंबई में बिजनेस लीडर्स से मुलाकात करेंगे। इस दौरान इंफ्रास्ट्रक्चर, क्लीन एनर्जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग में निवेश पर चर्चा होगी।



### 2 मार्च को होगी पीएम मोदी संग मुलाकात

कार्नी 1 मार्च को नई दिल्ली पहुंचेंगे और 2 मार्च को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इसका मुख्य एजेंडा में कंप्रीहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (सीईपीए) की वार्ताओं को शुरू करना शामिल है, जो लंबे समय से रुकी हुई है। इसके अलावा, सुरक्षा और रक्षा सहयोग पर चर्चा होगी। साथ ही दोनों देशों के बीच व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद कार्नी ऑस्ट्रेलिया और जापान की यात्रा पर रवाना होंगे। पूरा दौरा 27 फरवरी से शुरू होकर 7 मार्च तक चलेगा।



# आरडीए देगा सरचार्ज राशि में भारी छूट संचालक मंडल की बैठक में निर्णय




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण की संचालक मंडल की बैठक गुरुवार को प्राधिकरण अध्यक्ष नंद कुमार साहू की अध्यक्षता में प्राधिकरण कार्यालय के सभाकक्ष में हुई।

बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। मुख्य रूप से प्राधिकरण की पुरानी योजनाओं के अंतर्गत आवासीय एवं व्यावसायिक संपत्तियों तथा कौशल्या माता विहार, इन्द्रप्रस्थ योजना एवं बोरियाखुर्द के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना में निर्मित एलआईजी और ईडब्लूएस फ्लैट तथा ईडब्लूएस स्वतंत्र मकानों की बकाया राशि का एकमुश्त भुगतान करने पर छूट दिए जाने का निर्णय लिया गया। इसमें आवासीय संपतियों के लिए सरचार्ज राशि में 50 फीसदी और व्यासायिक संपत्ति के सरचार्ज राशि में 30 फीसदी की छूट दी जाएगी। छूट की यह सुविधा 30 मई 2026 तक दी जाएगी। प्राधिकरण की ओर से बकाया राशि के एकमुश्त भुगतान में छूट मिलने से जहां हितग्राहियों को आर्थिक राहत मिलेगी, वहीं प्राधिकरण को वसूली योग्य राशि प्राप्त हो सकेंगी।

मूल राशि में किसी प्रकार की छूट प्रदान नहीं की जावेगी, केवल सरचार्ज राशि में ही छूट दिया जाएगा। संचालक मंडल की बैठक में यह तय हुआ कि छत्तीरागढ़ गृह निर्माण मंडल में लागू नीति के अनुरूप आरक्षित कोटे का 3 बार विज्ञापन प्रसारित करने के बाद सामान्य कोटे में परिवर्तन रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा भी किया जाएगा। कौशल्या माता विहार के सीमा क्षेत्रों में लोगों को अपने भूमि, भूखंड से विभिन्न प्रयोजन के लिए आने-जाने का कोई मार्ग उपलब्ध नहीं होने से रोड रास्ते की मांग की जा रही है, उनकी इस मांग पर संचालक मण्डल की बैठक में गठित समिति द्वारा निर्धारित दर, नियम एवं शर्ते प्रस्तुत की गई।

प्राधिकरण के योजनाओं में ऐसे भूखंडधारी जिनके द्वारा आवासीय प्रयोजन के लिए आबंटित भूखण्ड का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है, यह पट्टे की नियम के शर्तों का उलंघन है, ऐसे भूखण्डधारियों से फ्री-होल्ड, लीज नवीनीकरण के लिए अर्थदण्ड वसूल किये जाने का भी निर्णय लिया गया है।

# पुरी और पुणे के मध्य एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन

रायपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने व उन्हें सुगम, सुरक्षित व आरामदायक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुरी और पुणे के मध्य एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, एवं गोंदिया स्टेशनों पर दिया गया है। गाड़ी संख्या 08405 पुरी-पुणे स्पेशल ट्रेन 27 फरवरी (शुक्रवार) 2026 को पुरी से 06.00 बजे रवाना होगी तथा खुर्दा रोड आगमन 06.45 बजे, प्रस्थान 06.50 बजे, भुवनेश्वर आगमन 07.15 बजे, प्रस्थान 07.20 बजे, कटक आगमन 07.50 बजे, प्रस्थान 07.55 बजे, ढेंकानाल आगमन 08.45 बजे, प्रस्थान 08.47 बजे, तालचेर रोड आगमन 09.30 बजे, प्रस्थान 09.32 बजे, अनुगुल आगमन 09.55 बजे, प्रस्थान 09.57 बजे, संबलपुर सिटी आगमन 12.20 बजे, प्रस्थान 12.25 बजे, झारसुगुड़ा रोड आगमन 13.30 बजे, प्रस्थान 13.35 बजे, रायगढ़ आगमन 15.13 बजे, प्रस्थान 15.15 बजे, बिलासपुर आगमन 18.15 बजे, प्रस्थान 18.25 बजे, रायपुर आगमन 20.05 बजे, प्रस्थान 20.10 बजे, दुर्ग आगमन 21.05 बजे, प्रस्थान 21.10 बजे, गोंदिया आगमन 23.04 बजे, प्रस्थान 23.06 बजे तथा दूसरे दिन नागपुर आगमन 01.10 बजे, प्रस्थान 01.15 बजे, वर्धा आगमन 02.10 बजे, प्रस्थान 02.12 बजे, बडनेरा आगमन 03.15 बजे, प्रस्थान 03.18 बजे, भुसावल आगमन 06.15 बजे, प्रस्थान 06.20 बजे, दौंड आगमन 14.58 बजे, प्रस्थान 15.00 बजे होते हुये 16.50 बजे पुणे स्टेशन पहुंचेगी।


## कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग
## शिवनाथ भवन, सेक्टर-19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

### संक्षिप्त विज्ञापन

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर का पत्र क्रमांक एफ 01-16/31/स्था./2020 दिनांक 29.10.2024 द्वारा दी गई सहमति के आधार पर छत्तीसगढ़ जल संसाधन विभाग में निम्नलिखित रिक्त पदों की सीधी भर्ती हेतु छत्तीसगढ़ के स्थानीय पात्र निवासियों से छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल के वेबसाईट http://vyapamcg.cgstate.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पदों का विवरण निम्नानुसार है :-

| स.क्र. | पदनाम | कुल रिक्तियों की संख्या | | | | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में महिलाओं के लिए आरक्षित पद | | | | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित पद | | | | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से छ.ग. के दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद | योग | सांतवा वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अना. | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | अना. | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | अना. | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | | | |
| 1 | अनुरेखक (सिविल) | 15 | 04 | 11 | 05 | 04 | 01 | 03 | 01 | 01 | 0 | 01 | 0 | 02 OL, BL=01 (One Leg, Both Leg) HH=01 (Hard of Hearing) | 35 | बेसिक पे-19500 लेवल-4 |

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा उक्त पदों के लिए **परीक्षा दिनांक 02.08.2026** को संभावित है। विस्तृत विज्ञापन, आवश्यक शैक्षणिक अर्हता, आयु सीमा, पाठ्यक्रम, भर्ती प्रक्रिया, नियम एवं शर्तें, परीक्षा शहर / केन्द्र आदि संबंधी जानकारी व्यापमं के वेबसाईट http://vyapamcg.cgstate.gov.in पर देखें जा सकते हैं. उपरोक्त नियुक्तियाँ माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) क्रमांक 19668/2022 में पारित होने वाले अंतिम आदेश के अध्याधीन होगी एवं माननीय उच्चतम न्यायालय के अंतिम निर्णय अनुसार विज्ञापित किये गये पदों की वर्गवार पदों की संख्या में परिवर्तन भी हो सकता है।

नोडल अधिकारी/ कार्यपालन अभियंता
वास्ते प्रमुख अभियंता, जल संसधान विभाग, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर, अटल नगर

जी. 252606949/2



## कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, रायपुर परिक्षेत्र रायपुर (छ.ग.)

### जेम पोर्टल निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2025-26 के खनित नलकूपों में हैण्डपम्प स्थापना कार्य हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से 32 मि.मी. व्यास जी.आई. राईजर पाईप सामग्री कय किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | जेम पोर्टल में ऑनलाईन बिड कमांक/दिनांक | कार्य का नाम | लागत (रूपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | GEM/2026/B/7294624/26-02-2026 | रायपुर परिक्षेत्र हेतु 32mm जी.आई. राईजर पाईप क्रय | 8000423.00 |
| 2 | GEM/2026/B/7295344/26-02-2026 | जगदलपुर परिक्षेत्र हेतु 32mm जी.आई. राईजर पाईप क्रय | 4081000.00 |
| 3 | GEM/2026/B/7295491/26-02-2026 | (वि./यां.) संकाय हेतु 32mm जी.आई. राईजर पाईप क्रय | 6480343.00 |

Important Events and Time Schedule - Bid Start Date-26.02.2026, Pre Bid meeting date-03-03-2026, Bid Due Date-13.03.2026, PHY Doc. Submission last Date - 13.03.2026.
नोट :- उपरोक्त निविदाओं की सामान्य शर्तो, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी जेम पोर्टल https://gem.gov.in में उक्त निविदा दिनांक 26.02.2026 से देखी जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता (प्रकोष्ठ प्रभारी)
राज्य स्तरीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.स्वा.या. विभाग, परिक्षेत्र रायपुर (छ.ग.)

जी. 252606966/2


# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने मोबाइल नंबर अपडेट कराने की बाध्यता समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एचएसआरपी लगवाने मोबाइल नंबर अपडेशन करवाने की बाध्यता को परिवहन विभाग ने समाप्त कर दिया है। अप्रैल 2019 से पूर्व की गाड़ियों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी फोन नंबर अपडेशन की अनिवार्यता की वजह से आ रही थी। इस वजह से छत्तीसगढ़ में अब तक लगभग 12 लाख वाहनों में ही ऐसे नंबर प्लेट लगाए जा सके हैं। आम लोगों की इस दिक्कत को दूर करने के लिए परिवहन विभाग ने फोन नंबर अपडेशन की अनिवार्यता खत्म कर दी है। अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने फोन नंबर अपडेशन की अनिवार्यता ख़त्म करने की पुष्टि करते हुए बताया कि अब यह वैकल्पिक होगा। राज्य में अप्रैल 2019 को पूर्व 52 लाख गाड़ियां पंजीकृत हैं। पंजीकृत गाड़ियों में दो वर्षों में 12 लाख गाड़ियों में एचएसआरपी लग पाया है। इस लिहाज से दो वर्षों में अब तक केवल 23 फीसदी गाड़ियों में एचएसआरपी लग पाया है। अफसर के अनुसार मोबाइल नंबर अपडेशन कराने की बाध्यता समाप्त होने के बाद छह माह के भीतर वर्ष 2019 के पूर्व की गाड़ियों में एचएसआरपी लगाने का काम पूरा कर लिया जाएगा। पूर्व में एचएसआरपी लगवाने प्रकृया करने के पूर्व मोबाइल नंबर अपडेशन कराना पड़ता था।


## कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)

दिनांक 25.02.2026

सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.आ.सू.क्र. दिनांक | सिस्टम आई डी क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 07/CE/NH/TC/44-89/2025 (2nd Call) | 2026_MoRTH_900175_1 | Widening and strengthening with paved shoulder from km. 25.530 km. To 31.540 6.010 km. and reconstruction of box cell in km. 25.700, km. 25.925, km. 26.875, km. = 27.150, km. 27.225, km. 28.900, km. 30.200, and 31.200 (HPC) Of NH-30 (Old NH-221) In the state of Chhattisgarh through EPC basis. | Rs. 30.09 Cr. |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 27.03.2026 शाम 11.00 बजे तक है।
2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORT&H'S) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाऊनलोड की जा सकती है।

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)

जी. 252606970/3


# नशे के बढ़ते कारोबार के खिलाफ एकजुट हुए श्यामनगर वासी

रायपुर। इन दिनों नशे का कारोबार चरम पर है। अवैध शराब की बढ़ती बिक्री से परेशान होकर श्यामनगर नव जागरण विकास समिति द्वारा श्यामनगर में नशे के अवैध कारोबार को पूर्णतः बंद करने के लिए 9 दिनों से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को एसीपी रमाकांत साहू और तेलीबांधा थाना प्रभारी अविनाश सिंह अपनी पूरी टीम के साथ समिति सदस्यों की उपस्थिति में पूरे क्षेत्र का दौरा किया।


## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी भू-अर्जन मनेन्द्रगढ़, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

क्रमांक/4756/वाचक-1/ भू-अर्जन /2026 — मनेन्द्रगढ़, दिनांक 16/02/2026

### रेल अधिनियम, 1989 की धारा-20 च (4) के अंतर्गत
### लोक - सूचना

विषय :- प्रस्तावित रेलवे परियोजना हेतु भूमि / संरचना के अधिग्रहण के पूर्व प्रतिकर राशि के निर्धारण एवं आपत्तियों हेतु लोकसूचना।
यह विदित हो, कि रेल अधिनियम, 1989 के अंतर्गत बौरीडांड सूरजपुर खण्ड के बीच रेल्वे लाईन का दोहरीकरण परियोजना के निर्माण हेतु निम्नलिखित ग्रामों की भूमि / संरचनाओं को अधिग्रहण हेतु प्रस्तावित किया गया है।
उक्त अधिग्रहण हेतु प्राथमिक प्रतिकर राशि (Provisional Compensation) की गणना की जा रही है। इस संबंध में निम्न विवरण प्रस्तुत है :-
1. प्रस्तावित अधिग्रहित भूमि / संरचना का विवरण -

| क्रमांक | अधिग्रहण का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम / नगर | शंकरगढ़ | | |
| 2 | तहसील | मनेन्द्रगढ़ | | |
| 3 | जिला | मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर | | |
| 4 | खसरा / प्लॉट नंबर एवं अर्जन हेतु प्रस्तावित क्षेत्रफल | क्र. | खसरा नं. | रकबा |
| | | 1 | 402 | 0.010 |
| | | 2 | 403/2 | 0.020 |
| | | | कुल खसरे-02 | 0.030 हे0 |
| 5 | भूमि का प्रकार- कृषि योग्य / अकृषि/आवासीय / व्यावसायिक आदि | प्रपत्र- क अनुसार | | |
| 6 | स्वामी / दावेदार का नाम | प्रपत्र- क अनुसार | | |

2. प्रतिकर राशि निर्धारण हेतु आधार

| क्रमांक | अधिग्रहण भूमि के प्रतिकर राशि का विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | छत्तीसगढ़ बाजार मूल्य निर्धारण संबंधी उपबंध 2025-26 का एवं वर्तमान बाजार मूल्य। | प्रपत्र- क अनुसार |
| 2 | भूमि का उपयोग / प्रकृति | प्रपत्र- क अनुसार |
| 3 | संरचना/फसल/वृक्षों का मूल्यांकन | प्रपत्र- ख अनुसार |
| 4 | रेलवे परियोजना से प्रभावित अन्य परिसंपत्तियों का मूल्य | प्रपत्र- क अनुसार |
| 5 | अधिनियम / नियमों के अनुसार देय अन्य लाभ | प्रपत्र- क अनुसार |
| 6 | स्वामी / दावेदार का नाम | प्रपत्र- क अनुसार |

3. आपत्ति / दावा प्रस्तुत करने की सूचना - उक्त प्राथमिक प्रतिकर गणना के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को भूमि स्वामित्व, क्षेत्रफल, वर्गीकरण, मूल्यांकन एवं प्रतिकर राशि के संबंध में कोई आपत्ति, दावा या अतिरिक्त दस्तावेज प्रस्तुत करना चाहते हों, तो स्वंय या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से निम्नलिखित अवधि एवं स्थान पर सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करें
आपत्ति ग्राहय करने की अवधि तिथि - 16/02/2026 से 16/03/2026 तक (अवकाश दिवस-प्रत्येक शनिवार, रविवार एवं अन्य घोषित शासकीय अवकाश को छोड़कर)
प्रस्तुति का स्थान - न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) मनेन्द्रगढ़, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ0ग0)
समय - प्रात: 12:00 से दोपहर 03:00 बजे तक
4. महत्वपूर्ण सूचना - 1. नियत समय के भीतर प्राप्त दावों/आपत्तियों पर विचार किया जाएगा। 2. उचित प्रक्रिया पश्चात प्रतिकर राशि का अंतिम अवार्ड पारित किया जाएगा। 3. प्रभावित भू-स्वामियों को सुनवाई हेतु पृथक से सूचना जारी की जावेगी। 5. सम्पर्क अधिकारी - नाम- लिंगराज सिदार, पद - अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं प्राधिकृत अधिकारी, कार्यालय -अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मनेन्द्रगढ़, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ0ग0) सम्पर्क नं -9806562251, ई-मेल - sdmmanendragarh@gmail.com

**मुआवजा गणक पत्रक (अनुलग्नक-क) ग्राम- शंकरगढ़ तहसील-मनेन्द्रगढ़ जिला- एम.सी.बी. (छ.ग)**

प्रपत्र क

| क्र | हिताबद्ध व्यक्ति/भूमि स्वामी का नाम | खसरा नम्बर | अर्जित भूमि का क्षेत्रफल (रकबा) हे क टे. में | भूमि का किस्म | सिंचित/असिंचित अन्य | प्रतिकर दर हेक्टे. में (रू.में) सिंचित | असिंचित | मुख्य मार्ग पर स्थित भूमि की दर | अर्जित भूमि का मूल्यांकन प्रतिकर की राशि रूपये में | भूमि अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र का गुणांक (2.0) सहित बाजार मूल्य | वृक्ष रूपये में | भवन बांउड्री वाल रू में | कूप कुआं रू. में | नल कूप रू. में | योग स्तम्भ (12)+(13)+(14)+(15) का योग | प्रतिकर की राशि स्तम्भ (11 + 16) में | भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियन 2013 की धारा 105 के संशोधन के धारा 30(1) क अन्तर्गत 100 प्रतिशत अतिरिक्त तोषण राशि | भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनयविस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 105 के संशोधन क धारा 30(3) के प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से माह की अतिरिक्त धन राशि (स्तम्भ 10 का 8 प्रतिशत) | कुल प्रति कर की की पूर्णांक में देय (स्तम्भ 17 + 18 + 19) का योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शासकीय भूमि | 402 | 0.010 | | असिंचित | 1680000 | 1344000 | 2933000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | राजकुमारी पिता श्रीपाल | 403/2 | 0.020 | | असिंचित | 1680000 | 1344000 | 2933000 | 58660 | 117320 | 0 | 3078346 | 0 | 0 | 3078346 | 3195666 | 3195666 | 4645.872 | 6395977.87 |
| | योग | 2 | 0.030 | | | 3360000 | 2688000 | 5866000 | 58660 | 117320 | 0 | 3078346 | 0 | 0 | 3078346 | 3195666 | 3195666 | 4646 | 6395978 |

**बौरीडान्ड-सूरजपुर रेलवे दोहरीकरण परियोजना में प्रभावित होने वाले परिसंपत्तियों का संयुक्त जांच रिपोर्ट ग्राम शंकरगढ़ प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. नागपुर तह. मनेन्द्रगढ़ जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)**

प्रपत्र ख

| परिसंपत्तियों का विवरण | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | भूमि स्वामि का नाम | खसरा नं. | अर्जित रकबा हे. में | परिसंपत्तियों का विवरण | परिसंपत्तियों का माप (मी./ से.मी.) | परिसंपत्तियों का माप (वर्ग मीटर में) | परिसंपत्तियों का माप (वर्गफुट) | दर (प्रति वर्गफुट) | परिसंपत्तियों का मुआवजा राशि |
| 1 | राजकुमारी पिता श्रीपाल | 403/2 | 0.02 | पक्का घर | 12.5mx11.95m | 149.375 | 1607.850 | 1150.00 | 1849027.50 |
| | | | | | 13.8mx6.95m | 95.91 | 1032.366 | 1150.00 | 1187220.90 |
| | | | | | 4mx0.85 | 3.40 | 36.597 | 1150.000 | 42086.55 |
| | | | | | योग | | | | 3078335 |

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मनेन्द्रगढ़, जिला- एम.सी.बी. (छ.ग.)

जी. 252606960/1



# राशिफल


**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।


**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।


**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।


**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।


**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।


**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।


**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।


**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।


**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।



**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# दावा-आपत्तियों की सुनवाई के बाद भी निराकरण नहीं अधिग्रहित भूमि का मुआवजा पाने भटक रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के अभनपुर क्षेत्र में भारत माला परियोजना के तहत अधिग्रहित की गई भूमि के बदले मुआवजा देने में जहां बड़ा फर्जीवाड़ा किया गया है, वहीं दूसरी ओर प्रभावित किसानों की सूची तैयार करने में भी पटवारी और तहसीलदारों ने गड़बड़ी की है। इसके तहत कई प्रभावित किसानों को जहां कम मुआवजा मिला है, वहीं कुछ ऐसे भी किसान हैं, जिनके नाम ही सूची में शामिल नहीं हैं, जबकि उनकी जमीन अधिग्रहित कर ली गई है। इन किसानों में से एक किसान ने इसकी शिकायत पूर्व में अभनपुर एसडीएम कार्यालय में की थी, जिसकी जांच भी कराई गई। इस जांच में शिकायत सही भी पाई गई, लेकिन इसके बाद भी किसान का नाम अधिग्रहित जमीन मुआवजा की सूची में शामिल नहीं हो पाया है, और न ही उसे कोई मुआवजा मिल पाया है। ताज्जुब की बात यह है कि प्रभावित किसान ने संभाग कमिश्नर कार्यालय में दावा-आपत्ति लगाते हुए जमीन के पूरे प्रमाणिक दस्तावेजों के साथ आवेदन भी किया था, जिसे देखकर कमिश्नर ने भी हैरानी व्यक्त की थी। उन्होंने मुआवजा दिलाने का आश्वासन भी किसान को दिया था, लेकिन इसके बाद भी किसान लगातार तहसील कार्यालय का चक्कर काट रहा है। भारत माला परियोजना में अभनपुर क्षेत्र के ग्राम टोकरो में भी मुआवजा के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा हुआ है।


## शब्द पहेली - 6152



**बाएँ से दाए-**
1. पदमाकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**
1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम-3
18. मुसीबत, आफत-3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

**शब्द पहेली -6151 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6162

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6161 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |



### वित्तमंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने किया बहिर्गमन

# बजट में सम्मिलित कार्यों को वित्तीय स्वीकृति देने का मुद्दा सदन में गरमाया

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायकों ने बजट में सम्मिलित कार्यों को वित्तीय स्वीकृति देने का मुद्दा उठाया। इस पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष ने बहिर्गमन किया। कांग्रेस विधायक संगीता सिंह ने प्रश्नकाल में बजट में सम्मिलित कार्यों को वित्तीय स्वीकृति देने का मुद्दा उठाते हुए सवाल किया कि अब तक कौन-कौन से कार्य वित्त विभाग के पास लंबित हैं और क्यों? वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने स्पष्ट किया कि कोई भी कार्य वित्त विभाग में लंबित नहीं है।

विधायक ने सिंचाई और लोक निर्माण विभाग के पूरे काम वित्तीय विभाग में पेंडिंग होने की बात कही। मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की स्पष्ट मंशा है कि हम कोई कार्य पेंडिंग न रखकर उसे ज्यादा से ज्यादा कर सकें। नवीन मद की राशि भी इसके लिए बढ़ा दी गई है। मशीन उपकरण को 50 हजार से बढ़ाकर 1 करोड़ कर दिए हैं। प्रशासकीय स्वीकृति 2 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ की गई है। उन्होंने कहा, बजट में प्रावधान बहुत ज्यादा होता है। सरकार प्राथमिकता से प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करती है। भूपेश बघेल ने इस पर कहा, बालोद के बारे में तो बताइए। मंत्री ने कहा, बालोद के लिए भी वित्त विभाग में कोई फाइल लंबित नहीं है। भूपेश बघेल ने कहा, पीडब्ल्यूडी से वित्त विभाग की फाइल मांगकर उसे स्वीकृत करेंगे क्या? मंत्री ने कहा, हर कार्य की एक प्रक्रिया होती है।

विधायक ने कहा, 18 करोड़ की जो स्वीकृति है, वो तो आप दे सकते हैं। मंत्री ने जवाब दिया कि विभाग सब कुछ तो करता है। भूपेश बघेल ने कहा, वित्त मंत्री काफी उदार हैं, आप घोषणा कर दीजिए। हम भी आपका स्वागत कर देंगे। मंत्री ने दोहराया कि सबकी एक पद्धति होती है। भूपेश बघेल ने कहा कि आप सब कह दे रहे हैं, लेकिन स्वीकृति नहीं दे पा रहे हैं। लगातार सवाल-जवाब और आरोप-प्रत्यारोप के बीच विपक्ष ने वित्त मंत्री के जवाब को संतोषजनक नहीं मानते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया।

## कांग्रेस सरकार से 10 गुना ज्यादा कार्रवाई हो रही कांग्रेस विधायक के सवाल पर वित्तमंत्री का जवाब



विधानसभा में कांग्रेस ने रायगढ़ जिले में फ्लाई ऐश को कथित तौर पर अनाधिकृत रूप से डंप करने को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा। ओपी चौधरी ने कहा कि परिवहन से जुड़े उल्लंघनों के खिलाफ कार्रवाई राज्य में पिछली कांग्रेस सरकार की तुलना में 10 गुना ज़्यादा है। उन्होंने दावा किया कि पिछली सरकार के तहत 2021-22 और 2022-23 में कोई कार्रवाई नहीं की गई और कहा, मौजूदा सरकार इसके लिए एक मॉडल एसओपी पर काम कर रही है। मंत्री के जवाब से कांग्रेस के सदस्य संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने सदन से बहिर्गमन कर दिया। सरकार के जवाब से असंतुष्ट होने पर कांग्रेस विधायकों ने सदन से बहिर्गमन किया।

प्रश्नकाल के दौरान, कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने रायगढ़ जिले में संचालित उन कारखानों की जानकारी मांगी, जिनसे फ्लाई ऐश निकलता है। कांग्रेस विधायक ने पूछा कि 2023-24, 2024-25 और 2025-26 में अवैध या बिना इजाजत फ्लाई ऐश डंपिंग के कितने मामले सामने आए और ऐसे मामलों में क्या कार्रवाई की गई। उमेश पटेल ने जिले में फ्लाई ऐश और कोयले की ढुलाई से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण को दूर करने के लिए कार्ययोजना तैयार करने और उसे लागू करने के बारे में भी जानकारी मांगी। वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि रायगढ़ जिला के अंतर्गत वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 में की अवधि में 24 ताप विद्युत संयंत्रों द्वारा राख का उपयोग भू-भराव, खदान भराव में किया जा रहा है। इन ताप विद्युत संयंत्रों में से छह ताप विद्युत संयंत्रों द्वारा स्वयं के निर्मित ऐश डाईक में भी अस्थायी रूप से राख का भंडारण किया जाता है।

### 49 मामले संज्ञान में आए

उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 में राख को अवैध या बिना अनुमति डंपिंग के 49 मामले मंडल के संज्ञान में आये हैं। मंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा आदेश के माध्यम से उद्योगों से कच्चे माल, उत्पाद, अपशिष्ट के सड़क मार्ग से परिवहन के दौरान प्रदूषण के रोकथाम के लिए मानक संचालन प्रक्रिया जारी किया गया है जो एक अगस्त 2024 से प्रभावी है। उद्योगों से निकलने वाले अपशिष्टों के परिवहन की निगरानी के लिए औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन और निगरानी प्रणाली संचालित की गई है, जो एक मई 2025 से प्रभावी है।

### जुर्माना लगाया जाता है

ओपी चौधरी ने बताया कि परिवहन के दौरान एसओपी का उल्लंघन होने पर उद्योगों पर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल जुर्माना लगाता है। मंत्री का जवाब सुनने के बाद उमेश पटेल ने आरोप लगाया कि रायगढ़ ज़िले के बोतल्दा और बनीपाथर गांवों जैसी जगहों पर सड़क के किनारे फ्लाई ऐश अभी भी फेंके जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि अधिकारी गलत जानकारी दे रहे हैं और वह इस मामले में पहले ही शिकायत कर चुके हैं।

## नए विश्वास के साथ आगे बढ़ रहे पुनर्वासित युवा, विधानसभा में देखी जनतांत्रिक प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

■ मुख्यधारा में लौटे युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए सरकार कर रही सतत प्रयास- साय

माओवाद की विचारधारा त्याग कर संविधान की राह अपनाने वाले 120 पुनर्वासित युवाओं के दल ने छत्तीसगढ़ विधानसभा पहुंचकर जनतांत्रिक प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। युवाओं ने सदन की कार्यवाही को करीब से देखा तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था की कार्यप्रणाली को समझा। विधानसभा का यह शैक्षणिक भ्रमण उनके लिए प्रेरणादायी और मार्गदर्शक अनुभव साबित हुआ। विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आत्मीय मुलाकात की। उन्होंने सभी का 'जय जोहार' के साथ स्वागत करते हुए कहा, पुनर्वास का निर्णय लेने वाले सभी साथियों का राज्य सरकार हृदय से अभिनंदन करती है। उन्होंने कहा, सरकार पुनर्वासित युवाओं की सुरक्षा और सम्मान का विशेष ध्यान रखेगी। उन्होंने कहा, राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि सभी पुनर्वासित युवा समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक जीवनयापन कर सकें और आत्मनिर्भर बनें।

### युवा समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनेंगे- विजय

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, जो युवा 'गन' तंत्र का रास्ता छोड़कर गणतंत्र की मुख्यधारा में लौटे हैं, उनका राज्य सरकार हृदय से स्वागत करती है। उन्होंने कहा, संविधान का मार्ग ही शांति, विकास और समृद्धि का मार्ग है। राज्य सरकार पुनर्वासित युवाओं के सम्मानजनक जीवन, रोजगार और कौशल विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि ये युवा समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनेंगे और अन्य लोगों को भी मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित करेंगे।

### शासन उनके साथ खड़ा

इस अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी, वन मंत्री केदार कश्यप, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, विधायक किरण देव तथा सुशांत शुक्ला ने भी पुनर्वासित युवाओं से मुलाकात कर उन्हें आश्वस्त किया कि शासन उनके साथ दृढ़ता से खड़ा है।

### सरेंडर नक्सलियों में चैतू और रूपेश दादा शामिल

सरेंडर किए 120 नक्सली जो आज विधानसभा की कार्यवाही देखने पहुंचे, इस दल में 66 पुरुष एवं 54 महिला प्रतिभागी शामिल रहे। इनमें कई पूर्व नक्सली लीडर भी शामिल हैं। साल 2013 जगदलपुर में हुए झीरम घाटी हमले का मास्टरमाइंड चैतू उर्फ श्याम दादा भी आज विधानसभा पहुंचा। इसने 3 महीने पहले ही आत्मसमर्पण किया था। वहीं, सतीश उर्फ रूपेश जो सेंट्रल कमेटी का मेंबर था, इस पर 1 करोड़ का इनाम भी था, इसने 210 साथियों के साथ जगदलपुर में सरेंडर किया था।

## ईकेवाईसी के बाद 4875 हितग्राहियों की राशि होल्ड, इनमें 1177 महिलाएं पलायन कर चुकीं

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

केंद्र सरकार की महतारी वंदन योजना के तहत रायपुर जिले में हर महीने 5 लाख 17 हजार 95 महिलाओं के बैंक खातों में एक हजार रुपए सहायता राशि के रूप में ट्रांसफर हो रहे हैं, वहीं ईकेवाइसी नहीं होने के कारण 4875 महिलाओं की राशि को होल्ड कर दिया गया है। जिन महिलाओं की राशि को होल्ड किया गया है, उनमें 1177 महिलाएं अपने दिए गए पते पर ही नहीं मिलीं, जिसके कारण विभाग ने इन महिलाओं को जिला या राज्य से पलायन कर चुकी हैं, ऐसा मानते हुए इनके नाम की सूची संचालनालय को भेजकर पोर्टल से हटाने के लिए अनुशंसा की है। इधर महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारी का कहना है कि ई-केवायसी कराने के लिए विभाग ने हितग्राहियों की सूची तैयार की है। इस सूची के तहत प्रत्येक हितग्राही को ई-केवाइसी कराना अनिवार्य है, जिन्होंने केवाइसी नहीं कराया है, उनकी राशि को होल्ड किया है।

### 33354 हितग्राहियों को कराना था ईकेवाइसी

विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिले में कुल 535850 महिलाओं के नाम महतारी वंदन योजना के तहत पंजीकृत हैं। इनमें से 33 हजार 354 हितग्राहियों को भौतिक सत्यापन करने के लिए उनके नाम की सूची ई-केवाइसी के लिए तैयार की गई। इन सभी हितग्राहियों को अनिवार्य रूप से ईकेवाइसी कराना था, लेकिन इनमें से 28 हजार हितग्राहियों ने ही ई-केवाइसी कराया है। शेष 4875 हितग्राहियों ने अब तक ईकेवाइसी नहीं कराया है। इसके कारण इन सभी हितग्राहियों को हर महीने योजना के तहत ट्रांसफर होने वाली राशि को होल्ड कर दिया है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार केवाईसी नहीं कराने वाली महिलाओं में 1177 अपने पते पर ही नहीं मिली। ये महिलाएं अपना ठिकाना बदल चुकी हैं। इन हितग्राहियों में कोई जिला तो कोई राज्य छोड़कर जा चुकी हैं। इनके अलावा ऐसी भी कुछ महिलाएं हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। अधिकारियों के अनुसार किसी भी ईकेवाइसी कराने की सुविधा चॉइस सेंटरों में दी गई है। कोई भी हितग्राही किसी भी चॉइस सेंटर में जाकर अपना ईकेवाइसी करा सकती है। ईकेवाइसी कराने में अगर किसी प्रकार की दिक्कत आ रही है, तो यह मान लिजिए हितग्राही का बायोमेट्रिक आधार अपडेट नहीं हुआ है, या बैंक खाता से आधार को जोड़ा नहीं गया है। आधार अपडेट के बाद बैंक में डीबीटी कराना अनिवार्य है।

### हटाने सूची संचालनालय भेजी

ईकेवाइसी नहीं होने के कारण 4875 हितग्राहियों की राशि को होल्ड किया है। भौतिक सत्यापन के दौरान 1177 महिलाएं अपने पते पर ही नहीं मिली हैं। वे सभी अपना ठिकाना बदल चुकी हैं। इनमें ज्यादातर महिलाएं जिला या राज्य छोड़कर जा चुकी हैं। पोर्टल से नाम हटाने के लिए इसकी सूची संचालनालय को भेजी गई है।

**– शैल ठाकुर,** जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर\

## यात्री नहीं... अब सुविधाएं भी हो रही हैं खराब सीबीडी स्टेशन में मेंटेनेंस के अभाव से बदहाली

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

ट्रेन परिचालन से रायपुर से नया रायपुर के बीच की दूरी तो कम हो गई है, लेकिन मेमू ट्रेन को अब भी रेलवे की कमाई के लिए पर्याप्त यात्री नहीं मिल रहे हैं। यह लोकल ट्रेन नया रायपुर स्थित मंत्रालय जाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती थी, लेकिन लोगों ने इसमें फिलहाल कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है। दूसरी ओर नया रायपुर के सीबीडी स्टेशन में यात्रियों की कमी के कारण अब जिम्मेदार अधिकारी जनसुविधाओं के रखरखाव पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। आलम यह है कि शौचालय गंदगी से भरे और बदहाल हो चुके हैं। स्टेशन के कमरों में मकड़ी के जाले लगे हैं और पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। हरिभूमि की टीम ने शुक्रवार को जब स्टेशन का जायजा लिया, तो वहां चारों ओर अव्यवस्था नजर आई। वर्तमान में स्टेशन के संचालन और मेंटेनेंस की जिम्मेदारी भी स्पष्ट नहीं है, क्योंकि एनआरडीए और रेलवे के बीच अब तक रखरखाव को लेकर कोई समझौता नहीं हुआ है। यही कारण है कि करोड़ों की लागत से बना यह आधुनिक स्टेशन अब उपेक्षा का शिकार होकर बदहाल हो रहा है।

मेंटेनेंस न होने से स्टेशन की सुविधाएं लगातार खराब हो रही हैं। शौचालयों में लंबे समय से सफाई नहीं हुई है। वॉशबेसिन के नीचे से पाइप गायब हैं और नलों में पानी नहीं आ रहा था। पानी के अभाव में स्टेशन पर गंदगी का अंबार लगा है। इसके अलावा, आरओ सिस्टम भी बंद पड़ा है। स्टेशन के प्रवेश द्वार पर धूल और कचरा जमा है, जिससे मेट्रो की तर्ज पर बने इस आधुनिक स्टेशन की सुंदरता खराब हो रही है।

## राष्ट्र से लेकर व्यक्तित्व निर्माण से परिचित कराते हैं कार्यशाला में

रायपुर। पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के रायपुर शहर जिला की कार्यशाला में मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मारकंडेय ने कहा, भाजपा के प्रशिक्षण में व्यक्तित्व निर्माण से संगठन निर्माण एवं संगठन से राष्ट्र निर्माण की विचारधारा से कार्यकर्ताओ को परिचित कराया जाता है। राष्ट्रवाद हमारे कार्यकर्ता के आचरण में दिखे ऐसे विषयों के साथ राष्ट्रीय स्तर से बूथ स्तर तक प्रशिक्षण दिया जाता है।

जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कार्यकर्ताओं से सकारात्मक विचार के साथ इस महाभियान में प्रशिक्षण को ग्रहण करने का आग्रह किया। द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. अवधेश जैन थे। प्रशिक्षण प्रभारी दिनेश सुंदरानी ने अध्यक्षता की । डॉ. अवधेश जैन ने सामाजिक समरसता,पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी से आत्मनिर्भर भारत एवं नागरिक कर्तव्य बोध जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार कार्यकर्ताओं के सामने रखे।


## साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल / जीएम / बीएसपीआर / भू.रा. / आमगाँव / 26 / 4339 — दिनांक 18.02.2026

### सूचना

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के अंतर्गत आमगांव ओपनकास्ट परियोजना हेतु ग्राम पटना के लिए अधिग्रहित भूमि से प्रभावित भूमिस्वामी एवं उनके नामित आश्रित / उम्मीदवार को एसईसीएल में रोजगार प्रदान करने हेतु एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर से स्वीकति प्राप्त किये जाने बावत् समाचार पत्र में प्रकाशन।

| क्र. | भूमिस्वामी का नाम / पिता का नाम धारा 9 (1) दिनांक 15.07.2006 | स्टेटमेंट 1ए के अनुसार भूमिस्वामी का नाम / पिता का नाम | क्र. | दस्तावेज | विभिन्न दस्तावेजों में भूमिस्वामी का नाम | रोजगार हेतु प्रस्तावित व्यक्ति का नाम | क्र. | दस्तावेज | रोजगार हेतु प्रस्तावित व्यक्ति का विभिन्न दस्तावजो में नाम | रिमार्क : जन्मतिथि, रोजगार पंजीयन क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | नाहरसिंह आ0 सिरदार, जाति-गोंड़ (आदिवासी) खसरा क्रमांक एवं रकबा हे0 में - 378-0.32, 796-0.53, 802-0.40, 962-0.14, 986-0.07, 1033-0.50, 1034-0.20, 1356-0.19, 978-0.08, 988-0.20, 1023-0.16 कुल 11 प्लाट, कुल रकबा 2.79 हे0 (6.894 एकड़) | नाहरसिंह आ0 सिरदार, जाति-गोंड़ (आदिवासी) खसरा क्रमांक एवं रकबा हे0 में - 378-0.32, 796-0.53, 802-0.40, 962-0.14, 978-0.08, 986-0.07, 988-0.20, 1023-0.16, 1033-0.50, 1034-0.20, 1356-0.19, कुल 11 प्लाट, कुल रकबा 2.79 हे0 (6.894 एकड़) | 1 | आधार कार्ड | हरकेश सिंह आ0 नाहर सिंह, मोहरमनिया पति नहर सिंह | 1. हरकेश सिंह आ नाहर सिंह, भूमिस्वामी से सम्बंध- नाहर सिंह का पुत्र 2. संजय कुमार सिंह आ. हरकेश सिंह, भूमिस्वामी से सम्बंध- नाहर सिंह का पोता 3. एक रोजगार के एवज में एक मुश्त राशि | 1 | आधार कार्ड | 1. हरकेश सिंह आ0 नाहर सिंह 2. संजय कुमार सिंह आ0 हरकेश सिंह | 1-01-06-1979 2- 08-10-2004 |
| | | | 2 | खसरा / बी-1 | हरकेश सिंह आ0 नाहर सिंह, मोहरमनिया पति नाहर सिंह, जाति-गोंड़ | | 2 | शिक्षा प्रमाण पत्र | 1- HARKESH SINGH S/o NAHAR SINGH 2- SANJAY KUMAR SINGH S/o HARKESH SINGH | 1- 01-06-1979 2- 08-10-2004 |
| | | | 3 | ऋण पुस्तिका | हरकेश सिंह आ0 नाहर सिंह, मोहरमनिया बेवा नाहर सिंह | | 3 | रोजगार पंजीयन | 1- HARKESH SINGH S/o NAHAR SINGH 2- SANJAY KUMAR SINGH S/o HARKESH SINGH | 1- CG25675524 2- CG25677667 |
| | | | 4 | मुआवजा पत्रक | नाहरसिंह आ0 सिरदार, जाति-गोंड़ | | 4 | जाति प्रमाण पत्र | 1. हरकेश सिंह आ0 नाहर सिंह 2. संजय कुमार सिंह आ0 हरकेश सिंह | |
| | | | 5 | वरियता सूची | नाहरसिंह आ0 सिरदार, जाति-गोंड़ | | 5 | निवास प्रमाण पत्र | 1. हरकेश सिंह आ0 नाहर सिंह 2. संजय कुमार सिंह आ0 हरकेश सिंह | |
| | | | 6 | वंशवृक्ष | हरकेश सिंह आ0 नाहर सिंह, मोहरमनिया बेवा नाहर सिंह | | 6 | वंशवृक्ष | 1. हरकेश सिंह आ0 नाहर सिंह 2. संजय कुमार सिंह आ0 हरकेश सिंह | |
| | | | | | | | 7 | राशन कार्ड | 1. हरकेश सिंह 2. संजय कुमार | |
| 2 | जगदीश सिंह आ0 जयकरण, जाति-गोंड़ (आदिवासी) खसरा क्रमांक एवं रकबा (हे0 में) 127-1.44, 766-0.10, 793-0.37, 800-0.03, 801-0.10, 815-0.18, 818-0.11, 854-0.18, 906-0.03 कुल प्लाट 09 कुल रकबा 2.54 हे0 (6.276 एकड़) | विरेन्द्र कुमार सिंह आ0 जगदीश सिंह, जाति - गोंड़ (आदिवासी) खसरा क्रमांक एवं रकबा (हे0 में) 127-1.44, 766-0.10, 793-0.37, 800-0.03, 801-0.10, 815-0.18, 818-0.11, 854-0.18, 906-0.03 कुल प्लाट 09 कुल रकबा 2.54 हे0 (6.276 एकड़) | 1 | आधार कार्ड | बिरेन्द्र कुमार सिंह आ0 जगदीश | 1. स्नेहा सिंह पुत्री बिरेन्द्र कुमार सिंह, भूमिस्वामी से सम्बंध - विरेन्द्र कुमार सिंह की पुत्री | 1 | आधार कार्ड | स्नेहा सिंह पुत्री बिरेन्द्र कुमार सिंह | 13-09-2003 |
| | | | 2 | खसरा / बी-1 | विरेन्द्र कुमार सिंह आ0 जगदीश सिंह | | 2 | शिक्षा प्रमाण पत्र | SNEHA SINGH D/o BIRENDRA SINGH | 13-09-2003 |
| | | | 3 | ऋण पुस्तिका | विरेन्द्र कुमार सिंह आ0 जगदीश सिंह | | 3 | रोजगार पंजीयन | SNEHA SINGH D/o BIRENDRA SINGH | CT261202320647 |
| | | | 4 | मुआवजा पत्रक | विरेन्द्र कुमार सिंह आ0 जगदीश सिंह, जाति-गोंड़ | | 4 | जाति प्रमाण पत्र | स्नेहा सिंह आ0 वीरेन्द्र सिंह | |
| | | | 5 | वरियता सूची | जगदीश सिंह आ0 जयकरण, जाति-गोंड़ | | 5 | निवास प्रमाण पत्र | स्नेहा सिंह आ0 वीरेन्द्र सिंह | |
| | | | 6 | वंशवृक्ष | विरेन्द्र कुमार सिंह आ0 जगदीश | | 6 | वंशवृक्ष | स्नेहा सिंह पुत्री विरेन्द्र कुमार सिंह | |
| | | | | | | | 7 | राशन कार्ड | स्नेहा सिंह | |
| | गोविन्द आ0 प्यारसाय, जाति - गोंड़ (आदिवासी) खसरा क्रमांक एवं रकबा हे0 में - 423 / 1-0.40, 767 / 0.13, 805 / 3-0.09, 833-0.06, 852 / 3-0.11, 944 / 3-0.13, 1390 / 3-0.13 कुल 07 प्लाट, कुल रकबा 1.05 हे0 (2.595 एकड़) | गोविन्द आ0 पियारसाय, जाति - गोंड़ (आदिवासी) खसरा क्रमांक एवं रकबा हे0 में - 423 / 1-0.40, 767 / 0.13, 805 / 3-0.09, 833-0.06, 852 / 3-0.11, 944 / 3-0.13, 1390 / 3-0.13 कुल 07 प्लाट, कुल रकबा 1.05 हे0 (2.595 एकड़) | 1 | आधार कार्ड | ईया सिंह आ0 गोविन्द सिंह | 1. ईया सिंह आ0 गोविन्द सिंह, भूमिस्वामी से सम्बंध- गोविन्द का पुत्र | 1 | आधार कार्ड | ईया सिंह आ0 गोविन्द सिंह | 14-04-1988 |
| | | | 2 | खसरा / बी-1 | ईया सिंह आ0 गोविन्द, जाति-गोंड़ | | 2 | शिक्षा प्रमाण पत्र | EYA SINGH S/o GOVIND SINGH | 14-04-1988 |
| | | | 3 | ऋण पुस्तिका | ईया सिंह आ0 गोविन्द | | 3 | रोजगार पंजीयन | EYA SINGH S/o GOVIND SINGH | CG26120234047 |
| | | | 4 | मुआवजा पत्रक | गोविन्द आ0 पियारसाय, जाति-गोंड़ | | 4 | जाति प्रमाण पत्र | ईया सिंह आ0 गोविन्द राम गोंड़ | |
| | | | 5 | वरियता सूची | गोविन्द आ0 प्यारसाय, जाति-गोंड़ | | 5 | निवास प्रमाण पत्र | ईया सिंह आ0 गोबिन्द सिंह | |
| | | | 6 | वंशवृक्ष | ईया सिंह आ0 गोविन्द | | 6 | वंशवृक्ष | ईया सिंह आ0 गोविन्द | |
| | | | | | | | 7 | राशन कार्ड | ईया सिंह | |
| 3 | करम सिंह आ0 आनंदी, जाति-गोंड़ (आदिवासी) खसरा क्रमांक एवं रकबा हे0 में - 364 (पी) -0.21, 1474 / 1-0.05, 1498-0.15 कुल 03 प्लाट, कुल रकबा 0.41 हे0 (1.013 एकड़) | करम सिंह आ0 आनंदी, जाति-गोंड़ (आदिवासी) खसरा क्रमांक एवं रकबा हे0 में - 364 (पी) -0.21, 1474 / 1-0.05, 1498-0.15 कुल 03 प्लाट, कुल रकबा 0.41 हे0 (1.013 एकड़) | 1 | आधार कार्ड | हीरामनी पति छबिलाल, राजो बाई पति भीखाम सिंह, बिराजो बाई पति दबेर साय, पुनिया बाई पति करम साय | 1. हीरामनी पुत्री करम सिंह (पति छबिलाल) भूमिस्वामी से सम्बंध-करम सिंह की पुत्री | 1 | आधार कार्ड | हीरामनी पति छबिलाल | 01-01-1985 |
| | | | 2 | खसरा / बी-1 | हीरामनी, राजो, विराजो पिता करम सिंह, मु0 पुनिया बाई बेवा करम सिंह, जाति-गोंड़ | | 2 | शिक्षा प्रमाण पत्र | हीरामनी पति छवीलाल | 06-07-1985 |
| | | | 3 | ऋण पुस्तिका | हिरामनी पुत्री करम सिंह, राजो पुत्री करम सिंह, विराजो पुत्री करम सिंह, पुनिया बाई बेवा करम सिंह | | 3 | रोजगार पंजीयन | HEERAMANI W/o CHABILAL | CT26120235585 |
| | | | 4 | मुआवजा पत्रक | करम सिंह आ0 आनंदी, जाति-गोंड़ | | 4 | जाति प्रमाण पत्र | हिरामनी पिता करम सिंह | |
| | | | 5 | वरियता सूची | करम सिंह आ0 आनंदी, जाति-गोंड़ | | 5 | निवास प्रमाण पत्र | हिरामनी पति छबीलाल | |
| | | | 6 | वंशवृक्ष | हीरामनी पुत्री करम सिंह, राजो पुत्री करम सिंह, विराजो पुत्री करम सिंह, पुनिया बाई बेवा करम सिंह | | 6 | वंशवृक्ष | हीरामनी पुत्री करम सिंह (पति छबिलाल) | |
| | | | | | | | 7 | राशन कार्ड | हिरामनी | |
| 4 | सनमत जौजे नान्हकराम, जाति-गोंड़ (आदिवासी) खसरा क्रमांक एवं रकबा हे0 में - 1189-0.32 कुल 01 प्लाट, कुल रकबा 0.32 हे0 (0.791 एकड़) | सनमत जौजे नान्हकराम, जाति-गोंड़ (आदिवासी) खसरा क्रमांक एवं रकबा हे0 में - 1189-0.32 कुल 01 प्लाट, कुल रकबा 0.32 हे0 (0.791 एकड़) | 1 | आधार कार्ड | कौशिल्या देवी पति संतोष सिंह | 1. संजीव कुमार सिंह आ संतोष सिंह भूमिस्वामी से सम्बंध-सनमत का पोता | 1 | आधार कार्ड | संजीव कुमार सिंह आ0 संतोष सिंह | 17-07-1999 |
| | | | 2 | खसरा / बी-1 | कौसिल्या देवी पिता नान्हक राम, जाति-गोंड़ | | 2 | शिक्षा प्रमाण पत्र | SANJEEV KUMAR SINGH S/o SANTOSH SINGH | 17-07-1999 |
| | | | 3 | ऋण पुस्तिका | कौशिल्या देवी पुत्री नान्हक राम | | 3 | रोजगार पंजीयन | SANJEEV KUMAR SINGH S/o SANTOSH SINGH | CG26915904 |
| | | | 4 | मुआवजा पत्रक | सनमत जौजे नान्हकराम, जाति-गोंड़ | | 4 | जाति प्रमाण पत्र | संजीव कुमार सिंह आ0 संतोष सिंह | |
| | | | 5 | वरियता सूची | सनमत जौजे नान्हकराम, जाति-गोंड़ | | 5 | निवास प्रमाण पत्र | संजीव कुमार सिंह आ0 संतोष सिंह | |
| | | | 6 | वंशवृक्ष | कौशिल्या देवी पुत्री सनमेत (पति संतोष सिंह) | | 6 | वंशवृक्ष | संजीव कुमार सिंह आ0 संतोष सिंह | |
| | | | | | | | 7 | राशन कार्ड | संजीव कुमार सिंह | |
| 5 | शिवरतन आ0 धनी, विसम्भर आ0 धनी, शांति बेया धनी, जाति-घासिया खसरा क्रमांक एवं रकबा हे0 में - 131 / 9-0.06, 667-0.04, 1550-0.10 कुल 03 प्लाट, कुल रकबा 0.20 हे0 (0.494 एकड़) | शिवरतन आ0 धनी, विसम्भर आ0 धनी, शांति बेवा धनी, जाति-घासिया खसरा क्रमांक एवं रकबा हे0 में - 131 / 9-0.06, 667-0.04, 1550-0.10 कुल 03 प्लाट, कुल रकबा 0.20 हे0 (0.494 एकड़) | 1 | आधार कार्ड | शिवरतन आ धनी राम, विसम्भर आ. धनी राम | 1. बिन्देश्वर आ0 विसम्भर, भूमिस्वामी से सम्बंध-विसम्भर का पुत्र | 1 | आधार कार्ड | बिन्देश्वर राम आ0 विसम्भर | 18-07-1998 |
| | | | 2 | खसरा / बी-1 | शिवरतन आ0 धनी, विसम्भर आ0 धनी, जाति-घासिया | | 2 | शिक्षा प्रमाण पत्र | BINDESHWAR S/o BISAMBHAR | 18-07-1998 |
| | | | 3 | ऋण पुस्तिका | शिवरतन आ. धनी, विसम्भर आ धनी, | | 3 | रोजगार पंजीयन | BINDESHWAR S/o VISAMBHAR | CT261202319489 |
| | | | 4 | मुआवजा पत्रक | शिवरतन आ0 धनी, विसम्भर आ0 धनी, शांति बेवा धनी, जाति-घासिया | | 4 | जाति प्रमाण पत्र | विदेश्वर राम पिता विशम्भर राम | |
| | | | 5 | वरियता सूची | शिवरतन आ0 धनी, विसम्भर आ0 धनी, शांति बेवा धनी, जाति-घासिया | | 5 | निवास प्रमाण पत्र | विन्देश्वर राम पिता विसम्भर राम | |
| | | | 6 | वंशवृक्ष | शिवरतन आ0 धनी, विसम्भर आ0 धनी | | 6 | वंशवृक्ष | बिन्देश्वर आ0 विसम्भर | |
| | | | | | | | 7 | राशन कार्ड | बिदेश्वर राम | |

अतः किसी भी सम्बंधित व्यक्ति को इस पर आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजों / प्रमाण पत्रों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर व्यक्तिगत रुप से उपस्थित हो कर प्रस्तुत करें, अन्यथा समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी और ना ही स्वीकार किया जायेगा।

SECL/25-26/315

नोडल अधिकारी (भू.रा.), एसईसीएल, बिश्रामपुर क्षेत्र

# जैक डोर्सी की कंपनी ब्लॉक इंक ने रातों-रात 4,000 कर्मचारियों को निकाला

## कंपनी का मानना, भविष्य में लेबर प्रोडक्टिविटी का चेहरा बदलने वाला है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) नौकरियों को निगलने वाला कोई दानव बनता जा रहा है। ट्विटर के पूर्व सीईओ जैक डोर्सी की फिनटेक कंपनी ब्लॉक इंक भी अब एआई की वजह से अपने कर्मचारियों की संख्या आधी करने जा रही है। ब्लॉक इंक, जो पहले 'स्क्वायर' के नाम से जानी जाती थी, ने घोषणा की है कि वह अपने लगभग 4,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल रही है। कंपनी का मानना है कि भविष्य में लेबर प्रोडक्टिविटी का चेहरा पूरी तरह से बदलने वाला है और एआई इसमें केंद्रीय भूमिका निभाएगा।

### कंपनियां बदलाव स्वीकार करने में देर कर रही

कंपनी ने अपनी कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए 'गूज' नामक अपना खुद का एआई टूल विकसित किया है। डोर्सी का तर्क है कि जो काम पहले सैकड़ों लोग मिलकर करते थे, अब वे काम एआई टूल्स की मदद से बहुत कम समय और लागत में किए जा सकते हैं। विश्लेषकों के साथ बातचीत में जैक डोर्सी ने एक चौंकाने वाला दावा किया। उन्होंने कहा कि एआई के कारण होने वाले ये संरचनात्मक बदलाव अपरिहार्य हैं। डोर्सी ने कहा, "मुझे नहीं लगता कि हम यह कदम उठाने में बहुत जल्दी कर रहे हैं, बल्कि मेरा मानना है कि ज्यादातर कंपनियां इस बदलाव को स्वीकार करने में देर कर रही हैं।"



### कर्मचारियों के मन में असुरक्षा की भावना बढ़ रही

ब्लॉक इंक ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि एआई टूल्स किन विशिष्ट भूमिकाओं या विभागों को अनावश्यक बना रहे हैं। यह अस्पष्टता कर्मचारियों के मन में असुरक्षा की भावना को और गहरा कर रही है कि क्या उनकी स्किल्स कल के बाजार में प्रासंगिक भी रहेंगी या नहीं।

### कहीं एआई बस बहाना तो नहीं

इस भारी छंटनी ने विशेषज्ञों के बीच एक नई चिंता को जन्म दिया है। जहां अमेजन और सेल्सफोर्स जैसी दिग्गज कंपनियों ने भी हेडकाउंट घटाने के लिए एआई का हवाला दिया है, वहीं विश्लेषक सवाल उठा रहे हैं कि क्या वास्तव में एआई नौकरियों को प्रतिस्थापित कर रहा है या कंपनियां अपनी बैलेंस शीट सुधारने और लागत कम करने के लिए एआई को एक "सुविधाजनक बहाने" के रूप में इस्तेमाल कर रही हैं?

### शेयर उछला

जहां 4,000 लोगों के लिए यह खबर दुखद थी, वहीं शेयर बाजार ने इसका गर्मजोशी से स्वागत किया। घोषणा के बाद ब्लॉक के शेयरों में 27 प्रतिशथ तक का उछाल देखा गया। निवेशकों को लगता है कि कर्मचारियों पर होने वाले खर्च को कम करके और एआई पर निर्भरता बढ़ाकर कंपनी अपना मुनाफा बढ़ा सकती है। 2025 की शुरुआत से अब तक ब्लॉक के शेयर 40 प्रतिशत गिर चुके हैं, वहीं दूसरी तरफ कंपनी ने 10.36 अरब डॉलर का ग्रॉस प्रॉफिट दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### जियो फाइनेंशियल ने इकाई में 2000 करोड़ की पूंजी डाली

**नई दिल्ली।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लि. (जेएफएसएल) ने अपनी अनुषंगी कंपनी जियो क्रेडिट लि. में 2,000 करोड़ रुपये की पूंजी डाली है। इसका मकसद कंपनी के कारोबार वृद्धि के लिए कोष उपलब्ध कराना है। जेएफएसएल ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी जियो क्रेडिट लि. (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी) के 10 रुपये प्रति शेयर के 3,35,71,923 इक्विटी शेयर 585.70 रुपये प्रति शेयर के भाव पर नकद में खरीदे हैं। इससे जियो क्रेडिट को कुल 1,999.88 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं।

### दिग्गज एप्पल ने भारत में अपना छठा स्टोर खोला

**मुंबई।** उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स दिग्गज एप्पल ने यहां एक उपनगरीय शॉपिंग मॉल में एक स्टोर खोला, जिससे उसके फोन और अन्य उत्पादों की स्वीकार्यता में तेजी से वृद्धि के बीच देश में उसके कुल बिक्री केंद्रों की संख्या छह हो गयी है। अमेरिका स्थित आईफोन निर्माता ने बृहस्पतिवार दोपहर वित्तीय राजधानी में अपने दूसरे स्टोर के दरवाजे खोले तो वहां भारी भीड़ थी। कंपनी, जिसे शुरुआत में खुदरा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) पर नियमों को लेकर बाधाओं का सामना करना पड़ा।




### गौडियम का शेयर पांच प्रतिशत बढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** प्रजनन सेवाएं देने वाली गौडियम आईवीएफ एंड वीमेन हेल्थ लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 79 रुपये के मुकाबले पांच प्रतिशत की बढ़त के साथ शुक्रवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई और एनएसई दोनों पर शेयर 83 पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से पांच प्रतिशत अधिक है। इसमें 10.31 प्रतिशत की और तेजी आई और यह 87.15 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का बाजार मूल्य 585.93 करोड़ रुपये रहा।



### डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे टूटकर 90.99 पर बंद

**मुंबई।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी से शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे टूटकर 90.99 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशीमुद्रा कारोबारियों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की पूंजी निकासी और घरेलू शेयर बाजार में गिरावट से रुपये पर और दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 90.91 पर खुला और 90.91 से 91.06 के दायरे में घट-बढ़ के बाद अंत में 90.99 (अस्थायी) पर बंद हुआ।



### विदेशी मुद्रा भंडार में 2.11 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 2.11 अरब डॉलर घटकर 723.60 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पूर्व छह फरवरी को समाप्त सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 8.66 अरब डॉलर बढ़कर 725.72 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 20 फरवरी को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 1.03 अरब डॉलर घटकर 572.56 अरब डॉलर रहीं।



## विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी पर आयोजित वेबनार को किया संबोधित

# मोदी का भारतीय कंपनियों से निवेश करने बजट घोषणाओं का लाभ उठाने का आह्वान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय उद्योग से निवेश एवं नवाचार बढ़ाने का शुक्रवार को आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने आक्रामक पूंजीगत व्यय और बजट में लगातार अनुकूल नीतिगत माहौल बनाकर आधार तैयार कर दिया है और अब निजी क्षेत्र के लिए वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी वृद्धि के अगले चरण को आगे बढ़ाने का समय आ गया है। 'विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार एवं वित्त' विषय पर बजट के बाद आयोजित 'वेबिनार' को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय 11 वर्ष पहले दो लाख करोड़ रुपये था जो अब बढ़कर केंद्रीय बजट 2026-27 में 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

**भारतीय उद्योगों से निवेश और नवाचार बढ़ाने का आग्रह**

## सार्वजनिक पूंजीगत व्यय 11 वर्ष पहले दो लाख करोड़ रुपए था

### केंद्रीय बजट 12 लाख करोड़ रुपए से अधिक हुआ

पीएम ने कहा कि अधिक आवंटन बढ़कर केंद्रीय बजट 2026-27 में 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया और 2026-27 के बजट घोषणाओं का लाभ उठाने का संकेत देता है। मोदी ने कहा, '' भारतीय कंपनियों को नए निवेश एवं नवाचार के साथ आगे आना चाहिए। वित्तीय संस्थानों को व्यावहारिक समाधान तैयार करने और बाजार विश्वास बढ़ाने में सहयोग देना चाहिए।''



### मूल्यांकन की गुणवत्ता में सुधार करना होगा

पीएम ने सुधारों को ठोस परिणामों में तब्दील करने के लिए सरकार, उद्योग और ज्ञान क्षेत्र के भागीदारों के बीच घनिष्ठ सहयोग का आह्वान किया। मोदी ने कहा, '' हमें अवसंरचना में अधिक भागीदारी एवं वित्तीय मॉडल में नवाचार की आवश्यकता है... हमें परियोजना स्वीकृति पद्धतियों को मजबूत करना चाहिए और मूल्यांकन की गुणवत्ता में सुधार करना चाहिए।''

### निजी क्षेत्र ने अभी तक नहीं दिखाई एनिमल स्पिरिट

सरकार ने पिछले एक दशक में भारत की वृद्धि रणनीति को रिकॉर्ड स्तर के पूंजीगत व्यय के इर्द-गिर्द केंद्रित किया है। निजी निवेश को आकर्षित करने और मध्यम अवधि की उत्पादकता बढ़ाने के लिए राजमार्गों, रेलवे, बंदरगाहों, हवाई अड्डों, डिजिटल अवसंरचना तथा ऊर्जा नेटवर्क पर व्यय में तेज वृद्धि की गई है।

### रिफॉर्म पार्टनरशिप चार्टर बनाने का प्रस्ताव

मोदी ने 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य के तहत सरकार, उद्योग, वित्तीय संस्थानों और शिक्षाविदों के बीच सहयोग को औपचारिक रूप देने के लिए 'रिफॉर्म पार्टनरशिप चार्टर' बनाने का प्रस्ताव रखा। मोदी ने कहा कि जब सरकार, उद्योग और ज्ञान क्षेत्र से जुड़े लोग एक साथ आते हैं, तो '' सुधार परिणामों में बदलते हैं और कागज पर की गई घोषणाएं जमीनी स्तर पर उपलब्धियों में तब्दील होती हैं।''

### देश सुधार के मार्ग पर अग्रसर

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पिछले दशक में भारत की मजबूत क्षमता दृढ़ विश्वास-आधारित सुधारों और कारोबार सुगमता में निरंतर सुधार के प्रयासों से प्रेरित रही है। भारत ने प्रौद्योगिकी-आधारित सुशासन को अपनाया है, संस्थानों को मजबूत किया है और आज भी देश सुधारों के मार्ग पर अग्रसर है।


### क्रियान्वयन पर ध्यान देना जरूरी

पीएम ने कहा, '' सुधारों की तेज गति को बनाए रखने के लिए हमें केवल नीतिगत मंशा पर ही नहीं, बल्कि उत्कृष्ट क्रियान्वयन पर भी ध्यान देना होगा। सुधारों का मूल्यांकन उनके जमीनी प्रभाव के आधार पर होना चाहिए। पारदर्शिता, गति और जवाबदेही बढ़ाने के लिए हमें कृत्रिम मेधा, ब्लॉकचेन और डेटा एनालिटिक्स का व्यापक उपयोग करना चाहिए।''

# राज्य बड़े आकार के खेतों पर कर लगा सकते हैं : मोंटेक

## राज्य इस कर से अपनी वित्तीय स्थिति मजबूत कर सकते हैं

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद



अर्थशास्त्री मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने कहा है कि राज्य सरकारें अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए उन बड़े खेतों पर कर लगा सकती हैं जो विविधीकरण से उच्च आय अर्जित कर रहे हैं।

यहां 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट पर आयोजित एक सम्मेलन में पूर्ववर्ती योजना आयोग के वाइस चेयरमैन रह चुके अहलूवालिया ने कहा कि राज्य विविधीकृत कृषि पर कराधान से प्राप्त राजस्व पूरी तरह अपने पास रख सकते हैं। इसे केंद्र के साथ साझा करने की आवश्यकता नहीं होगी। सिंह ने कहा, '' वास्तविकता यह है कि संपूर्ण कृषि पर केंद्र कर नहीं लगा सकता और केवल राज्य ही कर लगा सकते हैं। क्या यह मान लिया जाए कि कृषि को हमेशा के लिए आयकर से मुक्त रखा जाना चाहिए, चाहे खेत का आकार कुछ भी हो? इसका बचाव करना बहुत कठिन है। अहलूवालिया ने कहा, यदि आपके पास विविध तरह के मध्यम आकार के खेत हैं तो वे निश्चित रूप से पर्याप्त उच्च आय उत्पन्न कर सकते हैं। आयकर की श्रेणी में आ सकते हैं। वह कर 100 प्रतिशत राज्यों को जाएगा।

### दक्षिणी राज्यों में जनसंख्या दर गिरी है

अर्थशास्त्री ने यह भी कहा कि कि अधिकांश देशों में मानव पूंजी...जिसमें बाल स्वास्थ्य, मातृ स्वास्थ्य, शिक्षा और संबंधित क्षेत्र शामिल है...राष्ट्रीय स्तर की तुलना में सरकार के निचले स्तरों से अधिक जुड़ी हुई है। उन्होंने भारतीय राज्यों में मौजूद असमानताओं का जिक्र करते हुए कहा कि दक्षिणी राज्यों ने उल्लेखनीय रूप से कम प्रजनन दर के कारण जनसंख्या वृद्धि में काफी कमी हासिल की है।

## प्रमाणन व जबावदेही आधारित व्यवस्था का प्रावधान

# विमान में खतरनाक वस्तुओं को ले जाने नए नियम लागू

एजेंसी ▶▶| मुंबई/नई दिल्ली

नागर विमानन मंत्रालय ने विमान में खतरनाक वस्तुओं को ले जाने के बारे में संशोधित नियम अधिसूचित कर दिए हैं। इनमें ऐसी वस्तुओं की साज-संभाल के लिए प्रमाणन-आधारित और जवाबदेही-आधारित व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। खतरनाक वस्तुओं से आशय उन वस्तुओं या पदार्थों से है जो स्वास्थ्य, सुरक्षा, संपत्ति या पर्यावरण के लिए जोखिम उत्पन्न कर सकते हैं। नियमों में खतरनाक वस्तु की आवाजाही की जानकारी देने संबंधी ढांचे को कड़ा किया गया है। ये नियम अघोषित या गलत जानकारी देकर खतरनाक वस्तुओं को विमान में लेकर जाने से जुड़े हैं।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को इन वस्तुओं के प्रबंधन में चूक के मामलों में जांच के आदेश देने का अधिकार मिला है। 'विमान (खतरनाक वस्तुओं का परिवहन) नियम, 2026' को हितधारकों से परामर्श के बाद 17 फरवरी को अधिसूचित किया गया।

विमानन उद्योग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि खतरनाक वस्तुओं के परिवहन से संबंधित 2003 के नियम पूर्ववर्ती विमान अधिनियम के तहत बनाए गए थे और मुख्यतः अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन के मानकों के अनुरूप परिचालन अनुपालन विनियमों के रूप में कार्य करते थे।

इस अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि नए नियम समग्र दृष्टिकोण को अनुपालन-उन्मुख ढांचे से हटाकर प्रमाणन-आधारित और जवाबदेही-आधारित व्यवस्था की ओर ले जाते हैं।



### तकनीकी निर्देशों का पालन करना होगा

नियमों के मुताबिक, '' कोई भी प्रेषक या उसका एजेंट हवाई परिवहन के लिए किसी भी खतरनाक वस्तु के पैकेज या 'ओवरपैक' की पेशकश तब तक नहीं करेगा जब तक यह सुनिश्चित न कर ले कि ऐसी खतरनाक वस्तुएं हवाई परिवहन के लिए निषिद्ध नहीं हैं और उन्हें तकनीकी निर्देशों में निर्दिष्ट शर्तों के अनुरूप सही ढंग से चिह्नित, वर्गीकृत, पैक और लेबल नहीं किया गया है।''

# केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा वर्ष के लक्ष्य का 63 प्रतिशत पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा जनवरी के अंत तक 9.8 लाख करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2025-26 के वार्षिक बजट लक्ष्य का 63 प्रतिशत है। शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 74.5 प्रतिशत था।

केंद्र सरकार का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 में राजकोषीय



घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.4 प्रतिशत, यानी 15.58 लाख करोड़ रुपये रहेगा।

महालेखा नियंत्रक (सीजीए) के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2026 तक केंद्र को कुल 27.08 लाख करोड़ रुपये प्राप्त हुए, जो संशोधित अनुमान (आरई) के तहत 2025-26 की कुल प्राप्तियों का 79.5 प्रतिशत है।

इसमें 20.94 लाख करोड़ रुपये का कर राजस्व, 5.57 लाख करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व और 57,129 करोड़ रुपये की गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं।

### सरकार का कुल व्यय 36.9 लाख करोड़ रहा

इसके अलावा, भारत सरकार का कुल व्यय 36.9 लाख करोड़ रुपये रहा, जो संशोधित अनुमान 2025-26 का 74.3 प्रतिशत है। इसमें से 28.47 लाख करोड़ रुपये राजस्व मद और 8.42 लाख करोड़ रुपये पूंजी मद में खर्च किए गए। कुल राजस्व व्यय में 9.88 लाख करोड़ रुपये ब्याज भुगतान और 3.54 लाख करोड़ रुपये प्रमुख सब्सिडी पर खर्च हुए।

# सोने में 1,800 रुपए की तेजी चांदी 2,500 रुपए लुढ़की

**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली से शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,800 रुपये बढ़कर 1,64,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।



दिल्ली में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार को 1,62,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि मिले-जुले वैश्विक संकेतों के बीच सोने की कीमत बढ़ी। बाजार में बढ़ते अमेरिकी व्यापार संरक्षणवाद और स्थिर डॉलर के मुकाबले पश्चिम एशिया में लगातार तनाव का असर है।''

उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक टकराव और शुल्क से जुड़ी अनिश्चितता ने सुरक्षित निवेश की मांग को जारी रखा। सराफा संघ के अनुसार, चांदी में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही।

## शोध संस्थान 'सेंटर फॉर डिजिटल इकॉनमी पॉलिसी रिसर्च' ने जारी की रिपोर्ट

# इलेक्ट्रिक दोपहिया कंपनियां लाभ का इस्तेमाल उत्पादन बढ़ाने में कर रही



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाहन क्षेत्र के लिए संचालित उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से स्वीकृत इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माताओं को उत्पादन पैमाना बढ़ा है लेकिन इससे प्रतिस्पर्धी ढांचे में असंतुलन भी पैदा हुआ है। शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया।

शोध संस्थान 'सेंटर फॉर डिजिटल इकॉनमी पॉलिसी रिसर्च' (सी-डीईपी) की यह रिपोर्ट कहती है कि पीएलआई योजना के दायरे में शामिल की गई कंपनियों को 13 से 16 प्रतिशत का अनुमानित लागत लाभ मिलता है, जिससे वे आक्रामक मूल्य निर्धारण और तेज क्षमता विस्तार कर पा रही हैं। हालांकि, कंपनियां इस लाभ का इस्तेमाल निर्यात-उन्मुख प्लेटफॉर्म विकसित करने के बजाय मुख्य रूप से घरेलू बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने में कर रही हैं। सी-डीईपी ने कहा कि गैर-पीएलआई इलेक्ट्रिक दोपहिया (ई2डब्ल्यू) विनिर्माताओं की वृद्धि दर वित्त वर्ष 2021-22 के 407 प्रतिशत के सकारात्मक स्तर से घटकर 2023-24 में 33 प्रतिशत नकारात्मक रह गई।

■ पीएलआई योजना में शामिल कंपनियों को 16 फीसदी लागत लाभ मिलता है

वित्त वर्ष 2024-25 में यह और भी गिरकर 11 प्रतिशत नकारात्मक हो गई। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि लागत अंतर ने बाजार संरचना को विकृत कर दिया है, जिससे पीएलआई लाभार्थी घरेलू बाजार हिस्सेदारी लगातार बढ़ा रहे हैं, जबकि शुरुआती चरण में बाजार विकसित करने में अहम भूमिका निभाने वाली नवाचार-आधारित कंपनियां हाशिये पर जा रही हैं।

### योजना उत्पादन बढ़ाने में मददगार

सी-डीईपी के अध्यक्ष जयजीत भट्टाचार्य ने कहा, /"मौजूदा स्वरूप में यह योजना उत्पादन बढ़ाने में मददगार है, लेकिन शोध एवं विकास (आरएंडडी) और नई प्रौद्योगिकी में निवेश करने वाली कंपनियों को अप्रत्यक्ष रूप से नुकसान पहुंचा सकती है।/"

## एक सामान्य पोस्ट ने सोशल मीडिया में बेहस छेड़ दी

# जोमैटो के नए स्टार्टअप में होना एथलीट सा फिटनेस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑनलाइन फूड डिलीवरी मंच जोमैटो के संस्थापक दीपिंदर गोयल के स्वास्थ्य-प्रौद्योगिकी स्टार्टअप 'टेम्पल' में भर्ती के लिए की गई एक असामान्य पोस्ट ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर चर्चा छेड़ दी।

गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह अपने नए उद्यम के लिए 'ऐसे एथलीट जो इंजीनियर और वैज्ञानिक भी हों' की तलाश कर रहे हैं। उन्होंने पात्रता मानदंड में पुरुषों के लिए बॉडी फैट (शरीर में वसा प्रतिशत) की मात्रा 16 प्रतिशत से कम और महिलाओं के लिए 26 प्रतिशत से कम होने की शर्त भी रखी।

### फिटनेस चाहने वाले ही आवेदन करे

गोयल ने इस पोस्ट में कहा कहा, /"हम उन लोगों के लिए उत्पाद बना रहे हैं जो अपने शरीर को चरम सीमा तक ले जाते हैं। हम सिर्फ उन्हें सेवा नहीं देना चाहते, खुद भी वैसा ही होना चाहते हैं। इसलिए केवल वही लोग आवेदन करें जो फिटनेस को गंभीरता से लेते हैं।/" उन्होंने कहा कि जो उम्मीदवार अभी बॉडी फैट के निर्धारित स्तर पर नहीं हैं, लेकिन तीन महीने में इसे हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, वे भी आवेदन कर सकते हैं।



### वियरेबल डिवाइस विकसित किया जा रहा

हालांकि तब तक वे टेम्पल में प्रोबेशन पर ही रहेंगे। गोयल ने कहा कि उनका स्टार्टअप टेम्पल 'शीर्ष स्तर के एथलीट' के लिए एक उन्नत पहनने-योग्य उपकरण (वियरेबल डिवाइस) विकसित कर रहा है। भर्ती भूमिकाओं में एनालॉग सिस्टम इंजीनियर से लेकर कम्प्यूटेशनल न्यूरोसाइंटिस्ट तक शामिल हैं।

### जोखिम वाले नए विचारों पर काम करना चाह रहे सीईओ

गोयल ने पिछले महीने ही जोमैटो एवं ब्लिंकिट की मूल कंपनी इटर्नल के प्रबंध निदेशक और समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पद से इस्तीफा दे दिया था। उस समय गोयल ने कहा था कि वह /"उच्च जोखिम वाले नये विचारों और प्रयोगों/" पर काम करना चाहते हैं। इस संबंध में प्रतिक्रिया के लिए जोमैटो के प्रवक्ता को भेजे गए ईमेल फिलहाल कोई जवाब नहीं आया।

### फिटनेस उत्पाद बनाने एथलीट इंजीनियर जरूरी नहीं

एक उपयोगकर्ता ने कहा, /"मजेदार बात यह है कि 16 प्रतिशत से कम बॉडी फैट पाने के लिए पुरुषों को जोमैटो ऐप का इस्तेमाल बंद करना होगा। एक अन्य उपयोगकर्ता ने बेहतरीन फिटनेस उत्पाद बनाने और बॉडी फैट प्रतिशत के बीच के संबंध पर सवाल उठाते हुए कहा कि कई उत्कृष्ट खेल प्रौद्योगिकी उत्पाद ऐसे इंजीनियरों ने बनाए हैं जो खुद आला दर्जे के एथलीट नहीं थे।

# छग सीमा के करीब ओडिशा में गांजे से हशीश तेल बनाने की फैक्ट्री

## 200 करोड़ का मामला खुला, रायपुर पुलिस ढूंढ रही सप्लाई चेन, ओडिशा से गांजा तस्करी का छत्तीसगढ़ बड़ा कॉरिडोर

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

■ धरपकड़ से तौर तरीका बदल रहे, लोकल नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही, राज्य में हर साल खप रहा सौ करोड़ का गांजा

दक्षिण ओडिशा के कोरापुट के घने जंगल में दो सौ करोड़ रुपए के गांजा से हशीश तेल बनाने अस्थाई उत्पादन यूनिट्स का भंडाफोड़ होने के बाद रायपुर पुलिस अलर्ट हो गई है। इसका बड़ा कारण रायपुर के साथ जगदलपुर, गरियाबंद जिला इंटर स्टेट गांजा तस्करों का एक प्रमुख कॉरिडोर है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के गांजा तस्करों का ओडिशा के तस्करों के साथ सीधा संबंध है। रायपुर पुलिस ने ओडिशा पुलिस को रैकेट में छत्तीसगढ़ का किसी तरह से लिंक मिलने पर जानकारी देने कहा है।

ओडिशा पुलिस ने विशेष ऑपरेशन कर दो सौ करोड़ रुपए के 1800 लीटर से ज्यादा हशीश तेल तथा पांच करोड़



रुपए से ज्यादा कीमत का 1143 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया था। ओडिशा पुलिस ने अपनी इस कार्रवाई में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस रेड के बाद अन्य आरोपी फरार हैं। हशीश तेल बनाने की फैक्ट्री ओडिशा-आंध्रप्रदेश सीमांत पर स्थित पडुआ थाना अंतर्गत झोलापुट के पास घने जंगल में संचालित हो रही थी। बताया जा रहा है, जहां हशीश तेल बनाने की फैक्ट्री संचालित हो रही थी, वह आंध्रप्रदेश सीमा के साथ छत्तीसगढ़ सरहद के काफी करीब है।

गांजा तस्करी को लेकर ओडिशा से लेकर छत्तीसगढ़ पुलिस की कार्रवाई पहले की तुलना में ज्यादा तेज हो गई है। इसके साथ केंद्रीय एजेंसी भी अलग से कार्रवाई कर रही है। इसके चलते तस्कर तस्करी करने का तरीका बदलकर मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं। पत्ता के रूप में होने से गांजा लोगों की नजर में आसानी से आ जाता है। इसके अलावा गांजा की पैकिंग करने में अलग से समय लगता है। गांजा दिखे नहीं इसलिए गांजा को दबाकर पैक किया जाता है। गांजा का तेल निकालने पर तेल को आसानी से तस्करी कर शीशी में भरकर एक जगह से दूसरी जगह तस्करी कर लाया ले जा सकता है। राजधानी सहित पड़ोसी जिलों में विगत कुछ वर्षों में सूखा नशा में गांजा के साथ अन्य तरह के सिंथेटिक नशा का प्रचलन बढ़ा है। पुलिस को आशंका है कि ओडिशा के गिरोह के साथ स्थानीय स्तर पर किसी ड्रग पैडलर का संपर्क हो सकता है। इसीलिए रायपुर पुलिस हशीश तेल जब्ती के मामले में लगातार संपर्क में है।

ओडिशा से छत्तीसगढ़ में गांजा तस्करी का बड़े पैमाने पर अवैध कारोबार हो रहा है। शासन द्वारा जारी आंकड़े के मुताबिक राज्य के अलग-अलग जिलों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वर्ष 2025 में 16 हजार 999.7 किलो गांजा जिसकी अनुमानित कीमत 34 करोड़ रुपए है, जब्त किया है। पुलिस ने जो कार्रवाई की है, वह आंकड़े राज्य शासन ने जारी किए हैं। इसके अलावा केंद्रीय एजेंसी ने गांजा तस्करी करने के मामले दर्ज किए हैं। कार्रवाई के विपरीत जो तस्कर गांजा लाकर खपा देते हैं, वह अलग है। अनुमान के मुताबिक ओडिशा से राज्य में हर साल सौ करोड़ रुपए से ज्यादा का गांजा तस्करी कर खपाया जा रहा है।

### जानकारी जुटाई जा रही

ओडिशा पुलिस ने हशीश तेल को लेकर जो कार्रवाई की है, उस संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है कि महासमुंद, गरियाबंद सहित रायपुर के तस्करों का किसी तरह से संपर्क तो नहीं है।

- **अमरेश मिश्रा**, रेंज आईजी

### लोकल लिंक मिलने पर कार्रवाई

ओडिशा पुलिस ने जो कार्रवाई की है, उसमें हम पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि तस्करों का लिंक रायपुर के गांजा सहित अन्य तरह के मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के साथ तो नहीं है। लोकल लिंक मिलने के बाद आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

- **डॉ. संजीव शुक्ला**, पुलिस कमिश्नर रायपुर

## खबर संक्षेप

### केजरीवाल बरी, आप ने कहा- यह संविधान की जीत

**रायपुर।** शराब नीति में कोर्ट द्वारा केजरीवाल और सिसोदिया को न्यायालय द्वारा बरी किए जाने को आम आदमी पार्टी ने संविधान की जीत बताया है। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की। आम आदमी पार्टी के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष उत्तम जायसवाल, देवलाल नरेटी व अभिषेक मिश्रा ने कहा कि यह सत्य और न्याय की ऐतिहासिक विजय है। यह सिर्फ दो नेताओं की जीत नहीं, बल्कि सच्चाई, संघर्ष और ईमानदार राजनीति की जीत है। आम आदमी पार्टी के लिए आज बहुत बड़ा दिन साबित हुआ है। जिस तरह पार्टी के बड़े नेताओं को षड्यंत्र करके झूठे केस में फसाया गया था, उस पर कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य है। आम आदमी पार्टी ने आंबेडकर चौक और घड़ी चौक में मिठाई बांटी। प्रदेश के अन्य जिलों में भी पार्टी कार्यालय में जश्न का महौल रहा। गौरतलब है, 21 मार्च 2024 को ईडी ने केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। तत्पश्चात 26 जून को सीबीआई ने जेल से ही हिरासत में लिया। 23 जुलाई 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई केस में उन्हें जमानती दी थी। लंबी सुनवाई के बाद न्यायालय ने केजरीवाल, मनीष सिसोदिया सहित 23 लोगों को बाइज्जत बरी किया है। पूर्व में भी मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में आप नेता व दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन को मई 2022 में ईडी ने गिरफ्तार किया था। सबूत ना होने के कारण 5 अगस्त 2025 को विशेष अदालत ने सत्येंद्र जैन को बरी कर दिया था।

### कनेक्टिंग फ्लाइट से जयपुर जाने वाले यात्री दिल्ली एयरपोर्ट में फंसे

**रायपुर।** कनेक्टिंग फ्लाइट की मदद से रायपुर से जयपुर की यात्रा करने वाले करीब तीन दर्जन यात्री दिल्ली एयरपोर्ट में फंस गए। दरअसल उन्हें रायपुर से दिल्ली लेकर फ्लाइट 2 घंटे लेट से पहुंची, तब तक जयपुर का विमान उड़ान भर चुका था। नाराज यात्रियों ने इसे लेकर दिल्ली विमानतल पर हंगामा कर दिया। यात्रियों के विरोध पर विमानन कंपनी ने 2000 क्षतिपूर्ति देने की बात कही, जिससे गुस्सा और भड़क गया। यात्रियों ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर निजी एयरलाइंस कंपनी पर मनमानी का आरोप लगाया है। जारी वीडियो के मुताबिक यात्रियों ने रायपुर से दिल्ली फिर जयपुर जाने के लिए फ्लाइट का टिकट 10 से 20 हजार रुपए देकर बुक कराया था। फ्लाइट में सवार होकर यात्री जब दिल्ली पहुंचे, तो उन्हें पता चला कि जिस फ्लाइट में उन्हें जयपुर की यात्रा करना है, वो रवाना हो चुकी है। वीडियो में यात्री अपना आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली-रायपुर की फ्लाइट निर्धारित समय से दो घंटे विलंब से पहुंची थी।

## अप्रैल से शुरू होगा शराब कारोबार का नया साल

# देशी- विदेशी शराब खरीदी के लिए सरकार ने मंगाया रेट ऑफर, बिक्री की कीमत तय करेगी सरकार

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ में देशी और विदेशी शराब की बिक्री सरकारी दुकानों से करवाने के लिए राज्य सरकार ने ग्लोबल टेंडर निकाला है। खास बात ये है कि शराब निर्माता कंपनिया जो रेट आफर करेंगी, सरकार उसमें कर व सेस जोड़कर फाइनल रेट तय करेगी। शराब की हर छोटी बड़ी बोतल पर सरकार द्वारा तय रिटेल सेलिंग प्राइज का लेबल चस्पा होगा। हर ग्राहक को इसी रेट पर शराब मिलेगी, लेकिन इससे पहले पीने-पिलाने के शौकीनों के लिए ये सुकून की बात है कि शराब की कीमत न फिलहाल घट रही है न बढ़ रही है। यह सब कुछ नए रेट आफर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही होगा।

राज्य सरकार के आबकारी प्रशासन ने देशी और विदेशी शराब के ब्रांड-लेवल के लिए ऑनलाइन ऑफर वर्ष 2026-27 के लिए मंगाए हैं। रेट ऑफर में देशी के लिए कहा गया है कि जिन कंपनियों,फर्मों,प्रोप्राइटरशिप के पास छत्तीसगढ़ के एक्साइज डिपार्टमेंट से छत्तीसगढ़ कंट्री स्पिरिट रूल्स, 1995 (जैसा बदला गया) के तहत जारी लाइसेंस है, वे 1 अप्रैल, 2026 से 31 मार्च, 2027 तक के समय के लिए देसी शराब (कंट्री लिकर) की सप्लाई के लिए एक्साइज़ कमिश्नर, छत्तीसगढ़ के साथ रेट कॉन्ट्रैक्ट कर सकते हैं। ऑनलाइन रेट ऑफ़र जमा करने की आखिरी तारीख है 14 मार्च 2026 को शाम 5:30 बजे तक रखी गई है। इसी क्रम में विदेशी मदिरा विनिर्माता या प्रदायकर्ता इकाईयों की विशेष जानकारी के लिए

### अभी रेट पर कोई बात नहीं, आफर के बाद तय होगा, हर बोतल और कार्टन पर होगा बार कोड



यह सूचना जारी की गई है कि, विदेशी मदिरा के थोक प्रदाय हेतु जारी रेट ऑफर अनुसार कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़ के ऑनलाईन पोर्टल पर 16 मार्च 2026 को समय 17:30 बजे तक रेट ऑफर आमंत्रित किया गया है, एवं 17 मार्च 2026 को पूर्वान्हः 11 बजे रेट ऑफर खोला जाना तय है। रेट ऑफर आमंत्रित किये जाने के पूर्व विदेशी मदिरा के विनिर्माता,प्रदायकर्ता इकाईयाँ कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़, जीएसटी भवन, नवा रायपुर अटल नगर में ऑनलाइन मॉड्यूल प्रदर्शन 2 मार्च को प्रातः 11 बजे तथा प्री-बिड मंत्रणा 9 मार्च को प्रातः 11:00 बजे आयोजित की गई है।

इस सौदे में खास बात ये है कि शराब निर्माता या सप्लायर कंपनियां रेट आफर में शराब की हर बोतल के लिए अपना रेट पेश करेगी। लेकिन अंतिम रूप से ग्राहक के हाथ में कितने रुपयों में बोतल आएगी यह सरकार तय करेगी। इस प्रक्रिया को रिटेल सेल प्राइस यानि आरएसपी कहा जाता है। रेट आफर में ही सरकार ने साफ किया है कि सप्लाई की जाने वाली हर बोतल के लेबल पर रिटेल सेलिंग प्राइस (आरएसपी) प्रिंट होना चाहिए। आरएसपी छत्तीसगढ़ सरकार तय करेगी।

ये भी साफ किया गया है कि बोतलों और कार्टन पर लगे लेबल में सारी जानकारी होनी चाहिए, चाहे वह ज़रूरी हो या नहीं और बाहरी कार्टन पर प्रिंट किए गए प्रोडक्ट की जानकारी इतनी साफ़ होनी चाहिए कि प्रोडक्ट की पहचान हो सके और प्रोडक्ट का बैच नंबर और मैन्युफैक्चरिंग डेट भी। 1-डी बारकोड प्रिंट करने के लिए पैकिंग कार्टन के दोनों तरफ काफ़ी खाली जगह होनी चाहिए। शराब की बोतलों पर लेबल इस तरह से चिपकाए जाने चाहिए कि वे हैंडल करते समय न निकलें। बैच नंबर के सैंपल करेंगे जमा, ताकि जांच हो सके। आबकारी विभाग के रेट आफर में कहा गया है कि हर रिडक्शन का एक अलग बैच नंबर होना चाहिए। हर रिडक्शन (बैच नंबर) के तीन सैंपल इकट्ठा किए जाएंगे और एक महीने तक संभालकर रखे जाएंगे, ताकि शराब की क्वालिटी के बारे में कोई शिकायत होने पर उन्हें टेस्ट किया जा सके।

# रायपुर ग्रामीण और पश्चिम में सबसे ज्यादा एक-एक लाख से ज्यादा वोटर्स के नाम कटे, अभनपुर में कम

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची से सबसे अधिक वोटरों के नाम रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से हटे हैं। यहां 1 लाख 34 हजार 116 के नाम एसआईआर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद हटाए गए हैं। इन वोटरों ने एसआईआर के दौरान मांगे गए प्रमाणिक दस्तावेज पेश नहीं किए हैं। हालांकि इस सूची में उन वोटरों के नाम भी शामिल हैं, जिनके द्वारा दस्तावेज पेश तो किए गए, लेकिन वे अधूरे हैं। इधर अभनपुर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची से 17 हजार 59 वोटरों को बाहर किया गया है, जो जिले के अन्य विधानसभा क्षेत्रों से हटाए गए वोटरों की तुलना में सबसे कम हैं।

एसआईआर के बाद अंतिम मतदाता सूची के अनुसार रायपुर जिले में 5 लाख से अधिक वोटरों के नाम हटा दिए गए हैं। इन वोटरों में वे भी शामिल हैं, जिनके द्वारा एसआईआर के फॉर्म के साथ जमा किए गए प्रमाणिक दस्तावेजों में

### एसआईआर का लेखा जोखा

कमी पाई गई थी। ऐसे वोटरों को नोटिस जारी कर सुनवाई में प्रमाणिक दस्तावेजों के साथ शामिल होने का अंतिम मौका दिया गया था। इसके बाद भी ये वोटर सुनवाई में नहीं पहुंचे। इधर 5 लाख से अधिक जिन वोटरों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, उनमें ऐसे वोटर भी हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है या फिर जिला या राज्य छोड़कर जा चुके हैं।

### मतदाता सूची में नाम शामिल करने फार्म-6 भरना होगा

जिन वोटरों के नाम एसआईआर के दौरान हटाए गए हैं। वे वोटरों फार्म-6 को भरकर तथा उसके साथ शपथ पत्र के साथ प्रमाणिक आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर जुड़ा सकता है। इस तरह वोटर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकता है। इसके अलावा कोई त्रुटि है या स्थानांतरण हुआ है तो फार्म-8 भरकर आवेदन

## बदमाशों की धमाचौकड़ी थमने का नाम नहीं ले रही, चाकूबाजी करने के साथ सार्वजनिक जगहों पर लहरा भी रहे

### देवेंद्र नगर में चाकूबाजी की घटना में युवक घायल, एमएलए रेस्ट हाउस के सामने मारपीट का वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

एक महीने के भीतर पुलिस ने गुंडे बदमाशों के खिलाफ पौने छह सौ प्रकरण दर्ज कर पौने सात सौ बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है। बावजूद इसके बदमाश सुधरने का नाम नहीं ले रहे। हिस्ट्रीशीटर तथा आदतन बदमाश पुलिस को चुनौती दे रहे। ऐसे ही पिछले तीन दिनों में तीन से चार आपराधिक घटनाएं हुई हैं। इनमें मारपीट करने के साथ चाकूबाजी, जानलेवा हमला करने के साथ सार्वजनिक स्थान पर चाकू लहराकर लोगों को आतंकित करने का मामला सामने आया है। कुछ मामलों का तो सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है।

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के लाखेनगर चौक के पास हिस्ट्रीशीटर सुनील नायक लोगों की आवाजाही के बीच खुलेआम किसी को चाकू लहराते हुए धमका रहा है। इस दौरान किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वीडियो वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने बदमाश की पहचान कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है।

देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह 11 बजे आपसी रंजिश पर एक युवक पर दो युवकों ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घटना पारस नगर शिव मंदिर के पास की है। तनुष सेन अपनी दोपहिया में बैठा था। शुभम निषाद तथा रोहित वर्मा शुभम के पास पहुंचे और किसी बात को लेकर विवाद करने लगे। इस बीच एक बदमाश ने तनुष के हाथ को पीछे से पकड़ लिया। दूसरा बदमाश उस पर चाकू से हमला करने लगा। चाकूबाजी से तनुष की पीठ, पेट तथा सिर पर जख्म आए हैं। पुलिस अपराध दर्ज कर बदमाशों की पतासाजी कर रही है।



### आपसी विवाद पर सिर पर तवे से जानलेवा हमला

उरला थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आवेश में आकर एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति के सिर पर लोहे के तवे से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना सरोरा स्थित महामाया नगर की है। पंकज त्रिपाठी का अपने पड़ोसी विपुल राय के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। विवाद के बीच पंकज ने तैश में आकर अपने हाथ में रखे लोहे के तवा से विपुल के सिर पर वार कर दिया। पुलिस ने पंकज के खिलाफ हत्या की कोशिश करने का अपराध दर्ज किया है।

### कैटरिंग में काम करने वाले आपस में भिड़ गए

तेलीबांधा थाना क्षेत्र स्थित एमएलए रेस्ट हाउस के पीछे कैटरिंग में काम करने वाले आधा दर्जन लड़के किसी बात को लेकर आपस में उलझ गए। लड़कों ने आपस में विवाद करते हुए एक दूसरे पर जमकर लात, घूंसे चलाते हुए लाठी से हमला किया। इस दौरान किसी ने कैटरिंग में काम करने वाले लड़कों का वीडिया बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। लड़कों की पहचान कर पुलिस ने सभी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है।

# भाजपा का कल तीन संभागों में प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

प्रदेश भाजपा से जुड़े नए पदाधिकारियों को भाजपा की रीति-नीति और कार्य पद्धति से अवगत कराने कि किस तरह से काम करना है, इसकी जानकारी देकर प्रदेश में लगातार मंडल, जिला स्तर पर कार्यशाला होगी। भाजपा प्रदेश संगठन के 28 नेता मुंबई से प्रशिक्षण लेकर वापस आ गए हैं। अब पहले चरण में प्रदेश के पांचों संभागों में भाजपा की प्रशिक्षण कार्यशाला होगी। रविवार को एक ही दिन तीन संभागों रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर में कार्यशाला होगी। पहले 28 फरवरी को दो संभागों की कार्यशाला तय की गई थी, लेकिन अभ इसमें बदलाव किया है। भाजपा की रीति-नीति से लेकर कार्य पद्धति सहित अलग-अलग 14 विषयों के लिए हर राज्य में मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं। छत्तीसगढ़ के 28 मास्टर ट्रेनरों को मुंबई की कार्यशाला में तैयार हैं। इन ट्रेनरों में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री यशवंत जैन, नवीन मार्कंडेय, अखिलेश सोनी के साथ प्रदेश के सांसद, विधायक और प्रदेश के नेता शामिल हैं। इनको अलग-अलग विषयों का ट्रेनर बनाया गया है।

अब संभाग स्तर पर कार्यशाला की तैयारी हो रही है। प्रदेश के पांचों संभाग में अलग-अलग दिन कार्यशाला होगी। इसमें जिलों के ट्रेनर तैयार किए जाएंगे। इसको सात विषयों का मास्टर ट्रेनर बनाया जाएगा। ये ट्रेनर मंडलों में जाकर प्रशिक्षण देंगे। जिलों में 11 विषयों का और प्रदेश स्तर पर सभी 14 विषयों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। संभाग स्तर का प्रशिक्षण पहले 28 फरवरी से प्रारंभ होने वाला था, लेकिन 28 फरवरी को प्रदेश भर में किसानों को धान के बोनस की राशि दिए जाने के कारण कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। ऐसे में अब तीन संभागों में एक मार्च और अंबिकापुर में दो मार्च को कार्यशाला होगी। अंतिम कार्यशाला 8 मार्च को दुर्ग संभाग में होगी।


**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति घरघोड़ा**
**छाल-रोड घरघोड़ा, जिला- रायगढ़ (छ.ग.)**
Email:- mandi.gharghoda@gmail.com, Webside:- www.samb.cg.gov.in
Telephone (Office):-07767-296297, Fax No.:-07767-296297

क्रमांक/मंडी/प्रकाशन/2025-26/ घरघोड़ा दिनांक.........

-: सेण्ड्रीशॉप की नीलामी सूचना :-

समस्त इच्छुक व्यापारी/व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मंडी समिति घरघोड़ा जिला-रायगढ़ के मूल मंडी प्रांगण में निर्मित सेण्ड्रीशाप क्रमांक 04 का नीलामी दिनांक 12.03.2026 दिन गुरुवार को दोपहर 02 बजे मंडी प्रांगण घरघोड़ा में किया जावेगा। नीलाम शर्तों में दी गई समस्त अभिलेख सहित कार्यालयीन समय में आवदेन दिनांक 10.03.2026 तक आमंत्रित किये जाते है।

शर्ते :- 1. सशर्त नीलामी स्वीकार नही की जावेगी। 2. दुकान हेतु अमानत की राशि 20,000/- निर्धारित किया गया है। जो प्रकाशन दिनांक से दिनांक 10.03.2026 दिन मंगलवार कार्यालयीन अवधि तक नगद/ड्रॉफ्ट/निफ्ट सचिव कृषि उपज मंडी समिति घरघोड़ा के नाम स्वीकार होगा। अमानत राशि निर्धारित अवधि के पश्चात जमा नही किया जावेगा। 3. एक व्यक्ति को एक ही दुकान आबंटित किया जावेगा। 4. जिस व्यक्ति के नाम से राशि जमा की जावेगी वह किसी कारण से नीलामी में उपस्थिति नही हो पाता तो अपने प्रतिनिधि 50/- के स्टॉम्प पेपर नोटरी कराकर उसके ओर से बोली लगाने हेतु नियुक्त कर सकता है। जिसे नीलाम होने के पूर्व सक्षम अधिकारी के पास जमा करना होगा। 5. दुकान का मासिक किराया राशि 1650/- प्रति माह होगा। 6. नीलामी की शासकीय बोली 50,000/- से प्रारंभ की जावेगी। 7. अन्य शर्ते कार्यालयीन अवधि में कृषि उपज मंडी समिति घरघोड़ा, जिला-रायगढ़ में देखे / अवलोकन किया जा सकता है।

**(नारायण दास महंत)**
**सचिव कृषि उपज मंडी समिति घरघोड़ा जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**

**(डी.बी. राठिया)**
**भारसाधक अधिकारी, कृषि उपज मंडी समिति घरघोड़ा जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**



**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**

**बिजली बंद की सूचना**

सक्ती संभाग के अंतर्गत निम्न क्षेत्रों के समस्त सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 400 के.व्ही. रायगढ़-झारसुगड़ा सर्किट एक व तीन में रेल्वे क्रासिंग में आवश्यक सुधार कार्य करने बाबत 132 के.व्ही. रायगढ़-कोड़ातराई-सारंगढ़ लाईन तथा 132 के.व्ही. कोड़ातराई-जुर्डा एक व दो बंद होने के कारण निम्नानुसार विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। सम्मानीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिये खेद प्रकट करते हुए सहयोग की अपेक्षा है।

| क्र. | दिनांक/ दिन | समय | बंद होने वाले 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र का नाम | प्रभावित होने वाले क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 28.02.2026 शनिवार | सुबह 10.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक | 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र डभरा (राभांठा) | 132/33 के.व्ही उपकेन्द्र डभरा से संबद्ध 33 के.व्ही. फीडर तुलसीडीह, न्यू सखदा, डभरा एवं ओल्ड सुखदा से निकलने वाले समस्त 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र यथा तुलसीडीह, सकराली, सुखदा, चुरतेली, डभरा, कोटमी, धुरकोट एवं पेण्डरवां से संबंधित क्षेत्र एवं समस्त ग्राम। |

नोट:- आवश्कतानुसार तिथि एवं समयावधि घटायी या बढ़ायी जा सकती है।

*"ऊर्जा की बचत करें"*

*"विद्युत देयकों का भुगतान कर असुविधा से बचें"*

सं. 47046

**कार्यपालन यंत्री (सं./सं.) संभाग**
**छ.स्टे.पॉ.डि.कं. लिमि.: सक्ती**


### स्वच्छता सर्वेक्षण लीग की तैयारी तेज टूल किट की दी गई जानकारी

**रायपुर।** आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को सार्थक स्वरूप देने के लिए छत्तीसगढ़ स्वच्छता लीग की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में बिरगांव निगम कार्यालय में शुक्रवार को टूल किट संबंधी जानकारी देने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इसमें अधिकारियों और सभी कर्मचारियों ने भाग लिया। स्वच्छता सर्वेक्षण के 10वें संस्करण की तैयारी जमीनी स्तर तेज करने से पहले नई टूल किट जारी की गई। इस बार का मुख्य फोकस 'बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ' थीम, डेटा संचालित मूल्यांकन, लोगों की सहभागिता और गारबेज फ्री सिटी व ओडीएफ प्रमाण पर आधारित है। सर्वे में गलत जानकारी देने पर नेगेटिव मार्किंग होगी। बिरगांव निगम कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में आयुक्त युगल किशोर उर्वशा, हेल्थ ऑफिसर कमल नारायण जंघेल एवं जिला समन्वयक विकास कुमार जांगड़े द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण की टूलकिट की जानकारी जमीनी अधिकारियों और कर्मचारियों को दी गई।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक 10628/न.पा.नि./2026 रायगढ़ दिनाँक 27/2/26

**।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सि.नि.क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत राशि रु (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 186413 | Construction Of B.T. Road Form Rajiv Nagar Dudh Dairy Ground Towards Sanjay Maidan Towards Rambhata To Ans Hotel Up To Vitanvilla At W.N. 01, 03, 04 Raigarh. | 180.02 | 20.03.2026 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**न.पा.नि. रायगढ़**



**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनी)

**बिजली बंद की सूचना**

सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, कि 33 के.व्ही. सरगंवा फीडर में आवश्यक रखरखाव होने के कारण निम्नलिखित क्षेत्रों में अंकित तिथि एवं समय पर विद्युत प्रवाह बन्द रहेगा। सम्माननीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

| क्र. | दिनांक | उपकेन्द्र का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 01.03.2026 (रविवार) दोपहर 12:00 बजे से अपरान्ह 4:00 बजे | 33 के.व्ही. सरगंवा | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र परसा से निकलने वाली समस्त 11 के.व्ही फीडर एवं 01 नग उच्च दाब उपभोक्ता (राज फ्लोर मिल) |

नोट- आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
- स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाएँ-
''विद्युत चोरी दण्डनीय अपराध है''

**कार्यपालन यंत्री (सं/स) संभाग**
**छ.स्टे.पॉ.डि.कं. लिमि.अंबिकापुर**



**छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी मर्यादित, अंबिकापुर**
**(छ.रा.वि.मं., की उत्तरदायी कम्पनी)**

**अपील**

सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं से अपील है कि अंबिकापुर (शहर) क्षेत्रान्तर्गत विद्युत व्यवस्था को सुदृण हेतु गली मोहल्ला के निम्नदाब लाईनो के खुले तारो के स्थान पर ए.बी. केबल लगा कर विद्यमान विद्युत ट्रांसफार्मर में डबल सर्किट से विद्युत आपूर्ति किये जाने का कार्य चल रहा है।

अतः समस्त अंबिकापुर (शहर) के सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं से अपील है कि खुले तारो के स्थान पर ए.बी.केबल लगाये जाने के कारण कही-कही विद्युत व्यवस्था अवरोध रहेगा, सम्मानीय विद्युत उपभोक्ता से सहयोग अपेक्षित है।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाएँ
-"विद्युत चोरी दण्डनीय अपराध है"-
असुविधा से बचने के लिए समय पर विद्युत बिल का भुगतान करे।

**कार्यपालन यंत्री (शहर) संभाग**
**छ.स्टे.पॉ.डि.क.लि., अंबिकापुर**

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### दिल्ली शराब घोटाले ....

आरोपों से बरी किया जाता है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने फैसला सुनाया कि शराब नीति के निर्माण में किसी भी तरह की आपराधिक साजिश या गड़बड़ी के सबूत नहीं है और बिना सबूत के आरोप सिद्ध नहीं हो सकते हैं। यह फैसला केजरीवाल और सिसोदिया के लिए बड़ी राहत है। **जांच अधिकारी के खिलाफ जांच की सिफारिश-** बार एंड बेंच के मुताबिक, राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने लोक सेवक कुलदीप सिंह (आबकारी उपायुक्त) को मामले में मुख्य आरोपी बनाने के लिए जांच अधिकारी के खिलाफ जांच का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा, मैं सिंह को आरोपी बनाए जाने के संबंध में विभागीय जांच की सिफारिश कर रहा हूं। कोई सबूत नहीं है। मैं दोहरा रहा हूं, कोई सबूत नहीं है, और आपने उसे आरोपी नंबर 1 के रूप में फंसाया है। **कोर्ट ने 'दक्षिण समूह' शब्द पर भी जताई आपत्ति-** कोर्ट ने सीबीआई की ओर से मामले में 'दक्षिण समूह' शब्द के प्रयोग करने पर भी आपत्ति जताते हुए कहा कि इस अभिव्यक्ति में पूरी तरह से स्पष्टता का अभाव है और मामले के रिकॉर्ड में इसका कोई उचित साक्ष्य आधार ही नहीं है। **केजरीवाल की पत्नी ने भी दी प्रतिक्रिया-** कोर्ट के इस फैसले पर केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'इस दुनिया में, कोई कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो जाए, शिव शक्ति से ऊपर नहीं उठ सकता। **अधिकारियों के आचरण की निंदा-** कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि जांच अधिकारी की जांच पूर्व नियोजित और सुनियोजित/" थी और सिंह के खिलाफ आरोप एक निष्पक्ष जांच का उद्देश्य नहीं, बल्कि एक पूर्वकल्पित कथा के अनुरूप गढ़े गए थे। कोर्ट ने जांच अधिकारी के उस निर्णय पर भी चिंता जताई, जिसमें उसने व्यक्तियों को संदिग्धों की सूची में रखते हुए, आरोपपत्र में अभियोजन पक्ष के गवाहों के रूप में बताया था। **मामले को मजबूत करने के लिए एक बयान का सहारा लिया- कोर्ट-** कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष के मामले को मजबूत करने के लिए अधिकारी ने एक व्यक्ति के बयान का सहारा लिया है, और मामला विफल रहता है तो उसी व्यक्ति को फंसाने का विकल्प भी सुरक्षित रखा है। कोर्ट ने आदेश दिया कि जवाबदेही तय करने और जांच तंत्र की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए दोषी सीबीआई अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही का आदेश दिया जा रहा है, ताकि जांच तंत्र की संस्थागत विश्वसनीयता बनी रहे।

**घोटाले के जनक केजरीवाल थे: भाजपा सांसद-** भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने केजरीवाल को बरी किए जाने पर कहा कि सभी जानते हैं कि ये दोनों (अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया) इस घोटाले के जनक थे। दिल्ली की जनता अच्छे से जानती है कि एक्साइज घोटाले के जनक अरविंद केजरीवाल थे। जिन लोगों को पकड़ा गया है, उनकी भी गवाही होगी। सभी जानते हैं कि ये लोग इस घोटाले के मास्टर माइंड थे।'

### मोदी और शाह ....

जेल में रखने और सिसोदिया को मनगढ़ंत आधार पर कैद रखने के लिए राजनीतिक प्रतिशोध लिया गया है। उन्होंने कहा, केजरीवाल का ईमानदार रवैया है। आज मुझे कोर्ट ने भी बोला है! यह रिहाई दैवीय न्याय है और सच्चाई को कोई भी द्वेषता और षड्यंत्र नहीं हरा सकता है।

### सीबीआई की जांच ....

शामिल नहीं किए गए, जिससे जांच के तरीके में संभावित कमियों का संकेत मिलता है। कोर्ट ने यह भी स्पष्टीकरण मांगा कि सीबीआई ने कैसे दावा किया कि आबकारी नीति पर 3 कानूनी विशेषज्ञों की राय उसके मामले का समर्थन करती है, जिससे एजेंसी द्वारा सामग्री की व्याख्या पर संदेह पैदा होता है।

### हरिभूमि -आईएनएच ....

के कैबिनेट मंत्री, सांसद, विधायकों के साथ ही जनप्रतिनिधियों और विपक्ष के नेताओं से चर्चा करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन सरगवां द पैलेस रिसॉर्ट में दोपहर 3 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री राम विचार नेताम, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक सीतापुर रामकुमार टोप्पो, विधायक लुंड्रा प्रबोध मिंज, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के साथ ही विपक्ष से प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, कांग्रेस नेता द्वितेंद्र मिश्रा, लक्ष्मी गुप्ता शामिल होंगे। सत्ता पक्ष और विपक्ष के जनप्रतिनिधियों के साथ क्षेत्र में पिछले दो सालों में किए गए विकास कार्यों, घोषणापत्र में किए गए वादों सहित ज्वलंत मुद्दों पर मंथन होगा। कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठ चिकित्सक व जीवन ज्योति हॉस्पिटल के संचालक डॉ. जेके सिंह, शिक्षाविद सेवानिवृत्त प्रोफेसर प्रो. वीके वर्मा, इतिहासकार व लेखक गोविन्द शर्मा, नशामुक्ति के लिए अभियान चलाने वाले समाज सेवी मंगल पाण्डेय से भी सामाजिक मुद्दों। को लेकर बात होगी। वहीं जिले के कलेक्टर अजीत वसंत व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल से प्रशासनिक स्थिति, जिले की कानून व्यवस्था सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### समाजसेवियों का ....

समाज सेवक दिनेश पाण्डेय, सरगवां द पैलेस रिसॉर्ट के प्रणेशतिवारी, साहित्यकार डॉ. पुष्पा सिंह, साहित्यकार प्रकाश कश्यप को सम्मानित किया जाएगा।

### रांग साइड से ....

जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार मृतक तखतपुर और मुंगेली क्षेत्र के रहने वाले थे। ये सभी गुरूवार-शुक्रवार की देर रात 2 बजे सम्बलपुरी के यादव ढाबा पर सालगिरह मनाने पहुंचे थे। लौटते समय यह भीषण हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सड़क पर रांग साइड और तेज रफ्तार से आ रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 11 बीडी9044 ने सामने से आ रही स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 04 एम क्यू 4220 को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए और ट्रेलर उछलकर पलट गया। स्कार्पियों में सवार 5 लोग बुरी तरह फंस गए। इस दौरान 4 लोगों की मौत मौके पर ही हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला। घायल युवक को गंभीर हालत में अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। ट्रेलर चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### मृतकों की हो ....

मुंगेली निवासी विशाल लहरे 25 पिता राजकुमार लहरे, बिरगहनी निवासी अनमोल लहरे 15 पिता संजय लहरे, कोटा निवासी देवेंद्र मिरी 28 की मौत हो चुकी है। मृतक आपस में रिश्तेदार थे और तखतपुर-मुंगेली क्षेत्र के रहने वाले थे। शुक्रवार की शाम तक मृतकों का पीएम कराया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### शिक्षक व व्याख्याता .....

द्वारा आकस्मिक रूप से अर्जी प्राप्त होगी। 2026 का वार्षिक कैलेंडर पिछले वर्ष ही जारी कर दिया गया था। उस वक्त स्कूल शिक्षा से शिक्षक भर्ती के लिए प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ था। अब प्रस्ताव प्राप्त होने की स्थिति में आरक्षित तिथियों में परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है।

### गरियाबंद में 26 साल पहले पांव...

सहित आत्मसमर्पण किया। इनमें एसडीके और सीनापाली क्षेत्रीय समितियों के सचिव, डिविजनल समिति सदस्य और पार्टी सदस्य शामिल थे। सभी ने रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा के समक्ष सरेंडर किया और एके-47, एसएलआर सहित 6 स्वचालित हथियार पुलिस को सौंपे। पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने बताया कि लगातार सुरक्षा दबाव और शासन की पुनर्वास नीति के प्रभाव से शेष सक्रिय माओवादी भी मुख्यधारा में लौट आए हैं।

### शर्मा बने बलौदाबाजार भाटापारा...

उनके वर्तमान कर्त्तव्यों के साथ आयुक्त सहकारिता एवं रजिस्ट्रार सहकारी समितियां का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। कुलदीप शर्मा रजिस्ट्रार सहकारी संस्थाएं तथा प्रबंध संचालक वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन को कलेक्टर जिला बलौदाबाजार भाटापारा के पद पर पदस्थ किया गया है। तीर्थराज अग्रवाल ओएसडी वन, कौशल विकास एवं सहकारिता को उप सचिव योजना एवं आर्थिक सांख्यकी के पद पर पदस्थ करते हुए उप सचिव धार्मिक न्यास विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। लीना कोसम परीक्षा नियंत्रक लोकसेवा आयोग, सौमिल रंजन चौबे को उप सचिव कृषि, बीरेंद्र बहादुर पंचभाई को अपर कलेक्टर नारायणपुर, सुमीत अग्रवाल आयुक्त नगर पालिका निगम दुर्ग, संदीप कुमार अग्रवाल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बिलासपुर, आशीष कुमार टिकरिहा ओएसडी वित्त मंत्री को प्रबंध संचालक छग वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के पद पर पदस्थकिया गया है। ऋषभ कुमार पराशर उप सचिव वित्त और तरूण कुमार किरण राज्य कर उपायुक्त को ओएसडी कलेक्टर कार्यालय कोरबा के पद पर पदस्थ किया गया है।

### अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी...

दाखिल करने को कहा। अदालत ने अग्रिम जमानत याचिका पर अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया जिसके मार्च के तीसरे सप्ताह में सुनाए जाने की संभावना है। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता इस मामले की जांच में पुलिस का सहयोग करेंगे।

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
छाती, एजर्ली एवं सांस से जुड़ी सभी बीमारियों का आधुनिक एवं विशेषज्ञ उपचार एक ही स्थान पर
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756


शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल रजि नं. 1721362 कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
HMS देखकर खरीदें
नकली माल से सावधान 94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

आवश्यकता है- होटल नटराज में काम करने के लिए अनुभवी हाउस कीपिंग एवं वेटर स्टाफ की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें होटल नटराज अग्रसेन चौक बिलासपुर 99778 61508 , 07752411112 (40078)

आवश्यकता है- टेलीकॉलर (युवती), मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव (युवक) एकाउंटिंग बीजी अनुभवी (युवती) की आवश्यकता है वेतन+ इंसेंटिव योग्यता अनुसार (1वर्ष अनुभवी) बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- AVS Enterprises सोलर कम्पनी सीएमडी चौक, बिलासपुर 7000410007 (40062)

आवश्यकता है- मोबाइल दुकान मे काम करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार समय सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक सम्पर्क करें- 9827491999 (40063)

आवश्यकता है- ड्राइवर, मजदूर/ वर्कर, एवं दर्जी (जो घर से काम कर सके, कपड़ा काटने, तकिया सिलना) सम्पर्क करें- खण्डेल कॉटन वेस्ट एंटरप्राइजेज, जोरापारा, सरकंडा, सीपत रोड, बिलासपुर 9993756005, 9109437273 (40064)

आवश्यकता है- हास्पिटल में नर्सिंग कार्य करने हेतु लड़कों की शीघ्र आवश्यकता है सम्पर्क करें-गजानन स्मृति चिकित्सालय नेहरू नगर बिलासपुर 7247000111 (40056)

आवश्यकता है- FMCG डिस्ट्रीब्यूटर (lays, कुरकुरे और अन्य) में इंटर्नशिप हेतु ऑफिस, सेल्स, गोदाम कार्य हेतु पुरुष, महिला स्टाफ की आवश्यकता है सम्पर्क करें- चोपड़ा बिल्डिंग FCI रोड तारबाहर, बिलासपुर 91119 70228 8959080574 (40057)

आवश्यकता है- Ocean Company में ऑफिस हेतु 10वीं से ग्रेजुएट लड़के, लड़कियां चाहिए उम्र 18 से 28, आय 10500 से 18000, रहना खाना, पता- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा, बिलासपुर, 88188 77406, 9644 433021, 07752-337082 (40053)

Required - Lions Public SCHOOl Kharhaekuda Madwarani Korba (C.G.) CBSE Affiliation No. 3330422 Requires PGT- 2 (Sports-Scout Guide, IT Head) TGT- 3 (SST, Sanskrit, Computer) PRT- 3 (Hindi, Maths, EVS) PPRT- 3 Office Staff- 02 Interview on 12 & 13 March 2026 Time 10 AM to 2 PM, Venue- Lions Public School Madwarani Dist. Korba (C.G.) English medium candidates qualified as per CBSE norms should only apply alongwith two recent photographs, with all the required testimonials before 8/3/2026 E mail at- lionspublic-schoolkharharkuda@gmail.com or Whatsapp 62612 97651 (20983)

आवश्यकता है- टीडीएस, जीएसटी, आडिट एवं एकाउण्ट संबंधित की जानकारी वाले एकाउण्टेंट की आवश्यकता है। आफिस पता बिल्हा, बिलासपुर सम्पर्क करें- 9329977330 (40066)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य करने के लिए (महिला/ युवती) कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है। वेतन 15000 से 20000 तक सम्पर्क करें- 8817395214 (40043)

**आवश्यकता है-प्लाईवुड शोरूम में सेल्स एंड मार्केटिंग पर्सन, ऑफिस कार्य हेतु टेलीकॉलर शिक्षित, लड़के, लड़कियां चाहिए। वेतन 10000 से 50000+ बोनस+ कमीशन +पेट्रोल, बाइक अनिवार्य। रिज्यूम व्हाट्स एप्प करें- 9608777772, अनुभवी उम्मीदवार ही सम्पर्क करें-एस.एस. प्लाईवुड महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर (561)**

आवश्यकता है- फैक्ट्री में फुल टाइम माल लोडिंग, अनलोडिंग हेतु शारीरिक रूप से स्वस्थ 18 से 40वर्ष के लड़के चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्रीशारदा इंडस्ट्रीज इंडस्ट्रीयल एरिया तिफरा बिलासपुर 78699 19759 (40058)

आवश्यकता है- एक अनुभवी नर्सिंग स्टाफ एवं रिसेप्शनिस्ट की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- स्किन क्योर क्लीनिक ग्राउंड फ्लोर, नारायण प्लाजा लिंक रोड बिलासपुर 95060 60404, 7828093301 (40050)

आवश्यकता है- कुरदुर वैली रिसार्ट बेलगहना बिलासपुर में उपप्रबंधक हेतु योग्य अनुभवी व्यक्ति चाहिए। वेतन 10000, बायोडाटा आइडी सहित पता- जयपाल टॉवर-2 शॉप नं.-8, स्टार चिल्ड्रन के पीछे, अग्रसेन चौक बिलासपुर 81030 02273 (40072)

आवश्यकता है- क्लासिक आइस वर्ल्ड में डिस्पैच हेतु चार, डिलीवरी हेतु ऑटो ड्राइवर एक चाहिए जिन्हें काम की जरूरत हो वहीं सम्पर्क करें- लक्ष्मी निवास के सामने लोधीपारा सरकंडा बिलासपुर 9827158819 (40055)

आवश्यकता है-होलसेल एवं दवाई दुकान में कार्य हेतु लड़के, ड्राईवर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्समैन माल लाने ले जाने हेतु आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7869797088, 8770939973 (40047)

आवश्यकता है-टेन्ट हाऊस में काम करने के लिए सुपरवाइजर की अतिशीघ्र आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 80019 75775 (2998)

आवश्यकता है-शहर के विभिन्न संस्थानों में दिन एवं रात ड्यूटी हेतु गार्ड एवं आफिस स्टाफ लड़का, लड़की चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार। बायोडाटा एवं आधार कार्ड के साथ सम्पर्क करें- 93006 72005, 9827192131 (1489)

आवश्यकता है-किराना दुकान मे कार्य करने हेतु 5 लड़कों की आवश्यकता है वेतन 4 अंको में सम्पर्क करें- सीपी किराना स्टोर D-71, राज कुमार राजेश कुमार के सामने, व्यापार विहार, बिलासपुर 9907178656 (548)

आवश्यकता है-मेडिकल दुकान में कार्य करने के लिए अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- जियाजी मेडिकल पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 7489874508, 8319774327 (40030)

आवश्यकता है- 1) दुकान में काम करने के लिए स्टाफ की जरूरत है। वेतन योग्यता अनुसार पताः श्री शंकर इंटरप्राइजेज (इलेक्ट्रॉनिक्स फर्नीचर शोरूम) तेलीपारा बिलासपुर संपर्क करेः- 9691169665 (550)

आवश्यकता है-चायपत्ती के पैंकिग कार्य लडकी, महिला, पुरुष, लडको की जरूरत है संपर्क- ट्रेडर्स नियर SBI ATM आकृति विहार अमली डीह रायपुर 746998000, 07714075490 (6682)

## बेचना है

बेचना है- सवा दो एकड़ खेती भूमि (फ्रंट 185 फिट) ग्राम मोहभट्ठा में सरगांव बस स्टैण्ड के पीछे से कड़ी जाने वाली पक्की रोड पर, बेचना है। खरीददार ही सम्पर्क करें- 8319133785 (40075)

बेचना है- न्यूनतम कीमत पर सर्वसुविधायुक्त स्वतंत्र मकान वास्तु अनुरूप बना, सेंट फ्रांसिस स्कूल से नजदीक, नेहरू चौक से 2km एवं रिंग रोड नं.2 से 500m दूरी अमेरी में सम्पर्क- 9575555811, 8103121458 (40076)

बेचना है- 10×14 दुकान मेन रोड पर मिशन हॉस्पिटल रोड राजू दोसा के सामने, दीदी गारमेन्ट लिखा (2) 12×16 श्रीराम प्लाजा सिटी कोतवाली पास सन्त कंवरराम मार्केट के सामने (12लाख) सम्पर्क- 8349711515 (40077)

बेचना है- देवरीखुर्द में 6000 वर्गफुट हॉल+ आंगन+ 17 कमरे का सर्वसुविधायुक्त ट्रिपल रोड कीमत 1.80 करोड़ एवं सिरगिट्टी गोविंद नगर में 1350 वर्गफुट डबल रोड प्लॉट 26लाख में। सम्पर्क करें- 7354288867 (40074)

**बेचना है-जूना बिलासपुर मेन रोड बालाजी सेल्स एवं रमेश थ्रेड के बीच में 215 वर्गफुट डबल स्टोरी स्वतंत्र दुकान सम्पर्क करें- प्रिन्स नावेल्टी गोल बाजार बिलासपुर 98271 68452 9300625174 9827466134 (3103)**

बेचना है- बिलासपुर की सबसे बड़ी आवासीय कालोनी यदुनन्दन नगर तिफरा के अन्दर मेन रोड पर 1500 वर्गफिट प्लाट पर बना डबल रोड 2BHK मकान+ 1दुकान+ गार्डन+ पार्किंग कीमत 51लाख सम्पर्क- 9826314444 (40068)

**बेचना है**
**बिलासपुर में मोपका से चिल्हाटी रोड साई विहार कालोनी में 3BHK रेडी पजेशन मकान बेचना है**
**सम्पर्क करें 9827404638 9039104638**

बेचना है- बिलासपुर रायपुर हाईवे में नांदघाट पुल के पहले 4.17 एकड़ जमीन फ्रंट 400, सीपत में हाईवे पर 8850 वर्गफुट प्लॉट, नया रायपुर के पास काठिया में 2 एकड़ भूमि सम्पर्क- 6399166000 (40059)

बेचना है- यदुनन्दन नगर तिफरा में TNCP प्लाट 40×60= 2400 वर्गफिट डबल रोड का सेमी कमर्शियल, बंगला, किराया चाल, कॉम्पलेक्स हेतु उत्तम बेचना है मूल्य 2000 रुपए प्रति वर्गफिट सम्पर्क करें- 98263 14444 (40067)

बेचना है- कमर्शियल/ आवासीय 71504 वर्गफीट प्लाट खमतराई बिलासपुर में, शिवम विहार कॉलोनी 30×55, सूर्या विहार विहार कॉलोनी के पास 44×80, नगोई बायपास के पास 60×58.2 प्लाट बेचना है। सम्पर्क- 9300878897, 9575788444 (40065)

बेचना है- रेसिडेंशियल प्लॉट, सीपत मेन रोड से 50 फिट अन्दर बहतराई रोड में सरकंडा थाना के पास बिलासपुर में 4160 वर्गफिट प्लॉट बेचना है वास्तविक खरीददार ही सम्पर्क करें- 7869193933 (40060)

बेचना है- लक्ष्मी निवास पुराना सरकंडा में शहर की सबसे शानदार लोकेशन पर 50×100= 5000 वर्गफुट आवासीय जमीन बेचना है केवल सक्षम खरीदार सम्पर्क करें- 7999798815 (40052)

बेचना है- सर्वमंगला पेट्रोल पम्प के पीछे आशा नगर उस्लापुर में डाइवर्टेड डबल स्टोरी का नक्शा पास भूमि 60×50 में 60फुट उत्तर मुखी फ्रंट 25फीट सीमेन्ट रोड पर बेचना है सम्पर्क- 93003 33519 (40061)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

हमारा अशियाना



## बेचना/किराया

बेचना/किराया- बिलासपुर में तिफरा में बने टाइल्स हब में बाहुबली टाइल्स, सिद्धीविनायक टाइल्स के पास सर्वसुविधायुक्त जगह बेचना है अथवा किराये पर उपलब्ध है । टाइल्स शोरूम हेतु उपयुक्त सम्पर्क करें- 9826191897 (40080)

## फायनेंस

फायनेंस- प्रगति फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस, पर्सनल, कृषि महिला समूह, मकान, दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड प्रति उपलब्ध (2% ब्याज), (30% छूट) संपर्कः- 7489545029 (549)

## कृषि उपकरण

कृषि उपकरण - 2/4 चक्का हाईड्रोलिक ट्राली, वाटर टेंकर 3000, 4500, 5000 लीटर, पैराकटीया मशीन, गेहूं थ्रेसर, धान थ्रेसर, ट्रेक्टर माडल एव, मोटर मॉडल सबसे कम दामों पर सभी कृषि उपकरण पुराना ट्राली एक्सचेंज ऑफर सम्पर्क- किसानएग्रो गतौरी रतनपुर रोड बिलासपुर 9827892413 7999789224 (40079)

## किराया

किराया- व्यापार विहार ग्वालानी चेंबर के थर्ड फ्लोर में 400 वर्गफीट ऑफिस, टॉयलेट, चेंबर, AC, फैन किराए से देना है 15,000+1000 मो. 98931 30580 (40069)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

Medicare Specialists



### हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# 10 साल बाद फिर आमना-सामना, वेस्टइंडीज पर ढिलाई नहीं बरतेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टीम अपने घर में खेलने के बावजूद वेस्टइंडीज को बिल्कुल भी हल्के में नहीं लेगी। इसकी वजह 2016 का टी20 विश्व कप सेमीफाइनल है, जिसमें भारतीय टीम को वेस्टइंडीज ने 7 विकेट से हराकर खिताब जीतने का सपना तोड़ दिया था।

31 मार्च 2016 को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हुए सेमीफाइनल में एमएस धोनी की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने विराट कोहली के नाबाद 47 गेंद पर बनाए 89 रन की मदद से 2 विकेट पर 192 रन बनाए थे। स्कोर कम नहीं था, लेकिन वेस्टइंडीज की मजबूत बल्लेबाजी ने इस स्कोर को बौना साबित कर दिया। लेंडल सिमंस के 51 गेंदों पर 5 छक्कों और 7 चौकों की मदद से खेली गई नाबाद 82 और आंद्रे रसेल के 20 गेंदों पर बनाए विस्फोटक 43 रनों की पारी के दम पर वेस्टइंडीज ने 19.4 ओवर में 3 विकेट पर 196 रन बनाकर न सिर्फ मैच जीता था बल्कि अपने घर में भारतीय टीम के विश्व कप जीतने का सपना तोड़ा था। वेस्टइंडीज इंग्लैंड को हराकर चैंपियन बनी थी। उस समय टीम के कप्तान रहे डेरन सैमी मौजूदा समय में टीम के हेड कोच हैं।

### हार का बदला लेने की कोशिश करेगी भारतीय टीम

1 मार्च को जब भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ कोलकाता के ईडन गार्डन में उतरेगी, तो निश्चित रूप से 10 साल पहले मिली हार का बदला लेने की कोशिश करेगी। भारत की 2016 वाली प्लेइंग इलेवन के दो खिलाड़ी, हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह, अगले मैच की प्लेइंग इलेवन का भी हिस्सा होंगे। ये दोनों खिलाड़ी वेस्टइंडीज के विश्व कप में चले आ रहे तूफानी और शानदार सफर को रोकने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।




### टीम इंडिया का सुपर-8 का आखिरी मुकाबला

*भारतीय क्रिकेट टीम टी20 विश्व कप में सुपर-8 का अपना आखिरी मुकाबला कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ 1 मार्च को खेलेगी। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए टीम इंडिया को इस मैच में जीत दर्ज करना ही होगा। वहीं, वेस्टइंडीज भी इस मैच में जीत हासिल कर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाना चाहेगी।*




### ग्रुप स्टेज में अजेय रही वेस्टइंडीज

वेस्टइंडीज ग्रुप स्टेज में अजेय रही थी। सुपर-8 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुरुवार को खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जबकि अपने पहले मैच में वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे को हराया था। वहीं, सुपर-8 का अपना पहला मैच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गंवाने वाली भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने मैच में 72 रन से जीत दर्ज की। 1 मार्च को भारत-वेस्टइंडीज के बीच होने वाला मुकाबला क्वार्टर फाइनल की तरह है। जीतने वाली टीम सेमीफाइनल का टिकट कटाएगी।

## खबर संक्षेप



### अभिषेक ने आलोचकों को चुप करा दियाः गावस्कर

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने टी20 विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ अर्धशतक लगाकर आलोचकों को चुप कराने के लिए अभिषेक शर्मा की सराहना की लेकिन साथ ही कहा कि उन्हें इस विस्फोटक बल्लेबाज को रक्षात्मक शॉट खेलते देखकर हैरानी हुई। अभिषेक इस टूर्नामेंट के दौरान अस्वस्थ भी रहे और तीन मैच में वह खाता भी नहीं खोल पाए। उन्होंने हालांकि जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत की 72 रन की जीत में 30 गेंदों में 55 रन बनाकर फॉर्म में वापसी का संकेत दिया। गावस्कर ने कहा, 'हम जानते हैं कि अभिषेक शर्मा कितने अच्छे बल्लेबाज। जिम्बाब्वे के खिलाफ 55 रन की इस पारी से उन्होंने अपने आलोचकों को चुप करा दिया।' अभिषेक ने अपना स्वाभाविक खेल खेलने से पहले कुछ समय लिया।

### अपने कौशल पर काम कर रहा हूंः अर्शदीप

**चेन्नई।** तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि वह परिस्थितियों से सामंजस्य से बिठाने और बल्लेबाजों पर हावी होने के लिए अब भी अपने सीनियर साथियों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज से सीख ले रहे हैं।



अर्शदीप ने कहा, 'मैं अपने गेंदबाजी समूह में सबसे युवा हूं। टीम मुझ पर भरोसा दिखाती है। अगर आपको पावर प्ले में दो ओवर फेंकने का मौका मिलता है तो विकेट लेने की संभावना बढ़ जाती है क्योंकि उस समय बल्लेबाज रन बनाने के लिए जोखिम भरे शॉट खेलने की कोशिश करते हैं।' उन्होंने कहा, 'मैं (गेंदबाजी कोच) मोर्ने (मोर्केल) के साथ इस पर काम कर रहा हूं कि मैं कैसे सक्रिय रह सकता हूं। मैं कैसे बल्लेबाजों पर हावी हो सकता हूं, परिस्थितियों के अनुसार खुद को कैसे ढाल सकता हूं और अपने खेल में कैसे बदलाव ला सकता हूं।

### टीम का प्रदर्शन महत्व रखता हैः रबाडा

**अहमदाबाद।** कैगिसो रबाडा टी20 विश्व कप में अभी तक वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जैसा वह चाहते थे लेकिन दक्षिण अफ्रीका का जीत का सिलसिला जारी है और इसलिए यह तेज गेंदबाज बड़े लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने से संतुष्ट है। दक्षिण अफ्रीका की गुरुवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ नौ विकेट से जीत के बाद रबाडा ने स्पष्ट किया कि व्यक्तिगत नहीं टीम का प्रदर्शन महत्व रखता है।



रबाडा ने कहा, 'यही क्रिकेट का खेल है। कई बार चीजें आपके पक्ष में होती है और कई बार नहीं। दुर्भाग्य से अभी ऐसा नहीं हो रहा है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम जीत रहे हैं।' 'दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी और युवा खिलाड़ियों के बीच अभी तक शानदार संतुलन देखने को मिला है और उन्होंने बहुत अच्छी तरह से तालमेल बिठाया है।

### इंग्लैंड ने जीते सुपर 8 के तीनों मैच, न्यूजीलैंड को दिया करारा झटका, जैक्स-रेहान की शानदार साझेदारी

# आखिरी 18 गेंद में पलटी बाजी, हारा हुआ मैच जीता इंग्लैंड, न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

टी20 वर्ल्ड कप में शुक्रवार को इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच सुपर-8 का मुकाबला कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला गया। मैच में इंग्लैंड ने 4 विकेट से जीत दर्ज कर की। टीम के लिए विल जैक्स व रेहान अहमद की जोड़ी ने सांतवें विकेट के लिए 44 (16 गेंद) रनों की साझेदारी से आखिरी 18 गेंदों में बाजी पलट दी। विल जैक्स ने 32* और रेहान ने 19* रन बनाए। इंग्लैंड को अंतिम 3 ओवर यानी 18 गेंदों में 43 रनों की दरकार थी। यहां से न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने बड़ी गलती करते हुए ग्लेन फिलिप्स को ओवर सौंप दिया। इंग्लैंड ने इस गलती का पूरा फायदा उठाते हुए ओवर से 22 रन बटोर लिए। इसके बाद अंतिम 2 ओवर में इंग्लैंड को जीत के लिए सिर्फ 21 रनों की दरकार थी। फिर 19वें ओवर में 16 रन आए। यहां से अंतिम ओवर में सिर्फ 5 रन चाहिए थे, जो आखिरी ओवर के 3 गेंदों में ही बन गए। इसके चलते सुपर -8 मे इंग्लैंड ने तीन में तीन मुकाबले जीतकर ग्रुप 2 में टॉप पर कब्जा जमाया हुआ है।

### पाकिस्तान को मिला फायदा

इस जीत के साथ इंग्लैंड ने पाकिस्तान को फायदा पहुंचाया। पाकिस्तान टीम अब सेमीफाइनल रेस में बरकरार है। पाकिस्तान को अपना आखिरी मुकाबला श्रीलंका के खिलाफ खेलना है, जिसमें जीत हासिल कर उनके पॉइंट्स न्यूजीलैंड के बराबर हो जाएंगे। अगर पाकिस्तान आखिरी मैच जीत लेता है, तो दोनों को 3-3 पॉइंट्स हो जाएंगे। इसके बाद बेहतर नेट रनरेट वाली टीम सेमीफाइनल में जगह बना लेगी।




### सीफर्ट और एलन ने दिलाई न्यूजीलैंड को ताबड़तोड़ शुरुआत

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट गंवाकर 159 रन बनाए। टीम को टिम सीफर्ट और फिन एलन ने ताबड़तोड़ शुरुआत दी। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 6.6 ओवर में 64 रन जोड़े। सीफर्ट ने 35 रन बनाए। वहीं, एलन ने 29 रनों का योगदान दिया। रचिन रविंद्र बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और 11 रन बनाकर आउट हुए। ग्लेन फिलिप्स ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 39 रन बनाए। डेरिल मिचेल सिर्फ 3 रन बनाकर आउट हुए, तो मार्क चैपमैन ने 15 रनों का योगदान दिया। कप्तान मिचेल सैंटनर 9 रन बनाकर नाबाद रहे। गेंदबाजी में इंग्लैंड की ओर से आदिल रशीद ने 4 ओवर के स्पेल में 28 रन खर्च करते हुए 2 विकेट निकाले। वहीं, विल जैक्स ने 23 रन देकर दो विकेट चटकाए। रेहान अहमद भी न्यूजीलैंड के दो बल्लेबाजों को पवेलियन भेजने में सफल रहे। इंग्लैंड के खिलाफ मिली हार के साथ ही न्यूजीलैंड की सेमीफाइनल में पहुंचने की राह मुश्किल हो गई है। कीवी टीम को अब यह दुआ करनी होगी कि शनिवार को होने वाले मुकाबले में श्रीलंका पाकिस्तान को हराने में सफल रहे।

### इंग्लैंड टीम की शुरुआत खराब

न्यूजीलैंड से मिले 160 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। फिल सॉल्ट महज 2 रन बनाकर मैट हेनरी का शिकार बने। जोस बटलर बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। ब्रूक 26 रन बनाकर आउट हुए, जबकि बेथेल 21 रन बनाकर पवेलियन लौटे। 58 रनों के स्कोर पर 4 विकेट गंवाने के बाद सैम करन और टॉम बैंटन ने मोर्चा संभाला और पांचवें विकेट के लिए 42 रन जोड़े। करन ने 24 रन बनाए, जबकि बैंटन 3 चौके और एक छक्के की मदद से 33 रन बनाकर आउट हुए। 117 रनों के स्कोर पर 6 विकेट गंवाकर इंग्लैंड की टीम मुश्किल में थी और जीत दूर जाती हुई दिख रही थी। हालांकि, विल जैक्स और रेहान अहमद ने सिर्फ 16 गेंदों में 44 रनों की अटूट साझेदारी निभाते हुए इंग्लैंड को 4 विकेट से जीत दिला दी। जैक्स ने सिर्फ 18 गेंदों का सामना करते हुए 32 रनों की नाबाद पारी खेली। विल जैक्स ने पारी के 18वें ओवर में ग्लेन फिलिप्स के खिलाफ 22 रन बनाए और यहीं से पूरा मुकाबला पलट गया। वहीं, रेहान ने 7 गेंदों में 19 रन बनाए और वह टीम को जीत दिलाकर लौटे। गेंदबाजी में न्यूजीलैंड की ओर से रचिन रविंद्र ने 19 रन देकर 3 विकेट निकाले, जबकि मैट हेनरी और फिलिप्स ने एक-एक विकेट चटकाया।

### 5 विकेट से दूसरा वनडे किया अपने नाम

# ऑस्ट्रेलिया ने 14 ओवर पहले ही चेज कर लिया टारगेट




**होबार्ट।** दूसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम ने भारत को 5 विकेट से हरा दिया। महिला टीमों की इस सीरीज में कंगारू टीम ने 3 एकदिवसीय मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त कायम कर ली है। होबार्ट में खेले गए इस मैच में भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 251 रन ही बना पाई थी। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 37वें ओवर में ही लक्ष्य को हासिल करके बड़ी जीत हासिल की।

पहले बल्लेबाजी करने आई टीम इंडिया के लिए प्रतिका रावल ने 52 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। स्मृति मंधाना ने 31 रन बनाए, वहीं जेमिमा रोड्रीग्स का बल्ला खामोश रहा, कप्तान हरमानप्रीत कौर ने जरूर 54 रनों का योगदान दिया। एक समय टीम इंडिया ने केवल 2 विकेट खोकर 100 रन बना लिए थे, लेकिन उसके बाद लगातार अंतराल पर विकेट गिरते रहे। नतीजन भारतीय बल्लेबाजी 251 रनों पर सिमट कर रह गई।

**लिचफील्ड और वॉल ने की 119 रनों की पार्टनरशिप-** 252 रनों के लक्ष्य का पीछा करने आई ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तान एलिसा हीली केवल 6 रन बनाकर आउट हो गईं। मगर दूसरे विकेट के लिए फीबी लिचफील्ड और जॉर्जिया वॉल ने 119 रनों की पार्टनरशिप कर भारतीय गेंदबाजी लाइन-अप की कमर तोड़ कर रख दी। लिचफील्ड ने 62 गेंदों में 80 रनों की पारी खेली। दूसरी ओर जॉर्जिया वॉल ने 82 गेंदों में 101 रन बनाकर कोहराम मचाया। बेथ मूनी ने भी 31 रनों का योगदान दिया।

### खराब बल्लेबाजी भारत को महंगी पड़ीः हरमनप्रीत

भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे में खराब बल्लेबाजी की वजह से उन्हें लगातार हार का सामना करना पड़ा। पिछले साल नवंबर में विश्व चैंपियन बनने के बाद यह भारतीय टीम की पहली 50 ओवर की श्रृंखला है। वनडे श्रृंखला के बाद एक टेस्ट भी खेला जाएगा। हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। एक समूह के तौर पर हमने तय किया कि पहले बल्लेबाजी करते हैं और 300 से ज्यादा का स्कोर बनाएंगे क्योंकि पिच पिछले मैच की पिच से कहीं बेहतर थी।' 'लेकिन बदकिस्मती से हमने फिर वही गलतियां कीं। हमने लगातार विकेट गंवाए और ज्यादा रन नहीं बना पाए।' हरमनप्रीत ने कहा, 'हम चाहे पहले बल्लेबाजी करें या लक्ष्य का पीछा करते हुए, हमें बहुत अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी क्योंकि जब भी हम अच्छी बल्लेबाजी करे हैं, हम अच्छी स्थिति में होते हैं।

### टी20 विश्व कप सुपर-8

# सम्मानजनक विदाई लेना चाहेगा श्रीलंका, बड़ी जीत पर पाकिस्तान की नजर



एजेंसी ▶▶| पाल्लेकल

अगर मगर की कठिन डगर पर फंसा पाकिस्तान सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीद को जीवंत रखने के लिए शनिवार को वाले टी20 विश्व कप सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत हासिल करने की कोशिश करेगा।

संघर्षरत श्रीलंका सम्मानजनक विदाई लेने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा। पाकिस्तान का प्रदर्शन अभी तक अच्छा नहीं रहा है और वह अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर है। इस ग्रुप से इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुका है जबकि न्यूजीलैंड और पाकिस्तान अंतिम चार में जगह बनाने की होड़ में हैं। श्रीलंका अपने पहले दो मैच हार कर पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है।

### बेहतर स्थिति में कीवी टीम

अगर पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की बात करें तो कीवी टीम बेहतर स्थिति में नजर आ रही है। न्यूजीलैंड के तीन अंक हैं और उसका नेट रन रेट (3.050) भी पाकिस्तान से बेहतर है।

### सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर श्रीलंका

श्रीलंका के पास अपने उत्साही प्रशंसकों को खुश करने का यह आखिरी मौका है लेकिन इसके लिए उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना पड़ेगा। श्रीलंका इस टूर्नामेंट का सह मेजबान है। पिछली बार जब 2011 में श्रीलंका सह-मेजबानी कर रहा था, तब वह उपविजेता रहा था।दासुन शनाका की टीम ने शानदार शुरुआत की और ग्रुप चरण में ऑस्ट्रेलिया को करारी शिकस्त देकर खिताब के दावेदारों में अपना नाम शामिल कर लिया था। लेकिन श्रीलंका उस जीत के बाद जिम्बाब्वे, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार तीन मैच हारकर सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पथुम निसांका का शतक सुदूर अतीत की किसी घटना जैसा लगता है, क्योंकि श्रीलंका खेल की प्रत्येक विभाग में जूझ रहा है।श्रीलंका की बल्लेबाजी में गहराई और दृढ़ता दोनों की कमी रही है, जिसके चलते वे नियमित रूप से जल्दी विकेट गंवाते रहे हैं और दबाव वाली परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं।

### हम विपक्षी गेंदबाजों में खौफ देखना चाहते हैं : तिलक वर्मा

**चेन्नई।** तिलक वर्मा ने कहा कि शुरू में विकेट गंवाने के बावजूद भारत मौजूदा टी20 विश्व कप में अपने आक्रामक रवैए पर कायम रहेगा क्योंकि इससे विपक्षी टीम के गेंदबाजों में खौफ पैदा होता है। तिलक ने कहा, ' हम बस ऐसा ही प्रदर्शन चाहते थे। हम एक टीम के रूप में अच्छा स्कोर बनाना चाहते थे। हमने इस पर चर्चा की कि अगर हम पावर प्ले में तीन या चार विकेट भी खो दें तब भी आक्रामक अंदाज में ही बल्लेबाजी करेंगे।' तिलक ने कहा, 'जब सलामी बल्लेबाज अच्छी शुरुआत देते हैं तो इससे तीसरे, चौथे और पांचवें नंबर के बल्लेबाजों का भी आत्मविश्वास बढ़ता है।

# रणजी ट्राफी फाइनल : जम्मू कश्मीर ने बनाई 477 रनों की बढ़त, कर्नाटक की उम्मीद खत्म

- जम्मू-कश्मीर की टीम ने पहली पारी में 584 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया

एजेंसी ▶▶| हुबली

जम्मू-कश्मीर की टीम ने शुभम पुंडीर की 121 रनों की शतकीय पारी की बदौलत पहली पारी में 584 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में केएल राहुल जैसे स्टार खिलाड़ियों से सजी कर्नाटक की टीम आकिब नबी (5 विकेट हॉल) की घातक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और पहली पारी में 293 रन पर ही सिमट गई। इसके बाद चौथे दिन के अंत तक जम्मू-कश्मीर ने दूसरी पारी में 4 विकेट पर 186 रन बना लिए और कर्नाटक पर 477 रनों की बड़ी बढ़त हासिल कर ली। अब जम्मू-कश्मीर इस मैच को ड्रॉ की ओर ले जाकर पहली पारी की बढ़त के आधार पर रणजी ट्रॉफी जीतना चाहेगी। वहीं कर्नाटक की जीत की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं।



### जम्मू-कश्मीर ने नहीं दिया फॉलोऑन


पहली पारी में बड़ी बढ़त हासिल करने के बावजूद जम्मू-कश्मीर ने फॉलोऑन नहीं दिया और दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी। सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल ने 160 गेंदों में 11 चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 94 रन बनाए। वह शतक से सिर्फ 6 रन दूर थे, तभी चौथे दिन का खेल समाप्त घोषित कर दिया गया। उनके साथ साहिल 16 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। इस तरह जम्मू-कश्मीर ने दूसरी पारी में 4 विकेट पर 186 रन बनाकर कुल 477 रनों की विशाल बढ़त हासिल कर ली। अब टीम ड्रॉ के जरिए रणजी ट्रॉफी का पहला खिताब अपने नाम करने की कोशिश करेगी।

### प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सवः मास्टर्स वर्ग का दूसरा दौर

# नीमन को हराकर अरविंद ने चौंकाया, गुकेश ने खेला ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| प्राग

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकूबोव के साथ अंक बांटकर एक और ड्रॉ खेला, लेकिन मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम ने प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के दूसरे दौर में अमेरिका के हैंस मोके नीमन को हराकर सबको चौंका दिया। गुकेश लगातार दूसरी बाजी में सफेद मोहरों से खेल रहे थे लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और उन्हें लगातार दूसरे दौर में अंक बांटने पड़े। उन्होंने पहले दौर में नीमन के साथ भी बाजी ड्रॉ खेली थी। अरविंद ने फिलिडोर डिफेंस अपनाने की अपनी नई पसंद को जारी रखा, जबकि नीमन ने सफेद मोहरों से शुरुआती बढ़त हासिल कर ली। यह बाजी जब महत्वपूर्ण मोड़ पर थी तब अमेरिकी खिलाड़ी के पास समय कम पड़ गया, जिसका अरविंद ने पूरा फायदा उठाकर जीत हासिल की। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से पहले दौर में मिली हार के बाद चेन्नई के इस खिलाड़ी के लिए यह जीत बेहद खुशी देने वाली थी।



### दिव्या ने युफ्फा के साथ ड्रॉ खेला

चैलेंजर्स वर्ग में ग्रैंडमास्टर और विश्व महिला कप विजेता दिव्या देशमुख ने स्पेन के डैनियल युफ्फा के साथ ड्रॉ खेला। इस वर्ग में खेल रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी सूर्य शेखर गांगुली ने डेनमार्क के जोनास बुहल बिएरे के साथ ड्रॉ खेलकर अपना खाता खोला।

### गुइजारो ने फोरस्ट को हराया

एक अन्य मैच में स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो ने नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरस्ट को हराया। अब जबकि सात दौर का खेल बाकी है तब अब्दुसत्तोरोव, याकूबोव और स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा 1.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। इन तीनों के बाद गुकेश, अरविंद, वैन फोरेस्ट और गुइजारो का नंबर आता है, जो उनसे आधे अंक से पीछे हैं। ईरान के परहम मगसूदलू, जर्मनी के शीर्ष वरीयता प्राप्त विंसेंट कीमर और नीमन ने 10 खिलाड़ियों के नौ दौर के टूर्नामेंट में अभी आधा अंक ही हासिल किया है।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com